e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 118

बुधवार

30.04.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

पहले लोग मरते थे और आत्मा भटकती थी, अब आत्मा मर चुकी है ओए लोग भटक रहे है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर** : भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में सोमवार देर रात एक युवक की पत्थर पटककर बेरहमी से हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विवाद को देख क्षेत्रीय जनों ने डायल-100 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की जिसे दबोच लिया गया पुलिस के अनुसार,देर रात करीब साढ़े 3 बजे सूचना मिलने पर टीम ग्राम खैरी पहुंची, जहां नाले के पास उन्हें रितिक शर्मा निवासी सहजपुर बड़खेरा मिला। पूछताछ में रितिक ने बताया कि वह श्याम सुंदर सोनी नामक व्यक्ति के साथ आया था। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद श्याम के विरोध करने और गाली देने पर रितिक ने गुस्से में आकर पत्थर पटककर उसकी हत्या कर दी और लाश को पास की झाड़ियों में छिपा दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियों के पीछे से श्याम सुंदर की खून से लथपथ लाश बरामद की, जिसके चेहरे,आंख, नाक,कान और सिर पर गहरे चोट के निशान थे। आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हिरासत में मौत के मामले में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने 1990 में हिरासत में मौत के मामले में दायर गुजरात के पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया।सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में संजीव भट्ट की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई करने का आदेश दिया। भट्ट को गुजरात के जामनगर में सेशंस कोर्ट ने नवंबर 1990 में जामजोधपुर निवासी प्रभुदास वैष्णानी की हिरासत में मौत के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गुजरात हाई कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित करने के लिए दायर याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ संजीव भट्ट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। घटना प्रभुदास माधवजी वैष्णानी की मृत्यु से संबंधित है, जो कथित तौर पर नवंबर 1990 में हिरासत में यातना के कारण हुई। उस समय भट्ट जामनगर में सहायक पुलिस अधीक्षक थे। संजीव भट्ट ने दूसरे अधिकारियों के साथ वैष्णानी समेत करीब 133 लोगों को भारत बंद के दौरान दंगा करने के आरोप में हिरासत में लिया था।

### पहलगाम आतंकी हमला में जान गंवाने वाले महाराष्ट्र के लोगों को मिलेगा 50 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी

**मुंबई** : पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का महौल है। इसी बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए छह महाराष्ट्र निवासियों के परिवारों को राज्य सरकार द्वारा 50-50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही फडणवीस ने यह भी बताया कि सरकार इन पीड़ित परिवारों को नौकरी भी प्रदान करेगी। बता दे कि बीते दिनों 22 अप्रैल मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिसमें अधिकतर पर्यटक थे। वहीं महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस की ओर से लिया गया यह फैसला कैबिनेट बैठक में आतंकवादी हमले में मारे गए नागरिकों के परिजनों को वित्तीय सहायता और रोजगार प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

**पेगासस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी : अगर देश आतंकियों की जासूसी करे तो इसमें गलत क्या है ?**

# देश की सुरक्षा से जुड़े किसी भी रिपोर्ट को नहीं करेंगे सार्वजनिक : सुप्रीम कोर्ट

**जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट पर सड़कों पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। एक याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वकील दिनेश द्विवेदी ने सुनवाई के दौरान कहा कि सवाल ये था कि क्या सरकार के पास स्पाइवेयर सॉफ्टवेयर है और क्या वह इसका इस्तेमाल कर सकती है? अगर सरकार के पास ये है तो कोई भी उन्हें इसका इस्तेमाल करने से नहीं रोक सकता।**



### क्या है मामला ?

पेगासस एक इस्राइली सॉफ्टवेयर है जिसे मोबाइल फोन को हैक कर निगरानी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। 2021 में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत में कई पत्रकारों, नेताओं, और सामाजिक कार्यकर्ताओं के फोन की जासूसी की गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए थे। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस मामले की जांच के लिए एक तकनीकी समिति और एक निगरानी समिति बनाई थी। तकनीकी समिति में साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक और नेटवर्क विशेषज्ञ - नवीन कुमार चौधरी, प्रभाहरण पी और अश्विन अनिल गुमास्ते शामिल हैं। वहीं इस जांच की निगरानी पूर्व न्यायाधीश आर वी रवींद्रन कर रहे हैं, जिनकी सहायता पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक जोशी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ संदीप ओबेरॉय कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- देश की सुरक्षा से जुड़ी रिपोर्ट को छुआ भी नहीं जाएगा

पीठ ने कहा कि कोई भी रिपोर्ट, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी हो, उसे छुआ नहीं जाएगा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर अगर कोई यह जानना चाहता है कि वह रिपोर्ट में शामिल है या नहीं, उसे इसकी जानकारी दी जा सकती है। लेकिन रिपोर्ट को ऐसा दस्तावेज नहीं बनाया जाएगा कि सड़कों पर भी इसकी चर्चा हो। अदालत ने कहा कि वे इस बात की जांच करेंगे कि किस हद तक तकनीकी समिति की रिपोर्ट को संबंधित व्यक्ति के साथ साझा किया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने मामले पर सुनवाई 30 जुलाई तक के लिए टाल दी।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पेगासस मामले में सुनवाई के दौरान इस बात पर हैरानी जताई कि अगर सरकार आतंकियों की जासूसी करा रही हैं तो इसमें गलत क्या है? साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे ऐसी किसी भी रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करेंगे, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी हो। हालांकि उन्होंने संकेत दिए कि वे निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं पर विचार कर सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट पर सड़कों पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। एक याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वकील दिनेश द्विवेदी ने सुनवाई के दौरान कहा कि सवाल ये था कि क्या सरकार के पास स्पाइवेयर सॉफ्टवेयर है और क्या वह इसका इस्तेमाल कर सकती है? अगर सरकार के पास ये है तो कोई भी उन्हें इसका इस्तेमाल करने से नहीं रोक सकता। इस पर पीठ ने कहा कि अगर देश आतंकियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर रहा है तो इसमें गलत क्या है? स्पाइवेयर रखना गलत नहीं है, ये किसके खिलाफ इस्तेमाल हो रहा है, सवाल इसका है। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। आम नागरिकों का संविधान के तहत निजता का अधिकार सुरक्षित किया जाएगा।

# शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ पीएम ने की बैठक

**बैठक में एनएसए, सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख रहे मौजूद**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि हमले के जिम्मेदार आतंकियों और उनके आकाओं को धरती के आखिरी कोने तक भी खोजकर सबसे सख्त सजा दी जाएगी। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था, क्योंकि पाकिस्तान का भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी।

**इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की।**

### केंद्र सरकार को मिला विपक्षी दलों का समर्थन

पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

# टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)** : लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा गांव के पास छापेमारी कर टीएसपीसी के पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र उरांव, निरंजन उरांव, बबलू यादव ,अशोक साहू तथा चतरा निवासी बालेश्वर उरांव शामिल है।मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा जंगल के पास कुछ लोग संदिग्ध अवस्था में जमा हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम गठित की गई और जंगल में छापेमारी की गई। पुलिस ने यहां चारों ओर से घेराबंदी कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक रिवाल्वर ,सात गोलियां समेत कई अन्य सामग्री बरामद हुए। गिरफ्तार लोगों की जब छानबीन की गई तो पता चला कि सभी लोग नक्सली संगठन टीएसपीसी के नक्सली हैं। डीएसपी ने बताया कि इन नक्सलियों की ओर से पिछले कई दिनों से एक संवेदक को धमकी देकर रंगदारी की मांग की जा रही थी। इस स्थल पर हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए नक्सली यहां जमा हुए थे। लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण नक्सलियों की योजना सफल नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के ऊपर पूर्व में भी कई हिंसक मामले दर्ज हैं। सभी नक्सलियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# छह लोगों के हत्यारे की फांसी की सजा को हाई कोर्ट ने रखा बरकरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : अपने ही परिवार के छह लोगों की निर्मम हत्या करने के एक मामले में फांसी की सजा पाए गांगो दास की क्रिमिनल अपील और फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलावार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने निचली अदालत की ओर से गांगो दास को सुनाए गए फांसी की सजा को कंफर्म किया है। इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर की संज्ञा में रखा है। साथ ही गांगो दास की अपील खारिज कर दी है।

कोर्ट ने अपराध की इस घटना को जघन्य और घृणित कार्य माना है। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, कोडरमा की की निचली अदालत में अक्टूबर 2024 में आरोपित गांगो दास को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गांगो दास ने इसे हाई कोर्ट ने चुनौती दी थी। कोडरमा की निचली अदालत में ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया था। घटना 26 नवंबर 2019 को हुई थी। उस समय नवलशाही थाना में पड़ोसी मदन दास के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। मदन दास ने दर्ज केस में बताया था कि 26 नवंबर 2019 की रात वह खाना खाकर सो गया था।


रात करीब 9:45 बजे उसका पड़ोसी गांगो दास शराब के नशे में हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया था और वह पत्नी शीला देवी से झगड़ा करने लगा था। इसी बीच गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया था। यही नहीं उसने अपनी पुत्री राधिका कुमारी (4) एवं पुत्र पीयूष कुमार(2) को भी चाकू और रड से मार दिया था। इससे घटनास्थल पर ही राधिका कुमारी एवं पीयूष कुमार की मौत हो गई थी। हल्ला गुल्ला सुनकर जब उसकी मां मसोमात शांति देवी बचाने आई तो उसे भी रड और चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।




# भारतीय सेना से जुड़े कई वेबसाइट्स हैक करने की पाकिस्तान ने किया नापाक कोशिश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : पाकिस्तान में बैठे हैकर अब इंडियन आर्मी से जुड़ी कई वेबसाइट्स को हैक करने की कोशिश की है जिसमें वे सफल नहीं हो पाए हैं। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता नजर आई है जिसके बाद पाकिस्तानी सेना हर दिन नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है। इसके बाद अब, पाकिस्तान भारत में कई आमजनों से जुड़ीं सुलभ कल्याण और शैक्षिक वेबसाइटों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान में बैठे ÷आईओके हैकर÷ के नाम से काम करने वाले इस ग्रुप ने भारत में कई वेबसाइट्स पर साइबर अटैक की कोशिश की है और ऑनलाइन



सेवाओं को बाधित करने और व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश की। भारत ने समय रहते पाकिस्तान की इस घुसपैठ का पता लगाया और सचेत हो गए।सूत्रों का कहना है कि हैकर्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल श्रीनगर और ऐप्स रानीखेत की वेबसाइट्स को भड़काऊ प्रचार के साथ निशाना बनाया गया। ऐप्स श्रीनगर को भी इस साइबर अटैक का सामना करना पड़ा। इसी तरह आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनाइजेशन डेटाबेस में सेंध लगाने का प्रयास भी पकड़ा गया, जबकि भारतीय वायुसेना प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन पोर्टल से समझौता करने का भी प्रयास किया गया। पता चलते ही इन सभी चारों साइटों को तुरंत अपने काबू में लिया गया और कार्रवाई की गई; हालांकि इससे किसी भी स्तर पर कोई परिचालन या नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ। पाकिस्तान ये खुद ही बता रहा है कि वह जब कुछ नहीं कर सकता तो हताश होकर ऐसे काम कर रहा है। भारतीय सेना अपने डिजिटल स्पेस की रक्षा करने, अपने साइबर रुख को लगातार उन्नत करने और सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद किए गए 48 रिसॉर्ट और कई पर्यटक स्थल

**एजेंसी**

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुरक्षा की चिंता के कारण दर्जनों रिसॉर्ट और कई मशहूर पर्यटक जगहों को बंद कर दिया है. हाल ही में पहलगाम में एक आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे.इसी वजह से यह फैसला लिया गया है.इस खूबसूरत इलाके में, जो अपनी शांत वादियों और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है, करीब 48 रिसॉर्ट बंद कर दिए गए हैं. दूधपात्री और वेरीनाग जैसे कई पर्यटन स्थल अब पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं.मिली जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर यह फैसला लिया है. कश्मीर में आतंकी हमलों की आशंका को लेकर खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी थी, इसी वजह से 87 में से 48 पर्यटक स्थानों को बंद कर दिया गया है. सूत्रों का कहना है कि पहलगाम में हुए हमले के बाद घाटी में कुछ छिपे हुए आतंकी स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं और उन्हें हमला करने के निर्देश मिले हैं.खुफिया जानकारी के अनुसार,पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा आतंकियों के घरों को उड़ाने का बदला लेने के लिए टीआरटी संगठन कुछ खास लोगों की हत्या और बड़े हमले की योजना बना रहा है.

**असर्फी कैंसर संस्थान**

Any Type, Any Stage

आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज

Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# सांसद और वित्त मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## जहां नक्सलियों का गढ़ था वहां तक सांसद ने विकास पहुंचाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कस्वां खांड के ग्राम तीसीबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पीएम जनमन योजना के तहत तीसीबार पुल से चेतमा पुलिस पिकेट तक लगभग 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि सड़क के निर्माण होने से ग्रामीण जनता को आवागमन सुगम होगी। पलामू जिला अंतर्गत आदिम जनजाति बाहुल्य गांव में पीएम जनमन योजना के तहत 39 सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। वर्तमान



पाटन मे पांच सड़कों का निर्माण कराया जाना है पलामू जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 75 सड़क का स्वीकृति केंद्र से मिला है। सांसद के प्रयास से सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कमरे आवश्यकता है वह भी जल्द बनेगी। साथी प्रधानमंत्री जन धन योजना पेज 2 के तहत चिन्हित कर केंद्र सरकार के अनुशंसा पर सड़क,स्कूल का निर्माण कराई जाएगी। साथ ही आदिम जनजाति बाहुल्य गांव बुका में बच्चों के बीच पठन पाठन की सामग्री एवं बिस्कुट, कॉपी बच्चों को दिया।इस अवसर पर युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहां की सड़क का निर्माण हो जाने से बूढ़ी, बुका, तिलैया होमिया जैसे गांव में आवागमन की सुविधा अब सुचारू रूप से होंगी। अब पहाड़ पर रहने वाले लोगों को अस्पताल,स्कूल बाजार जाने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी रोड के माध्यम से छतरपुर, सरैडीह के लोगों को पाटन आने में सुविधा के साथ समय की बचत होगी। सड़क निर्माण कार्य कंपनी को बताया की निर्माण गुणवत्तापूर्ण करेंगे।मोके पर पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कनीय अभियंता मनोज पांडे, सहायक अभियंता परितोष क्रिकेटा, सांसद प्रतिनिधि सह किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता, वरिष्ठ नेता ईश्वरी पाण्डेय, मुखिया अखिलेश पासवान, हरेंद्र सिंह, राजकमल तिवारी, शक्ति शंकर गुप्ता, सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# संविधान बचाओ महारैली को लेकर किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** मंगलवार को जेपी चौक स्थित तिवारी कम्पलैक्स परिसर में संविधान बचाओ महारैली की तैयारी को लेकर हुसैनाबाद ग्रामीण, मोहम्मदगंज, हैदरनगर प्रखंड मे बैठक की आयोजन किया गया बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लालू सिंह ने किया मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक विशिष्ट अतिथि प्रखंड पर्यवेक्षक अरविंद पासवान और धनंजय तिवारी उपस्थित हुए बैठक को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि आगामी 3 मई को होने वाली संविधान बचाओ महारैली अब 6 मई 2025 को होगा संविधान बचाओ महा रैली को सफल बनाने के लिए पलामू जिला के सभी प्रखंडों में लगातार बैठक की जा रही है बैठक में जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश के छात्रों युवाओं के साथ-साथ विभिन्न समुदाय के अधिकार का



हनन किया जा रहा है संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रहा है बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचलकर तानाशाही रवैया के साथ निर्गुण शासन प्रणाली अपनाई जा रही है हैदरनगर प्रखंड के पर्यवेक्षक अरविंद पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद के द्वारा न्यायपालिका को परोक्ष रूप से धमकाने की कोशिश की जा रही है संविधान की मूल प्रस्तावना को तार तार करने का प्रयास किया जा रहा है इसके विरोध में कांग्रेस खड़ी है कांग्रेस उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी कार्यक्रम का संचालन गुप्तेश्वर पांडे ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से धनंजय तिवारी अरविंद पासवान अवध बिहारी सिंह नवल किशोर पाठक मंसूर अहमद रागुराई यादव अर्जुन सिंह मताब आलम अंबिका सिंह रामसुंदर राम जोगिंदर सिंह यासीन अंसारी कामता सिंह देवाग शुक्ला यासिर यादव सौरव पांडे कचन राम विक्की तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# तेली समाज के लोगों ने भामाशाह का जयंती मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 15 ग्राम बैरियाडीह में तेली समाज के लोगों ने कमलेश गुप्ता के आवास पर दानवीर भामाशाह का 478 व जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से दानवीर भामाशाह के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में छतरपुर प्रखंड के तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने अपने विचार रखते हुए लोगों को कहा कि महाराणा प्रताप और दानवीर भामाशाह समाज एवं मातृभूमि के लिए सर्वस्व निछावर करने वाले महापुरुषों में विख्यात हैं इनसे प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ने की जरूरत है साथही कार्यक्रम के अंत में कश्मीर पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए हमले की घोर निंदा करते हुए इस घटना में बलिदान मृत आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और पर्यटकों की हत्यारे आतंकवादियों को जल्द से जल्द मौत की घाट उतारने की मांग की गई। कर्यक्रम मे प्रखंड तेली समाज के संरक्षक भारत साव, अध्यक्ष राजेंद्र साव, चंदन गुप्ता, अजीत गुप्ता, उमेश कमलेश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, विश्वनाथ साव, जितेंद्र कुमार गुप्ता, सुदामा साहू गोलू गुप्ता, जगदीश साहू, शिव शंकर साहू, लाली प्रसाद, अमलेश प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद सहित दर्जनों तेली समाज के लोगो उपस्थित रहे।

# गुरी में मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती समारोह

## क्षेत्र से काफी संख्या उपस्थित हुए गण्य मान लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम ऐन ऐच फोर लाइन किनारे रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट प्रकाश पुस्तकालय के द्वारा भगवान परशुराम की जयंती समारोह मनाई गई। मुख्य रूप से जयंती समारोह में ट्रस्ट के संस्थापक मिथिलेश मिश्रा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय उपस्थित थे। उपस्थित सभी गण्य मान्य लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्प माला चढ़ाई, वही उपस्थित कांग्रेसी नेता संतोष चौबे ने अपनी बातों को रखते हुए विस्तार से भगवान परशुराम की अवतार को लेकर विशेष प्रकाश डालते हुए बोला हम सभी लोगों के लिए गौरव की बात है, हम परशुराम के सभी वंशज है हमें इन्हें कभी भूलने की



जरूरत नहीं है इस जयंती को हम सभी को मिलकर धूमधाम से मनानी चाहिए। गांधी विचार मंच अध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय ने बोला जब जब धरती पर अधर्म बड़ा है तब तब पृथ्वी पर शांति स्थापित करने के लिए भगवान का जन्म होता है ऐसे ही हमारे भगवान परशुराम हैं। मौके पर उपस्थित, श्री कृष्णा तिवारी, सरयू प्रसाद पांडे, रमाकांत पांडे, विजय मिश्रा, सुरेंद्र पाठक, संजय उपाध्याय, शिव कुमार मिश्रा, पंकज निरौव, सोनू तिवारी, आकाश मिश्रा, सुनील मिश्रा, उमेश चंद्र मिश्रा, राधा कृष्ण मिश्रा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जिले के राशन कार्डधारियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के राशन कार्डधारियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।आगामी तीन दिनों में यह मियाद पूरी होने वाली है लेकिन अबतक 71.04 प्रतिशत ही ई-केवाईसी पूर्ण हो पाया है वर्तमान में 28.96 प्रतिशत लाभुक परिवार के सदस्य ऐसे हैं, जिनका ई-केवाईसी लंबित है इसमें पीवीटीजी परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।वहीं वित्त वर्ष 2024-25 अंतर्गत सोना-सोबरन धोती-साड़ी एवं लूंगी का वितरण भी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कर लिया जाना है लेकिन अबतक 86.61 प्रतिशत ही वितरण हो पाया है।अतः उपरोक्त दोनों ही कार्यों का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने को लेकर विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।सभी राशन डीलरों को ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने व धोती-साड़ी के वितरण से संबंधित सूची उपलब्ध करा दिया गया है।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनांक 28 व 29 अप्रैल को पंचायतवार/वार्डवार पंचायत भवन तथा निकाय क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में कैंप आयोजित कर प्राप्त सूची के अनुसार लाभुकों का ई-केवाईसी व वस्त्र वितरण का कार्य करेंगे।इस दौरान संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपने ईपॉश मशीन के साथ उपलब्ध रहेंगे।वही कैंप के आयोजन के पूर्व जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से लाभुकों के बीच कैंप आयोजित होने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

# गर्मी के मद्देनजर खराब जलमिनार एवं चापाकलों की स्थिति जानने गांव-गांव पहुंच रहे पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गर्मी के मद्देजर जिले में जल संकट दूर करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी सक्रिय हो गये हैं। पदाधिकारी गांव-गांव भ्रमण खराब चापाकल, नलकूपों एवं जलमीनारों की स्थिति जानने के प्रयास में जुट गए हैं। पदाधिकारी खराब जलमीनार एवं चपकालों की स्थिति जान समझकर उसकी सूची तैयार करते हुए मरम्मत करने की पहल शुरू कर दी है, ताकि आमलोगों को पेयजलापूर्ति आसानी से किया जा सके। गर्मी के दिनों में किसी को पेयजल की संकट उत्पन्न नहीं हो। पिछले दिनों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के सभी खराब जलमीनार एवं चपकालों को दुरुस्त करने का सख्त निदेश दिया था।



उपायुक्त ने 10 दिनों के अंदर जलापूर्ति योजनाओं के कार्य समीक्षा करते हुए पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है। इसके अनुपालन में पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल संकट के समाधान में पूरी तत्परता से जूट गये हैं, ताकि पंचायत में ग्रामीणों को पेयजल का प्रबंधन किया जा सके। सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो एवं अन्य पदाधिकारियों ने भ्रमण कर खराब चापाकलों को देखा। पदाधिकारियों ने चापाकल चलाकर भी देखा, जिसमें मामुली गड़बड़ियां समझ में आयी। पदाधिकारियों ने मुखिया सभी वार्ड और पंचायत सचिव के साथ बैठक कर इसे शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्णय लिया। वहीं पीडीएम डीलर द्वारा ई - केवाईसी कार्य किये जाने के कार्य का भी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निरीक्षण कर जानकारी ली। इसके साथ ही रविवार को छतरपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कनीय अभियंता कुंदन कुमार, स्थानीय मुखिया हरेंद्र सिंह ने काला पहाड़ पंचायत के ग्राम डुंडुर एवं नौडीहा पंचायत के पुरेलवा गांव के भूईया टोला का निरीक्षण कर वहां के ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। विशेष कर पानी की समस्यायों की जानकारी ली एवं उसके निदान हेतु कार्रवाई प्रारंभ की। साथ ही हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मियों ने महुदंड पंचायत के विभिन्न गांवों के खराब जलमीनार एवं चापाकल का निरीक्षण कर उसकी स्थिति से अवगत हुए। चापाकल और जलमीनार कब से एवं क्यों खराब पड़े हैं, इसकी जानकारी ली। साथ ही शीघ्र इसे ठीक करने हेतु पहल करने का आश्वासन स्थानीय ग्रामीणों को दिया। इसके अलावा उपायुक्त के निदेश के आलोक में अन्य प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी गांव पंचायतों का भ्रमण कर खराब जलमीनार एवं चापाकलों को दुरुस्त कराने की पहल में जुटे हैं।

# मनरेगा योजना में मजदूर के बदले जेसीबी से हो रहा हैं काम

## समाचार संकलन करने गये पत्रकारो के साथ महिला मेठ पति ने किया धक्का-मुक्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** इन दिनों सगमा प्रखंड में बीडीओ व बीपीओ के मिलीभगत से मनरेगा योजना में मेठ चांदी काट रहे है। मजदूरों के जगह जेसीबी से काम किया जा रहा है।वो भी रात के अंधेरे में डोभा का निर्माण किया जा रहा है।जिसका वीडियो वायरल होने के बाद जब स्थानीय पत्रकार वहां पहुचे तो मेठ पति के द्वारा पत्रकारो के साथ धक्का मुक्की कर मोबाइल छीनने की कोशिश किया गया और फोटो भी नही लेने दिया गया। इतना ही नही एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बीपीओ को जांच का निर्देश दिया लेकिन बीपीओ द्वारा बिना स्थल जांच किये रिपोर्ट देने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सगमा प्रखंड के सोनडीहा दक्षिण गांव में लाभुक महिला मेठ अहमद अली के नाम से मनरेगा के तहत डोभा का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी प्राकल्लित राशि तीन लाख इकहतर हजार आठ सौ सरसठ रुपया है। उक्त डोभा निर्माण में मजदूर के बजाए सोमवार की रात्रि में जेसीबी



से काम कराया जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद सुबह के समय करीबन 10 बजे के लगभग पत्रकार श्याम बच्चन यादव तथा इदरीश अंसारी घटना स्थल पर पहुंचकर फोटो खींच रहे थे। इसी समय लाभुक अहमद अली का बेटा अनीस अंसारी तथा बिचौलिया संजय यादव के द्वारा फोटो लेते पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया जाने लगा। उनके द्वारा अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहा गया फोटो नहीं खींचने देंगे ज्यादा बोलियेगा तो ठीक नही होगा। जिस कारण पत्रकारों में भय देखा जा रहा है। बताते चले की उक्त डोभा का निर्माण महिला मेठ के ससुर अहमद अली के द्वारा कराया जा रहा है।जो अहमद अली का पुत्र अनीस अंसारी की पत्नी है। उक्त योजना में अभी तक एक लाख पचतर हजार नौ सरसठ रुपए की निकासी कर लिया गया है। वही ग्रामीणों का कहना है की इस निर्माण में मजदूर से कम ही नही कराया गया।इसमें जो भी कम दिख रहा है वह रात के समय जेसीबी से कराया गया है।जब कि काम के अभाव में गांव के मजदूर काम के तलाश में बाहर जाने को मजबूर हैं। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख अजय साव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की जो भी लाभुक हो या मेठ हो डोभा निर्माण में जेसीबी चलाया गया है सरासर गलत है।मनरेगा का योजना है तो मजदूर से काम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम लोग मजदूरों को पलायन रोकने में लगे हुये है। वही मनरेगा ठीकेदार एंव बिचौलिया द्वारा मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से काम कराकर मजदूरों का हक मारा जा रहा है और मजदूर पलायन करने पर विवश है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी द्वारा जांच कर लाभुक और बिचौलिया के ऊपर एफआईआर होन चाहिये। साथ ही योजना को बंद कर राशि का रिकवरी कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा की पत्रकार समाज का आइना होता है। अगर किसी मामले को उजागर करने जाते है तो पत्रकार के मोबाइल छीनना और अभद्र व्यवहार, धक्का-मुक्की करना धमकी देना सरासर गलत है।इस पर करवाई किया जाना ही चाहिये।इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि बीपीओ को जांच करने का आदेश दिया गया है। जांच उपरांत जो भी रिपोर्ट आएगा उस पर कार्रवाई किया जायेगा।

# कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी ने संविधान बचाओ रैली में शामिल होने का किया आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने हुसैनाबाद स्थित आवास पर पत्रकारों को बताया कि 3 मई शनिवार को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में हुसैनाबाद क्षेत्र से सैकड़ों लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा नीत केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार से हमारे संविधान प्रदत्त हक एवं अधिकारों को बोलने की स्वतन्त्रता को छीनने का प्रयास किया है। दलित-आदिवासी, एवं पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की मंशा पाल रखी है। वोट के खातिर आज देश- धर्म निरपेक्षता जो संविधान का मूल रूप से है, को तार-तार कर देश की एकता एवं अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया गया है। साथ ही संविधान को मजबूती प्रदान करने वाली स्वतन्त्र संस्थाओं



ईडी, आईटी, सीबीआइ एवं चुनाव आयोग इत्यादि संस्थाओं की स्वतन्त्रता छीनकर दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को फँसाना इसका ताजा उदाहरण है। अब तो सारी सीमाओं को लांघकर न्यायपालिका को भी डराया धमकाया जा रहा है। ये सारे घटनाक्रम इंगित करते है कि भाजपा नीत की सरकार सुनियोजित तरीके से संविधान को दर किनार कर देश में तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है, और इस देश में फिर से एक बार मनुवाद, यानी बाबा साहेब के संविधान के बदले मनुस्मृति लागू करना चाहती है। इस देश ने लम्बे संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं कुर्बानी के बाद सम्पूर्ण आज़ादी एवं अपने संविधान को कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पाया है। इसे बचाने के लिए हम संघर्ष करेंगे और लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस मनुवादी-तानाशाही को हराने के लिए 03 मई 2025 दिन शनिवार को पुराना झारखण्ड विधान सभा मैदान, धुर्वा, रॉची में विशाल रैली का आयोजन होगा।

## सफलता पाने के लिए मेहनत, धैर्य और समर्पण की होती है आवश्यकता : छाया

# आईएएस बनने पर शांति निवास हाई स्कूल में छाया को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शांति निवास हाई स्कूल परिवार ने अपने विद्यालय की छात्रा रह चुकी छाया कुमारी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शांति निवास हाई स्कूल की पूर्ववर्ती छात्रा सह आइएएस छाया कुमारी ने कहा की 14 वर्षों के बाद एक बार फिर से अपनी स्कूल पहुंची हूं। स्कूल में आकर अच्छा लग रहा है। यहां आने के बाद कई यादें उसके दिलों दिमाग में ताजा हो गई। विद्यालय के शिक्षकों ने जो मार्गदर्शन दिया, उस मार्गदर्शन और मेहनत की बदौलत अपने सपने को पूरा करने में सफल रही। आज अपने गुरुजन से सम्मान पाकर अभिभूत हूं।छाया कुमारी ने




कहा कि सफलता पाने के लिए सभी लोगों को तीन बातें क्रमशः मेहनत,धैर्य एवं समर्पण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। जब हम किसी लक्ष्य के लिए संघर्ष करते हैं तो हमें याद रखना चाहिए कि हमारा आत्मविश्वास और मेहनत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमने यूपीएससी की परीक्षा पांचवीं बार में सफलता हासिल की है। चार बार हमें असफलता मिली थी।असफलता से घबराई नहीं और अपने लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत करती रही जिसका परिणाम हुआ कि हमने अपनी मम्मी-पापा के सपनों को पूरा करने में सफल रही।छाया ने कहा कि छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबों की ही तरह हम भी वहीं बैठा करते थे। समय की बात है। आज हम अपने विद्यालय में आप सभी की प्रेरणा बन रहे हैं। आप सभी लोग अपनी मंजिल पाने के लिए कड़ी मेहनत समर्पण और धैर्य इन गुणों को विकसित करके कोई भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि शांति निवास विद्यालय अपने नाम के अनुरूप हर समय, हर पल बिना आवाज के बच्चों की सफलता के लिए काम कर रही है। विद्यालय के संघर्षों का परिणाम है की विद्यालय से दो-दो बच्चे यूपीएससी के परीक्षा में सफलता अर्जित किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी की सफलता में मां-बाप और गुरु का बहुत बड़ा योगदान होता है। छाया के माता-पिता ने जो संघर्ष किया है उस संघर्ष को ध्यान में रखकर छाया ने अपने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए देश के सबसे बड़ी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि आपकी यह एक बड़ी उपलब्धि है, आपकी उड़ान अभी शुरू हुई है। सर्विस में सेवा मायने नहीं रखता है, मायने रखता है आप अपने सेवा के दौरान अंतिम व्यक्ति तक आप अपनी छाया बनेगी, ऐसी हमारी उम्मीद है।जिला पब्लिक स्कूल सामने समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि छाया कुमारी ने सफलता हासिल कर पूरे भारत के मानचित्र पर गढ़वा को लाने का काम किया है। इसके पीछे माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। नम्रता कुमारी के बाद छाया कुमारी ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल और गढ़वा को मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। विद्यालय समिति के सदस्य प्रोफेसर उमेश सहाय ने कहा कि आप प्रशासनिक कार्य के दौरान आदर्श प्रस्तुत करें।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रभु श्री राम कि छठी पर महाभंडारा का किया गया आयोजन

**रांची :** शहर के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्री राम जी छठी महोत्सव धूम धाम से मनाई गई। श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा के लिए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। श्री राम कि छठी महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष पूजा के बाद सांयकाल में विशेष आरती भी की गई।भक्तों ने विधिवत् पूजा अर्चना कर श्री राम के नाम के जयकारे के साथ प्रसाद भी ग्रहण किया। भक्तो ने श्री राम के अनंत भक्त हनुम।न जी भी पूजा अर्चना कर आरती भी किया। इस अवसर पर पर मुख्य रूप से श्री श्री 1008 महामंडेलश्वर सूर्य नारायण त्यागी जी महाराज, यज्ञा बाबा आश्रम मोराबादी के महंत भरत दास जी महाराज,ओमकार दास, श्यामानंद पांडेय, विकास पांडेय, आशुतोष द्विवेदी, अजीत कुमार, चेतन प्रकाश आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री से मिली दीपिका सिंह पाण्डेय

**रांची :** आज दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय मुलाकात कर की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के विकास और मनरेगा से जुड़े लंबित भुगतान, मजदूरी दर वृद्धि की पुनर्समीक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।



# दो बस्तियों को जोड़ने के लिए पुलिया निर्माण कराने की मांग डीसी से किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम रांची अंतर्गत वार्ड 11 के कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जमीयतुल कुरैश पंचायत के कार्यालय से कुछ दूरी आगे से बांई ओर एक पतली सी सड़क जाती है, यह पतली सी सड़क आगे एक नदी है जिसे कचरा डाल कर गंदगी कर दिया है, जिससे यह नदी अब बड़ा नाला के रुप में है, कम बारिश में भी खतरनाक रुप ले लेता है। यह नदी का पानी सीधे आगे दो नदियों वाली जोडी नदी से होते हुए सीधे नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से जाकर मिलती है। यह नदी दोनों बस्तियों यानी वार्ड 11 का कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला को उस पर वाली बस्ती जिसे गढ़ा टोली शांति नगर के नाम से जाना जाता है से जोड़ती है , लेकिन नदी के ऊपर आज से 40 साल पहले स्लैब लगाया गया था जो अब थोड़ी सी बारिश में वह स्लैब पूरी तरह से पानी में डूब जाता है और दोनों बस्तियों का संपर्क भी टूट जाता है।



आने-जाने में लोगों को खास कर महिलाओं, बुजुर्ग, स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता बंद हो जाता है। इतना ही नहीं इस गली में ना पक्की सड़क है, ना ही नाली है और ना ही नदी के ऊपर ऊंचा और मजबूत ढ़लाई वाला पुलिया है। इसके साथ ही ना ही बिजली का पोल है, बिजली की तार भी लोग दूर से किसी तरह से खिंच कर अपने घरों तक ले गये हैं। इसी मुहल्ला का रहने वाले एक युवा साबिर कुरैशी ने इस संबंध में वार्ड 11 के निवर्तमान पार्षद रंजू सिंह और रांची जिला प्रशासन द्वारा जारी अबुआ साथी में शिकायत नंबर में अपील करते हुए पुलिया निर्माण की मांग किया है, जिसका शिकायत नंबर 3448 / 24 जुलाई 2025 है। बता दें जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने नगर प्रशासक से बात कर इस समस्या की जानकारी दी है। दो साल पहले भी इस गली का सड़क और नाली बनाने की बात हुई थी , लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से वहां पर काम शुरू नहीं हो सका था। अब सड़क, नाली के साथ साथ पुलिया निर्माण भी करायी जाए। ताकि गढ़ा टोली और कुरैशी मुहल्ला दोनों बस्तियों के लोगों का आवआगमन हो सके।

# राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी: स्वास्थ्य मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि प्रदेश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम चाहते हैं कि एआई तकनीक से इलाज हो। उन्होने विभाग के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने निजी अस्पतालों में इलाज के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल जब तक आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पैसा रहता है तब तक तो इलाज करते हैं, इसके बाद उन्हें रेफर



कर देते हैं। ऐसे में गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति अमानवीय है और अस्पतालों को मरीज के इलाज की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में निजी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े बहुत सारे लोग नहीं आ पाए हैं लेकिन हम उनके लिए फिर से एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और मैं हर हाल में आपको मदद ही करूंगा। मैं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना चाहता हूं। अगर कोई समस्या हो तो आप सीधे मुझसे बात कर सकते हैं। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले अस्पतालों को होने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए है। साथ ही अस्पताल और विभाग के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 31,000 बेड हैं जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 15,500 के आसपास बेड हैं और यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। उन्होंने कहा कि राज्य के अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ानी चाहिए, क्योंकि राज्य में 1,13,000 बेड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। दोनों में हम बेहतर कर रहे हैं इसलिए दूसरे राज्य के लोग भी हमारे राज्य में इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुविधाएं दे रहे हैं ताकि कोई भी इलाज से वंचित न हो। उन्होंने सभी अस्पतालों के प्रबंधन से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती हो तो हमें बताएं हम पूरी मदद करेंगे।

# सेल सुरक्षा संगठन ने मनाया विश्व इस्पात दिवस

**प्रभातम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल सुरक्षा संगठन, रांची द्वारा 29 अप्रैल को सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस मनाया गया 7सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची द्वारा 28 अप्रैल, 2025 को 'सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस' धूमधाम से मनाया गया। विश्व इस्पात संघ के तत्वावधान में यह दिवस हर साल 28 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। समारोह के एक हिस्से के रूप में, सेल के संयंत्रों और इकाइयों के कर्मचारियों के लिए सेल सुरक्षा सर्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेल के विभिन्न संयंत्रों/इकाइयों से 37 प्रतिभागियों वाली कुल 9 टीमों ने भाग लिया। टीम ने निर्णायक मंडल के समक्ष कार्यस्थल पर खतरों के शमन के लिए परियोजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। शॉर्टलिस्ट की गई टीमों में से, दुर्गापुर स्टील प्लांट की टीम समग्र विजेता बनी, टीम बीएसपी और आरएसपी को प्रथम रनर अप और द्वितीय रनर अप घोषित किया गया। टीम आईएसपी और एसएसपी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार समारोह में अनूप कुमार, ईडी (एसएसओ), एस वशिष्ठ, सीजीएम (सुरक्षा), एसएसओ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के निर्णायक जी पी सिंह, पूर्व सीजीएम (बीएसपी), एस के दास, सीजीएम (सीईटी) थे। कार्यक्रम का समन्वयन अभिषेक कुमार, एजीएम (सुरक्षा), एसएसओ द्वारा किया गया।

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग के लिए किया गया कैंप का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार जिला के सभी पंचायतों में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जा रही है। आज अपराह्न 3:00 बजे तक कैंप में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के लाभुकों के लिए संबंधित बैंक में आधार सीडिंग की व्यवस्था की गयी है।

**इन लाभुकों की हो रही आधार सीडिंग:** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री




ने योजना अंतर्गत लाभुकों से कैंप में उपस्थित होकर अपना आधार सीडिंग कराने की बात कही गयी है। कैंप में उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जा रही है, जिन्हें 3 महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए 03.04.2025 या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को 03.04.2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है, उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता के डिग्री पर सवाल उठाने वाले मामले को कोर्ट ने रखा सुरक्षित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित कुछ अन्य आईपीएस अधिकरियों के एम ए की डिग्री पर सवाल उठाते हुए उसकी जांच कराने की मांग की गई थी इसी मामले में सुनवायी हुई को और कोर्ट ने सुरक्षित रख लिया गया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ की अदालत में हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता को फटकार भी लगायी गयी। बता दें कि याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में डीजीपी अनुराग गुप्ता और कुछ अधिकारियों के खिलाफ याचिका दाखिल की थी और कहा गया था कि अनुराग गुप्ता सहित कुछ अन्य अधिकारियों की एम ए की डिग्री फर्जी है। इन लोगों की डिग्री की जांच सुबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से करने की मांग की गई थी।

# भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सौरभ कुमार रवि हिंदी शिक्षक ने बताया कि भगवान् परशुराम की जयंती मनाई गई। उन्होंने बताया कि भगवान् परशुराम जी श्री हरी विष्णु के छठवें अवतार होने के नाते, उन्होने पापियों का नाश किया और धर्म की स्थापना की। भगवान परशुराम के हाथों में धनुष बाण और फरसा देख कर कई लोग दुविधा में पड़ जाते हैं की, उनकी वेश भूषा तो ऋषि मुनियों की तरह है किंतु हांथ में धनुष बाण और फरसा उन्हें क्षत्रिय होने की परिचय देते हैं। जब भगवन परशुराम जी का आविर्भाव हुआ तो उस समय क्षत्रियो की क्रूरता अपनी चरम सीमा पर थीं , क्षत्रियो ने अपनी सत्ता स्थापित करने हेतु ब्राह्मणों का नरसंहार करना शुरू कर दिया था। वे ब्राह्मणों के लिए घातक बन चुके थे।

जब सहस्त्र अर्जुन नामक एक दुष्ट क्षत्रिय राजा ने उनकी मां रेणुका और पिता ऋषि जमदग्नि की निर्मम हत्या कर दी थी तो परशुराम जी ने क्रोधवश सहस्त्र अर्जुन का वध कर दिया जिससे पूरे हे हय वंश का नाश हो गया।

अंततः उन्होने विचार किया, कि क्यों उनके माता पिता की हत्या की गई , आखिर क्यों इतना अधर्म फैला है, उन्होने अनुभव किया की ये क्षत्रियों के दमन से सिर्फ ब्राह्मण वर्ण ही नही अपितु शूद्र समाज भी शोषित है। क्योंकि उस समय क्षत्रिय शुद्रो का शोषण करते, उन्हे कृषि करने का अधिकार नहीं था, अपने पशुओ को निर्वाहन करने का अधिकार नहीं था जलाश्य से जल पीने का अधिकार नहीं है , शुद्रों की स्थिति दयनीय हो गई थी अता भगवान परशुराम जी ने चिंतन किया ये समस्या सिर्फ ब्राह्मणों के लिए ही नहीं बल्कि शुद्रो के लिए भी हैं, अता उन्होने प्रतिज्ञा की वो समस्त धरती से क्षत्रियों का नाश कर देंगे और पूरी धरा को क्षत्रिय हीन कर देंगे, अता उन्होने इसी प्रतिज्ञा के फलीभूत होकर 21बार क्षत्रियों का नाश किया, जिससे क्षत्रियों का अत्याचार मंद हुआ।

# डॉ राजकुमार रिम्स पहुंचे और लिया पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स जहाँ विवाद का चोली दामन का रिश्ता है। अभी स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अपने परिचित और रिम्स की गायिनी विभाग की एच ओडी डॉ शशिबाला सिंह को निदेशक का पदभार दिया ही था कि मामल हाईकोर्ट पहुंच गया। कोर्ट फैसला सुनाते हुए डॉ राजकुमार को पुनः बहाल का आदेश दिया,और बाकी सुनवाई छह मई तक सुरक्षित रख लिया। रिम्स के निदेशक पद से हटाये गए तत्कालीन निदेशक डॉ राजकुमार ने मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे निदेशक कार्यलय पहुंचे और अपने निदेशक वाली कुर्सी पर स्वयं पदभार ले लिए, इस दौरान डॉ शशिबाला सिंह मौजूद नहीं थी।

कुछ दिनों पूर्व ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक के पद से डॉ राजकुमार को बर्खास्त कर दिया था। इस दौरान डॉ शशिबाला सिंह को रिम्स का प्रभारी निदेशक बनाया गया था। इसी बीच डॉ राजकुमार ने निदेशक के पद से बर्खास्त करने पर हाईकोर्ट का रुख किया, जहां से फैसला उनके हक में आया।

रिम्स के निदेशक पद से बर्खास्त किये जाने पर डॉ राजकुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर 28 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक




रोशन ने स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का नोटिस भी जारी कर दिया, याचिका पर विस्तृत सुनवाई के लिए 6 मई की तारीख दी गयी है।

# कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने वसीम अकरम को अपना प्रेस सलाहकार बनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा ने पत्रकार वसीम अकरम को अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रेस सलाहकार नियुक्त किया है. विधायक ने कहाँ पत्रकार वसीम अकरम ने पत्रकारिता के क्षेत्र मे अपनी एक पहचान बनाई है. कांके विधानसभा क्षेत्र मे अपनी पत्रकारिता के माध्यम सामाजिक कार्य लम्बे समय से कर रहे है. वसीम अकरम के पिताजी स्वर्गीय शमीम अहमद जी भी अपनी पूरी जीवन पत्रकारिता को समर्पित कर दिए थे. मुझे आशा है वसीम अकरम भी मेरे प्रेस सलाहकार के रूप मे अपने विधानसभा क्षेत्र की चौमुखी विकास मे अपना अहम योगदान देंगे. पत्रकार वसीम अकरम को कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेस सलाहकार बनने पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, जीप सदस्य हिना परवीन, पूर्व



जीप सदस्य हकीम अंसारी, ऐनुल हक अंसारी,विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी,जमील अख्तर, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, मुस्ताक आलम, मोहम्मद गुफरान,मनीष महतो, गौरी शंकर महतो, प्रशांत बैठा ने बधाई दी है.

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची की बैठक संपन्न

**रांची.** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला की बैठक रोस्पा टावर स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक नूर आलम एवं संचालन पुष्पा बरदेवा ने की। बैठक मेंझारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला कमेटी को मजबूत बनाने तथा झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी तथा सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग सरकार से की गई।

# अनुशासन शैक्षणिक संस्था का मूल आधार : प्राचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में विद्यालय परिवार ने मंगलवार को नवनियुक्त प्राचार्य बिपिन राय का स्वागत किया। राय इससे पूर्व डीएवी पब्लिक स्कूल, बोकारो के कथारा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। अब वे डीएवी हेहल में अपने नए कार्यकाल की शुरूआत करेंगे। वहीं प्रातःकालीन सभा में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अनुशासन किसी भी शैक्षणिक संस्था का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि अनुशासन ऐसा रामबाण है जो विद्यालय को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है। हमें मिलकर अनुशासन का निरंतर विकास करना चाहिए, ताकि हम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। राय ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे



अनुशासन के आदर्श प्रस्तुत करते हुए छात्रों के समग्र विकास में सहायक बनें। सभा के बाद विद्यालय परिसर स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिपिन राय ने यज्ञ में आहुति दी और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्राचार्य का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# कांग्रेस का राज्य स्तरीय रैली अब 3 मई को नहीं 06 मई को होगा : केशव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी नोडल पदाधिकारियों एवं केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में एवं संविधान बचाओ अभियान के राज्य समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू की उपस्थित में संपन्न हुई।बैठक में राज्य में चलाये जाने वाले 40 दिनों का संविधान बचाओ अभियान के चार चरणों के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया गया एवं जिलों में नियुक्त नोडल पदाधिकारियों से जिलावार अद्यतन स्थिति की जानकारी हासिल किया गया। जिला नोडल पदाधिकारियों को 26, 27 एवं 28 अप्रैल को जिलों में दौरा कर कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने को कहा गया था, जिसका रिपोर्ट 29 अप्रैल की बैठक में नोडल पदाधिकारियों ने समर्पित किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पूर्व निर्धारित 03 मई का रांची में आहूत राज्य स्तरीय रैली को अब 06 मई को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा रांची में किया जाएगा।



हमारे प्रदेश के लिए गौरव का बात है कि इस रैली में भाग लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन प्रभारी महासचिव के0 सी वेणुगोपाल, महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राज्य के कांग्रेस प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद, सहित कई राष्ट्रीय नेताओं ने अपने आने की सहमति दी है।प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि 06 मई 2025 को ही रैली के उपरांत प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी के राजू भी भाग लेंगे। नोडल पदाधिकारियों में बन्धु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद खान, अजय दूबे, अशोक चौधरी, रमा खलखो ,बन्ना गुप्ता, रामाश्रय प्रसाद, योगेन्द्र साव, डॉ राजेश गुप्ता, बलजीत सिंह बेदी, विनय सिन्हा दीपू, जेपी पटेल, श्यामल किशोर सिंह, कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु, राजन वर्मा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, सूर्यकांत शुक्ला, डॉ एम तौसीफ, सुरेन राम, सुन्दरी तिर्की, जितेन्द्र त्रिवेदी, प्रेमनाथ मुंडा, हिमाशू, प्रशांत पांडेय, प्रभात कुमार आदि।

# फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन के 6 प्रतिनिधि मिले राज्यपाल से, मांगी मदद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन के 6 सदस्य प्रतिनिधि संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में राज्यपाल झारखंड संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बारे में जानकारी दी एवं फोटोग्राफी डे पर आयोजित 19 अगस्त को होने वाली दो दिवसीय कार्यक्रम स्कूल कॉलेज के बच्चों को पेंटिंग प्रतियोगिता कराने के संबंध में सहयोग मांगा। जिससे



राज्यपाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि हर संभव सहयोग करेंगे और प्रोग्राम में आने की भी इच्छा जताई है । 6 एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, सचिव संजय सिंह, संरक्षक अशोक करण , मेंबर दिनेश शुक्ला, मनोरंजन सिंह,और दिवाकर शामिल थे।

## राय पंचायत सचिवालय में आधार कार्ड सीडिंग को लेकर कैंप का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए आधार सीडिंग के लिए कैंप का आयोजन किया गया।रांची उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने निदेश पर खलारी प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत में इस कैम्प का आयोजन किया गया था।यह कैंप सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 03 तक आयोजित किया गया।इस संबंध में राय पंचायत की मुखिया शीला देवी ने बताया कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया गया।उन्होंने बताया कि कैंप में योजना अंतर्गत उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की गई,जिन्हें तीन महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए तीन अप्रैल या उसके पश्चात मिली है।जिन लाभुकों को तीन अप्रैल 2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी,उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है,उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है।ज्ञात हो कि विभागीय संकल्प के आलोक में योजना के लाभुकों को अप्रैल-2025 से केवल आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही सम्मान राशि का भुगतान किया जाना है।उन्होंने बताया कि कैंप में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई।इस अवसर पर काफी संख्या में प्रखंड के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पिपरवार में बदला मौसम का मिजाज, बारिश और ठंडी हवा से मिली लोगो को गर्मी से राहत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार की रात और मंगलवार की दोपहर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।सुबह से ही पूरा इलाका बादलों की चपेट में आ गया, जिसके बाद तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई।बारिश के साथ तेज हवाओ ने लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत दी है।खराब मौसम और गरज के बीच बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति घंटो ठप रही।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है।ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी और से लोग काफी परेशान थे।इस बीच मौसम में आयी बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की सूरत बदल गई है।सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से कोयलांचल का मौसम काफी सुहाना हो गया।

## बेड़ो थाना क्षेत्र में हुडदंग और स्टंटबाजी पर कसी नकेल, तीन बाइक जब्त



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हुडदंगई, स्टंटबाजी और मॉडिफाइड साइलेंसर से माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान तीन बाइकों–पल्सर, डोमिनार और R15–को जब्त किया गया। इन बाइकों से न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था, बल्कि सड़कों पर स्टंट कर आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ भी किया जा रहा था। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति भंग करने और युवाओं को खतरनाक ड्राइविंग के लिए उकसाने वाले ऐसे तत्वों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े गए तीनों बाइकों पर संबंधित धाराओं के तहत अभियोजन चलाने हेतु प्रतिवेदन माननीय न्यायालय को भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है, और आम नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है।

## शादी के 8 दिन बाद ही मैदान में अभ्यास के लिए मैदान पहुंची मधुमिता



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसी को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह एक ऐसी बात है जो किसी को सफल बनाने में मदद कर सकती है। ऐसे ही उदाहरण देखने को मिल रही सिल्ली बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट मधुमिता कुमारी मुरी रेलवे में कार्यरत एवं बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर की प्रशिक्षु मधुमिता कुमारी अभी उनकी हाथ की मेंहदी का रंग ठीक से उतरा भी नहीं और अपने तीरंदाजी अभ्यास के लिए मैदान पहुंच गई। रविवार शाम मैदान पहुंचते ही मैदान में पहले से अभ्यास कर रहे हैं अन्य तीरंदाज एवं कोच इनकी जुनून देखकर दंग रह गए। क्योंकि पिछले 8 दिन पूर्व ही उनकी विवाह जमशेदपुर के एक व्यवसाय के साथ हुई है।इस विवाह समारोह में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो आदि काफी संख्या में गण मान्य लोगों उपस्थित हुए थे। ये ही नहीं मधुमिता अपने इस तीरंदाजी के प्रति इतना समर्पित है कि पिछले कई वर्ष पूर्व उनके पिता का सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया था। इसके बावजूद उन्होंने दूसरे ही दिन जम्मू में आयोजित तीरंदाजी सीनियर डिवीजन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रस्थान कर राष्ट्रीय मेडल प्राप्त की। यह मेडल मधुमिता के द्वारा रेलवे को 8 वर्ष बाद मिला था। कोच शिशिर महतो ने बताया कि मधुमिता का ये जुनून जो किसी व्यक्ति के दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति अपनी लगन को दर्शाता है।या दूसरों को प्रेरित करता है और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# सांसद कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूँटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में खूँटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष मसिह गुड़िया, सभी प्रखंड प्रमुख, जन प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, सीओ उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा सांसद, विधायक एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम द्वारा पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में सांसद द्वारा कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई एवं कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए पूर्व से लंबित प्रधानमंत्री आवास निर्माण को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ईमली, लेमन ग्रास, साल बीज इत्यादि का प्रोक्योरमेंट सेल द्वारा सरकारी एमएसपी पर खरीद बिक्री एवं प्रोसेसिंग यूनिट के संचालन पर चर्चा हुई। अध्यक्ष द्वारा जेएसएलपीएस समेत अन्य विभागों को सक्रिय होकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। भूमि संरक्षण विभाग एवं जल छाजन के तहत बनाए गए तालाबों में मछली पालन को लेकर जिला मत्स्य पदाधिकारी से जानकारी ली गई, जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी योजनाओं की सहायता से अधिकांश तालाबों में लाभुकों द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष द्वारा वैसे तालाब जहां मछली पालन अब तक प्रारंभ नही किया गया है, उन तालाबों को चिन्हित कर मछ्ली पालन का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जल छाजन द्वारा बनाए गए तालाब, ट्रेंच कटिंग समेत अन्य का भौतिक निरीक्षण करने हेतु संबंधित प्रखंड प्रमुख को कहा गया। विभिन्न प्रखंडो में संचालित योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों को देने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत मुरहू समेत अन्य क्षेत्र में बनाए जाने वाले पुल को लेकर जानकारी ली गई, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजा गया है, जल विभागीय स्वीकृति के पश्चात कार्य प्रारंभ किया जाएगा, वहीं कुछ पुल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई। जल्द विभागीय स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। वहीं पथ निर्माण विभाग द्वारा वैसे सड़क या पुल निर्माण कार्य जो काफी समय से लंबित है उन्हें जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तहत बनाए गए जल मीनार, चापाकल एवं पेयजल की अन्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता को सख्त हिदायत दिया गया कि वह गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपने सभी कार्यों को कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। 1 सप्ताह में खराब पड़े चापाकल, जल मीनार इत्यादि के सुचारू संचालन का निर्देश दिया गया।

# उपायुक्त ने कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूँटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट में उत्पादित वस्तुओं की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन प्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने नए बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ को बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ हीं उन्हें कटहल प्रोसेसिंग से बने उत्पादन में वृद्धि एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादों के निर्माण हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि विगत वर्ष 45 टन कटहल का प्रोसेसिंग कर कैंनिग, चिप्स एवं आटा तैयार किया गया था। कटहल का सीजन प्रारंभ हो चुका है, इस वर्ष कटहल प्रोसेसिंग में और वृद्धि करें और इसे 65 टन तक पहुंचाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने एफपीओ किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उल्लेखनीय है कि यहां निर्मित उत्पादों की बिक्री न केवल ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे एमेजॉन के माध्यम से की जा रही है, बल्कि ऑफलाइन माध्यम से भी विभिन्न राज्यों में इनकी खपत हो रही है। यह स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) अमरेश कुमार, कार्यकारिणी एजेंसी एडुकेटर एक्स्ट्रा ऑर्डिनर की तकनीकी टीम, बृष्टि ग्रीन फार्मर महिला एफपीओ के सदस्यगण समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कैंब्रिज तकनिकी संस्थान के 67 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमआरएफ टायर कंपनी ने किया है, चयन कैंब्रिज ग्रुप के तकनिकी शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एवं कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का मेगा कैंपस प्लेसमेंट हुआ।कुल 67 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट मशहूर टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने किया।संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक डॉ ए.भट्टचर्या ने बताया कि दोनों संस्थानों को मिलाकर कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ब्रांच के 28, सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के 13, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच के 9, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 4 व मैकेनिकल ब्रांच के 13 विद्यार्थियों का चयन ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया गया है।इनका जॉब लोकेशन तेलंगाना के विभिन्न जिलों में होगा।भट्टाचार्य ने बताया कि जॉइनिंग से पूर्व तीन महीने की ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को 2.46 लाख का पैकेज मिलेगा।प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी के एच आर हेड गुरुवेल एस, एक्सक्यूटिव (एच. आर) किंग्सटन ई व शिव कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावे संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, प्लेसमेंट कोर्डिनेटर प्रदीप करमाली, कौशिक चटर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. कैंब्रिज ग्रुप के सचिव अभिषेक सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों व संस्थान के प्लेसमेंट टीम को बधाई दी।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल ने जीएम से की मुलाकात, समस्या से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र के जीएम से मुलाकात की।इस दौरान यूनियन के प्रतिनिधियों ने जीएम को कोयला डिस्पैच एवं उत्पादन लक्ष्य को पूरा होने पर बधाई दिया, साथ ही संगठित एवं असंगठित मजदूरों के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए विभिन्न समस्याओं के निदान की मांग की।जिसमे मुख्य रुप से पीट ऑफिस में पीने का शुद्ध पेयजल, शौचालय,कैंटीन,रेस्ट सेंल्टर, सर्विस बुक में सुधार,आवास आवंटन व मरम्मत,कॉलोनी में सुचारू रूप से सफाई, सेवानिवृत कर्मचारियों का बकाया भुगतान, असंगठित मजदूरों का निजी कंपनियों में रोजगार सृजन,बहाली और कार्यरत कर्मियों को एचपीसी के अनुशंसा के मुताबिक भुगतान, आरएंडआर पॉलिसी के तहत विस्थापितों को नौकरी, मुआवजा,रोजगार,पहचान पत्र,शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दों को से अवगत कराया।जीएम संजीव कुमार के द्वारा विभिन्न समस्याओं पर जल्द ही समाधान व निदान करने का आश्वासन दिया गया।इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल यूनियन के अध्यक्ष परमेश्वर गंझू, सचिव इकबाल हुसैन,अर्जुन गंझू,मथुरा मंडल, परमेश्वर साव,अनिल राम, बिरू मुंडा,मुकेश साव,रघुनाथ प्रजापति,राजेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## ताम्बुली हितैषी समिति कि दूसरी बैठक सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ताम्बुली हितैषी समिति सिल्ली शाखा के द्वारा दूसरी बैठक रखी गई। इस बैठक में कुछ दिन पहले कश्मीर के पहलगाम में 26 देशवासी शहीद हो गए हैं उसको लेकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया साथ में 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया।इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल हुए रतन लाहा, गणेश प्रसाद चौधरी, शत्रुघ्न चौधरी, दिवाकर दत्ता, महादेव चौधरी, प्रभु चौधरी, बिल्टू दत्ता, रवि चंद्र, सनोज आश, सौरभ आश, कलाचंद चौधरी, सनुप आश, अशोक चौधरी, बाबुल चौधरी, अमर महादानी, विवेक लाहा, सूरज चौधरी, तपन कुमार लाहा, पवन कुमार कर, सोनू दत्ता, अमित लाहा, प्रेम प्रकाश चौधरी, राजा चौधरी आदि शामिल हुए। सभा का संचालन देवाशीष दत्ता ने किया।

# मांडर में कांग्रेस पार्टी की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** प्रखंड स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड के पर्यवेक्षक मुदस्सिर हक शामिल हुए। बैठक में 6 मई को रांची में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुदस्सिर हक ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए तन मन से काम करना होगा। कांग्रेस पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष के रूप में मना रही है। जिसमें पार्टी के प्रति वफादार और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। आज देश की हालात विकट परिस्थिति से गुजर रही है।

बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। ऐसे में अगले 2029 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार को बनाने के लिए पूरे देश में कांग्रेस संगठन को धार देने का काम राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व राहुल गाँधी कर रहे हैं। इसके लिए जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, जमील मालिक, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रांची जिला समीम अख्तर, तबारक खान, सेरोफिना मिंज, सरिता तिग्गा, अबुजर अंसारी, होसे उरांव सहित अन्य उपस्थित हुए।


## नगर भ्रमण के साथ मंडा पूजा शुरू



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव मंडा पूजा समिति इटकी के नेतृत्व में नगर भ्रमण के साथ ही इटकी में मंगलवार को मंडा पूजा शुरू हो गया। पूजा के उपासकों द्वारा नगर भ्रमण के अलावा धुँआसी, लोटन सेवा व पूजा का मुख्य अनुष्ठान फूलखुदी किया गया। देर रात संपन्न फुलखुंदी अनुष्ठान के तहत पूजा के पटभोक्ता छोटू लोहरा व पुजारी पंचम दास के नेतृत्व में उपासकों द्वारा नंगे पांव लहलहाते आग के अंगारों पर चल कर पूजा की सत्यता की परीक्षा दी गयी। इसे देखने के लिए इटकी के मुख्य शिव मंदिर के समीप काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी।

वहीं रात्रि में भक्ति जागरण लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा के आयोजन को लेकर शिव मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज लोहरा, अर्पण कुमार, देवेंद्र महतो, अमित महतो, तपेशर, सूरज गोसाई, सुबोध, विक्की सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। आज 30 अप्रैल को मंडा मेला व झूलन अनुष्ठान के बाद पूजा का समापन होगा । मौके पर धीरज महली, मंगल लोहरा, बजरंग लोहरा, राम लोहरा, बालकेश्वर महली, शिवम् कुमार, बजरंग महली, शक्ति उराँव, महादेव उराँव, सागर महली, बिंदेश्वर महली, बिनीत लकड़ा, संस्कार कच्छप, प्रकाश उराँव, प्रेम उराँव, सुरन्तक महली, दुर्गा महली, सूर्या महली, दुर्गा महली सहित अन्य मौजूद थे।

## हिंडल्को मूरी वर्क्स यूनिट में पोषित बचपन डॉक्युमेंट्री लांच किया गया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार के दिन हिंडल्को मुरी वर्क्स यूनिट के ज्ञान ग्लोर वेन्यू में एक महत्वपूर्ण बहुप्रतीक्षित डॉक्युमेंट्री ÷पोषित बचपन÷ का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। यह डॉक्युमेंट्री सिल्ली प्रखंड में कुपोषण से निपटने के लिए चलाए गए सामुदायिक पोषण अभियान की प्रेरणादायक यात्रा और इसके सकारात्मक प्रभावों को दर्शाती है।यह पहल हिंडल्को मूरी वर्क्स की सी एस आर टीम और राजकुमारी फाउंडेशन की संयुक्त भागीदारी से संचालित की जा रही है। अब तक इस अभियान के तहत 800 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 154 कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण शिविर, चिकित्सा सहायता और पोषण किट उपलब्ध कराई गई। इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम चार पंचायतों ङ्क बिसरिया, पश्चिमी मूरी, बंसारुली और कोच्चो में स्पष्ट रूप से देखा गया, जहाँ 78% बच्चों में वजन में सुधार दर्ज किया गया।यह पहल बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करता है, बल्कि समुदाय में जागरूकता, भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन को भी बढ़ावा देता है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंडल्को मुरी वर्क्स के एच आर हेड अरुण राय यूनिट हेड संदीप पाटिल, डॉ. सौरव घोष, सहायक जनरल मैनेजर आईआर कुमार अविनाश प्रताप सिंह सौमेंदु हाज़रा, भरत सिंह, प्रभात तिवारी, नितीश सिंह, अभिजीत सेन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्याम गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, शेखर, केनेथ डिवाज, नवनीत श्रीवास्तव, प्रसंता बोस, राजकुमारी फाउंडेशन से परियोजना प्रमुख सुप्रिया सिंह, डाइटीशियन मौसम कुमारी, तथा टीम सदस्य सनी प्रसाद और गोवर्धन महतो ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।पोषित बचपन डॉक्युमेंट्री न केवल एक फिल्म है, बल्कि यह एक आशा की किरण है जो यह दिखाती है कि सामूहिक प्रयासों से कैसे समाज के सबसे नाजुक वर्ग के बच्चों के जीवन में स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में वाद विवाद एवं गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता एवं गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा नवम से कक्षा बारहवीं तक के कुल 16 बच्चे एवं गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा छः से कक्षा आठवीं तक के कुल 25 बच्चों ने भाग लिया।इस अवसर पर स्कूल की प्रचार्या डॉक्टर आर चौधरी भी बच्चो के इस प्रतियोगिता में शामिल होकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।इस संबध मे उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उदेश्य बच्चों को अंग्रेजी बोलने के प्रति प्रोत्साहित करना एवं बच्चों का मनोबल बढाना है।उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्कूल में इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है,जिसमें स्कूल के बच्चे बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और इसका भविष्य के विषय पर अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एआई कार्यो को तेजी से और सटीकता से पूरा करता है।

## कन्या भ्रुण संरक्षण के तहत एमजीएम अस्पताल में बेबी किट वितरित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा, टाटानगर द्वारा राष्ट्रीय कन्या भ्रुण संरक्षण अभियान के तहत साकची स्थित एमजीएम अस्पताल में 24 ऐसी माताओं को बेबी किट वितरित किया गया, जिनके घर बेटी का जन्म हुआ। कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता रमेश अग्रवाल ने कहा कि यह पहल समाज में कन्या के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और भ्रुण हत्या के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। मंच का उद्देश्य नारी शक्ति को सम्मान देना और उन्हें जन्म से ही सशक्त बनाने की दिशा में योगदान देना है। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका, सचिव कौशिक चौधरी, अजय चेतानी, विशाल अग्रवाल, ऋषभ चेतानी, पंकज मूनका, रमेश अग्रवाल, दीपक पटवारी, अनुज गुप्ता, अनिमेष छापोलिया, ऋषभ पटवारी एवं संयोजक अनीश पटवारी का योगदान रहा।

## श्याम अखंड ज्योति पाठ में होगा रास लीला, जन्मोत्सव और शीश दान का दिव्य प्रसंग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । आगामी 11 मई, रविवार को भालुबासा स्थित हरिजन स्कूल मैदान में श्री श्याम भक्त मंडल, भालुबासा द्वारा भव्य श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे होगी, जिसमें 501 महिलाएं सामूहिक रूप से पाठ में सम्मिलित होंगी। पाठ के दौरान रास लीला के माध्यम से बाबा श्याम के जन्मोत्सव और शीश दान की झांकी विशेष आकर्षण होगी। पाठ का वाचन कोलकाता के घुसड़ी धाम से पधार रहे दलजीत सिंह&गुरप्रीत सिंह ग्रुप द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पूर्णिमा साहू और पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की धर्मपत्नी सुधा गुप्ता उपस्थित रहेंगी। पाठ के लिए कूपन पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : मालीराम अग्रवाल (9334180004), विमल अग्रवाल (9431186979), मुरारी लाल (9431345293) बसंत अग्रवाल (9304903407)।

## अरुवां व बारुहातु में महिला संकुल भवन का उद्घाटन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : खरसावां प्रखंड के कुचाई स्थित अरुवां व बारुहातु गांवों में निर्मित महिला संकुल भवनों का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विजय महतो व बीडीओ साधु चरण देवगम ने संयुक्त रूप से किया। भवनों का निर्माण वर्ष 2023-24 में खूंटी के तत्कालीन सांसद की निधि से कराया गया था। कार्यक्रम में अतिथियों ने महिलाओं द्वारा संचालित कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही आर्थिक, शैक्षणिक व सामाजिक रूप से उन्हें सशक्त बनाने पर बल दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस की पलाश परियोजना की भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## माहलीपाड़ा में हरिनाम संकीर्तन, शामिल हुए जिला पार्षद खगेन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पटमदा प्रखंड के माहलीपाड़ा गांव में सोलोआना कमेटी की ओर से आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के पहले दिन मंगलवार को पटमदा उत्तरी क्षेत्र के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली कामना की। पार्षद ने बताया कि हरिनाम संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों की छह कीर्तन मंडलियां उमापद गोस्वामी, रवि राय, नेपाल दास, गौरांग शिशु संप्रदाय, निताई गौऊर हरिनाम संप्रदाय व अधिकारी वैष्णव संप्रदाय शामिल हैं। मौके पर मुखिया जामिनी बेसरा, बिंदु वाला महतो, समीर महतो, हरेन महतो, कृष्णपद महतो, जितुलाल महतो, सुनील महतो, रामप्रसाद महतो, किरिटी महतो व युधिष्ठिर महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पटमदा में तेज रफ्तार हाइवा ने छीनी युवक की जान, सड़क जाम कर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पूर्वी सिंहभूम के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओड़िया पंचायत मंडप के समीप मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में कांकू गांव निवासी संदीप सिंह (30) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक पश्चिम बंगाल के हेंसला गांव का रहने वाला है और उसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई हैं। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चिरूडीह के पास कांकीडीह-दांदूडीह मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा, लेकिन शाम छह बजे तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा। ग्रामीण वाहन मालिक को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना था कि दिन में हाइवा परिचालन पर रोक है, फिर भी बंगाल से खाली हाइवा कैसे आ गया? मृतक संदीप जमशेदपुर में मजदूरी करता था और हेंसला गांव में मामा के घर पत्नी व तीन साल के बेटे के साथ रहता था। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### अपर उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# अवैध खनिज उत्खनन में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद ने की, जिसमें सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनिज गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित जांच अभियानों के अलावा सप्ताह में कम से कम एक दिन विशेष जांच अभियान चलाया जाए, ताकि अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक के दौरान घाटशिला और धालभूमगढ़ अंचल में चेकनाकों के संचालन पर भी चर्चा हुई। अपर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को इन चेकनाकों के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, अंचल अधिकारियों को चेकनाकों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि वहां तैनात दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी सही तरीके से अपनी ड्यूटी निभा सकें।

अपर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश भी दिया कि जिन प्राथमिकी में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी लंबित है, उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। इस बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

## कुचाई में मवेशी तस्करी का खुलासा, 140 जोड़ा बैल जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसांवा** । सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत दलभंगा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 140 जोड़ा बैल जब्त किए हैं। गुप्त सूचना पर तोरम्बा-सियाडीह इलाके में की गई छापेमारी के दौरान यह सफलता मिली। जब्त मवेशियों की कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। बताया गया कि तस्कर मवेशियों को पैदल पगडंडी रास्तों से सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचा रहे थे। कई बैलों के पैरों में लोहे के नाल भी पाए गए, जिससे उनके लंबी दूरी तय करने के संकेत मिलते हैं। फिलहाल सभी मवेशियों को दलभंगा सीआरपीएफ कैंप में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह तस्करी एक संगठित गिरोह द्वारा की जा रही थी, जो कोल्हान से मवेशी खरीदकर तमाड़ के रास्ते बंगाल और अन्य राज्यों में भेजता था। पुलिस इस गिरोह के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# आज रात 9 बजे मुसलमान करेंगे 'बत्ती गुल', वक्फ कानून के विरोध में देशभर में अभियान

### - 15 मिनट के लिए अंधेरे में डूबेंगे मुसलमानों के मकान और प्रतिष्ठान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : देशभर में प्रस्तावित नए वक्फ कानून 2025 के खिलाफ विरोध तेज़ हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने आज, 30 अप्रैल को बत्ती गुल अभियान चलाने की घोषणा की है। इसके तहत देश के मुसलमानों से अपील की गई है कि वे रात 9:00 से 9:15 बजे तक अपने घरों और प्रतिष्ठानों की बिजली बंद कर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराएं।




इस अभियान को लेकर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, कश्मीर, झारखंड, बंगाल सहित कई राज्यों में व्यापक प्रचार-प्रसार चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया व व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर मोहल्लों में मुनादी भी की जा रही है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसे प्रतीकात्मक विरोध बताते हुए कहा है कि इससे सरकार को मुस्लिम समाज की चिंताओं का एहसास कराया जाएगा।

### 1 मई को विशाल जनसभा आमबगान मैदान साकची में, पहुंचेंगे देशभर से मुस्लिम सांसद

इस क्रम में 1 मई को जमशेदपुर के आम बगान मैदान साकची में एक विशाल जनसभा का आयोजन निर्धारित है। इस सभा में देश भर की कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। सभा के संयोजक रियाज शरीफ के अनुसार, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दि, संयोजक डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास, आगा सैयद रूहुल्लाह मेहंदी सांसद लोकसभा श्रीनगर, डॉ सरफराज अहमद सांसद राज्यसभा, चेयरमैन स्टेट सिटी वक्फ बोर्ड डॉ. इरफान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार , मुजीबुल्लाह खान उर्फ माना खान सांसद राज्यसभा उड़ीसा, सैयद सरवर चिश्ती साहब गद्दी नशीन, दरगाह अजमेर शरीफ, जियाउर्रहमान बर्क सांसद लोकसभा सम्भल , मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सांसद लोकसभा, रामपुर, राजाराम सिंह सांसद काराकाट (बिहार), कांवर दानिश अली पूर्व सांसद, अमरोहा, चौधरी इकरा हसन साहब सांसद कैराना, फौजिया खान सांसद राज्यसभा (महाराष्ट्र) हिदायतुल्लाह खान, अध्यक्ष, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग आदि इसमें भाग लेंगे।

### भविष्य की तकनीकों से रूबरू हुए गुलमोहर हाई स्कूल के छात्र

## आईआईटी खड़गपुर में एआई, रोबोटिक्स और स्मार्ट निर्माण का अनुभव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । तकनीकी शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत, गुलमोहर हाई स्कूल के 40 छात्रों और 4 शिक्षकों ने आईआईटी खड़गपुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का नेतृत्व प्रख्यात वैज्ञानिक प्रोफेसर सुरज्या के. पाल के मार्गदर्शन में हुआ। छात्रों ने इस दौरान कई अत्याधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव किया, जिनमें शामिल थे । स्मार्ट वेल्डिंग प्रणाली, ब्रेन-मशीन इंटरफेस, रियल-टाइम कंपन सेंसर और औद्योगिक डेटा प्रबंधन प्रणाली। इन नवाचारों के माध्यम से छात्रों ने यह देखा कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स और औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (इंडस्ट्रियल एलओटी) मिलकर आधुनिक उद्योगों को



नया स्वरूप दे रहे हैं। इस अनुभव ने छात्रों में न केवल तकनीकी समझ को गहराया, बल्कि उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार की भावना भी विकसित की। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री प्रीति सिन्हा ने कहा, ऐसे अनुभव छात्रों की सोच को नई दिशा देते हैं और यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप है। विद्यालय ने आईआईटी खड़गपुर एवं प्रोफेसर पाल के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की सहभागिता जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## बागबेड़ा जलापूर्ति योजना की धीमी प्रगति पर भड़के आनंद बिहारी दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सोमवार को बागबेड़ा ग्रामीण वृहद जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। खरकाई नदी स्थित बड़ौदा घाट और कुसुम घाट पहुंचकर उन्होंने पाइपलाइन अधिष्ठापन कार्य की स्थिति देखी। दुबे ने पाया कि नदी के अंदर पिलर और बेरिंग निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन पाइपलाइन बिछाने का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। कुसुम घाट पर जमीन से मात्र 500 मिमी नीचे पाइप डाले जा रहे हैं और उनके नीचे कोई सुरक्षा सामग्री नहीं



है। कार्य की गुणवत्ता और गति से असंतुष्ट होकर दुबे ने मौके से ही कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार से फोन पर बात की और नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभाग ने दो महीने में जलापूर्ति शुरू करने का वादा किया था, लेकिन कार्य की स्थिति बेहद चिंताजनक है। दुबे ने चेतावनी दी कि कांग्रेस जनहित में बड़ा आंदोलन करेगी। निरीक्षण में आशीष ठाकुर, राज नारायण यादव, मुन्ना मिश्रा, संजय सिंह आज़ाद, नलिनी सिन्हा, कुमार गौरव, शफी अहमद खान, सीमा मोहती, रंजीत झा, सुशील घोष समेत कई नेता शामिल थे।

## टीएसटीआई बर्मामाइन्स में 2025 अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) और सुरि सेवा फाउंडेशन ने मिलकर बर्मामाइन्स स्थित टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट (टीएसटीआई) में सुरी सेवा फाउंडेशन - अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने न केवल अकादमिक में उत्कृष्टता हासिल की, बल्कि नेतृत्व, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में कुलविन सूरी, सुरि सेवा फाउंडेशन के संस्थापक, अनुमिता



सेनगुप्ता, प्रधानाचार्य, टीएसटीआई, सौरभ रॉय, सीईओ टाटा स्टील फाउंडेशन और कप्तान अमिताभ, हेड स्किल डेवलपमेंट, टाटा स्टील फाउंडेशन सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। कुलविन सूरी ने कहा, सुरी सेवा फाउंडेशन का इस पुरस्कार समारोह से जुड़ना हमारे परिवार के बुजुर्गों की याद में एक सम्मानजनक योगदान है। कप्तान अमिताभ ने भी पुरस्कारों की अहमियत पर बल दिया, जो छात्रों को प्रेरित करते हैं। इस वर्ष कुल 103 छात्रों में से 7 उत्कृष्ट छात्रों को चयनित किया गया। पुरस्कारों के तहत 4,00,000 वितरित किए गए, जो छात्रों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

## नवल टाटा हॉकी अकादमी ने नए हॉकी टर्फ और फ्लडलाइट्स का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) ने आज अपने दूसरे हॉकी टर्फ और प्रसारण-स्तरीय फ्लडलाइट्स का उद्घाटन किया। यह समारोह अकादमी में आयोजित हुआ, जहां टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इन फ्लडलाइट्स की स्थापना टेलीकॉस्ट स्तर की प्रसारण आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है, जिससे हर मैच को अधिक स्पष्टता और जीवंतता के साथ प्रसारित किया जा सकेगा। इससे अकादमी के खिलाड़ियों की




पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी मजबूत होगी। अकादमी ने 2017 में अपना पहला हॉकी टर्फ स्थापित किया था, और 2021 में हॉस्टल की स्थापना के बाद से इसका विस्तार तेजी से हुआ है। अकादमी ने राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रमुख उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नया हॉकी टर्फ और फ्लडलाइट्स खिलाड़ियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर देंगे। एनटीएचए अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेज़बानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टाटा स्टील और टाटा ट्रस्ट्स द्वारा स्थापित, एनटीएचए भारत में हॉकी के भविष्य को नई दिशा दे रहा है।

## गुजराती स्कूल के सचिव के बजाय ट्रस्टी को भेजा गया बिजली बिल, टाटा स्टील को भेजा गया लीगल नोटिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर गुजराती समाज के सचिव जयेश आर. अमीन एवं सदस्य दर्शन भट्ट की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने टाटा स्टील के प्रबंधन को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस टाटा स्टील के एमडी, टाउन एडमिनिस्ट्रेशन हेड, चीफ कॉरपोरेट सर्विस और टाउन इलेक्ट्रिकल चीफ को संबोधित है। नोटिस में कहा गया है कि टाटा स्टील द्वारा वर्ष 1936 और 1963 में श्री गुजराती समाज को लीज पर दी गई जमीन पर निर्मित नरभेराम हंसराज गुजराती एमई स्कूल, डी. एन. कमानी गुजराती स्कूल एवं नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल का



संचालन श्री गुजराती समाज द्वारा किया जा रहा है। इन विद्यालयों के लिए विद्युत कनेक्शन टिस्को लिमिटेड से लिया गया था, जिसके उपभोक्ता क्रमांक 0000685 और बी.पी. क्रमांक 0010023064 हैं। फरवरी 2025 तक बिल सचिव के नाम से नियमित भुगतान के साथ जारी होता रहा, लेकिन मार्च 2025 से बिजली बिल ट्रस्टी के नाम पर भेजा जाने लगा। वकील सुधीर कुमार पप्पू ने अपने नोटिस में यह भी उल्लेख किया है कि सचिव को दरकिनार कर ट्रस्टी के नाम बिल जारी करना एकतरफा, मनमाना और अवैध कृत्य है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कथित ट्रस्टी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, जबकि इस मामले को लेकर सिविल अपील संख्या 15/2025, कोर्ट ऑफ एंड सेशन जज, जमशेदपुर में विचाराधीन है। नोटिस में कहा गया है कि सचिव द्वारा पत्राचार के बावजूद टाटा स्टील ने बिना पूर्व सूचना या सहमति के ट्रस्टी के नाम बिल जारी किया, जो धोखाधड़ी, छल और आपराधिक साजिश के अंतर्गत आता है। ज्ञात हो कि विद्यालय प्रबंधन को लेकर श्री गुजराती समाज और जैन गुजराती समाज के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। टाटा स्टील द्वारा निर्धारित समय सीमा में जवाब न दिए जाने की स्थिति में शिकायतकर्ता न्यायालय का रुख करेंगे।

## मुकेश अग्रवाल बने मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा के अध्यक्ष, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स सभागार में संपन्न हुआ। मंच के नव-निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल समेत सभी नवगठित कार्यकारिणी और समिति सदस्यों ने विधिवत शपथ ली। इससे पहले दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह का शुभारंभ मंच के अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। मंच का सफल संचालन उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में



सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अरुण गुप्ता, मोहित मूनका, सुगम सरायवाला उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में मंच के कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक सेवा, युवा सशक्तिकरण और संगठनात्मक विकास पर बल दिया। संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला का वक्तव्य विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा, जिसमें उन्होंने शाखा की स्थापना के उद्देश्यों और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। नव-निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी है। हम एक टीम के रूप में काम करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष सीए रवि कुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा। अंत में सचिव विजय सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मनीष कुमार अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, बिमल रिंगासिया, कैलाश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, राजीव अग्रवाल, राधा कृष्ण मूनका, राम कृष्ण मूनका, अनिल रिंगासिया, अमित कुमार अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, मेघा रिंगसिया, नेहा अग्रवाल, सौरव कुमार, सुमन चौधरी, शिव चौधरी, अश्विनी अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

## ‘आतंकिस्तान’ का कबूलनामा

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा ‘गंदा धंधा’ कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा ‘टैऊक रिकार्ड’ (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।’ बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर ‘आतंकवादी’ थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को ‘नंबर 1 दुश्मन’ मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के ‘स्काई टीवी’ के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है। बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह ‘नंगई वाला बयान’ है। अफगानिस्तान में लडऩे के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी ‘स्वतंत्रता सेनानी’ मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान ‘फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स’ (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढऩे वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के ‘आईएसआई सेफ हाउस’ में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था।

> पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा ‘गंदा धंधा’ कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा ‘टैऊक रिकार्ड’ (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।’ बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर ‘आतंकवादी’ थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को ‘नंबर 1 दुश्मन’ मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है।

### कश्मीर को सुरक्षित माने जाने से कश्मीर में देश और दुनिया के पर्यटकों के कदम तेजी से बढने लगे

## कश्मीर में पर्यटन पर आतंकी आघात

डा. जयंतीलाल भंडारी

> कश्मीर में लगभग 5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन उद्योग-कारोबार में रोजगार मिला हुआ है। इनमें से अधिकांश के लिए टैक्सी सर्विस, होटल, गाइड, हस्तशिल्प और पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां जीविका का साधन है। अब इस आतंकी हमले के बाद कश्मीर में रिकार्ड तोड़ती पर्यटकों की संख्या दम तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक अपनी होटल व फ्लाइट बुकिंग कैंसिल करा रहे है। इसका सीधा असर स्थानीय कश्मीरी लोगों और वहां के पर्यटन उद्योग और कारोबार पर दिखाई देने लगा है।

**यकीनन** 22 अप्रैल को कश्मीर की सबसे खूबसूरत वादियों में से एक और भारत का स्विटजरलैंड कहे जाने वाले पहलगाम में 26 पर्यटकों को क्रूरतापूर्वक मारे जाने के आतंकी हमले ने जम्मू-कश्मीर में उभरते हुए पर्यटन क्षेत्र को करारा झटका दिया है। साथ ही इस हमले ने कश्मीर में पर्यटन से जुड़े लाखों कश्मीरियों के जीवन में निराशा की काली चादर ढंक दी है। कश्मीर में लगभग 5 लाख लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन उद्योग-कारोबार में रोजगार मिला हुआ है। इनमें से अधिकांश के लिए टैक्सी सर्विस, होटल, गाइड, हस्तशिल्प और पर्यटन से जुड़ी गतिविधियां जीविका का साधन है। अब इस आतंकी हमले के बाद कश्मीर में रिकार्ड तोड़ती पयर्टकों की संख्या दम तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक अपनी होटल व फ्लाइट बुकिंग कैंसिल करा रहे है। इसका सीधा असर स्थानीय कश्मीरी लोगों और वहां के पर्यटन उद्योग और कारोबार पर दिखाई देने लगा है। गौरतलब है कि 1990 के दशक में जब कश्मीर में आतंकवाद ऊंचाई पर था और जब कश्मीरी पंडित कश्मीर छोडक़र जा रहे थे, तब कश्मीर में पर्यटकों की संख्या नगण्य हो गई थी, लेकिन कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और विधानसभा चुनाव के बाद कश्मीर को सुरक्षित माने जाने से कश्मीर में देश और दुनिया के पर्यटकों के कदम तेजी से बढऩे लगे। पर्यटन की ताकत के दम पर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था तेजी से बढऩे लगी। वर्ष 2024-25 में कश्मीर की विकास दर 7 फीसदी से अधिक रही है। साथ ही कश्मीर का सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) करीब 2.65 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यहां के लोगों की प्रति व्यक्ति आय भी करीब 11 फीसदी बढक़र डेढ़ लाख रुपए से अधिक हो गई है। बेरोजगारी दर भी घटी है। यदि हम पर्यटकों की संख्या देखें तो यह वर्ष 2020 में करीब 34 लाख थी। वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में 2.11 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। यह संख्या वर्ष 2024 में बढक़र 2.36 करोड़ पहुंच गई, जो एक रिकार्ड है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इस समय कश्मीर के पर्यटन उद्योग का आकार लगभग 12 हजार करोड़ रुपए का है। कश्मीर में आर्थिक गतिविधियों के दायरे में वृद्धि होने से जम्मू-कश्मीर की आर्थिकी में सेवा क्षेत्र का योगदान करीब 61 फीसदी हो गया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह करीब 55 फीसदी ही है। कश्मीर में गैर कर राजस्व (एनटीआर) में पर्यटन क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढक़र 25 फीसदी से अधिक हो गई है। लेकिन अब इस आतंकी हमले ने कश्मीर के पर्यटन पर ब्रेक लगा



दिया है। पहलगाम आतंकी हमले ने वर्ष 2019 में कश्मीर के पुलवामा में हुए आत्मघाती आतंकी हमले की याद दिला दी है, जिसके कारण कश्मीर में पर्यटन को बड़ा झटका लगा था और 2019 में कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या घटकर आधी रह गई थी। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कश्मीर पर कई आर्थिक चुनौतियां लेकर आया है। कश्मीर का बढ़ता हुआ पर्यटन उद्योग कश्मीर की नई आर्थिक शक्ति है। यदि हम एक दशक पहले के कश्मीर की आर्थिकी को देखें तो पाते हैं कि कश्मीर की आर्थिकी में केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए संसाधनों की अधिक भूमिका रही है। जम्मू-कश्मीर के अधिकांश लोग जीवन निर्वाह के लिए परंपरागत कृषि कार्य में लगे हुए दिखाई देते हैं। लेकिन उनकी कृषि में परंपरागत साधनों का ही उपयोग किया जाता रहा है। यद्यपि कश्मीरी लोग चावल, मक्का, गेहूं, जौ, दालें, तिलहन तथा तम्बाकू आदि उत्पादित करते हैं। साथ ही कश्मीर में बड़े-बड़े बागों में सेब, नाशपाती, आडू, शहतूत, अखरोट और बादाम उगाए जाते है, लेकिन इन सबकी उत्पादकता बहुत कम है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर में देशी और विदेशी पर्यटकों के बढऩे का परिणाम यह रहा है कि जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में सुधार होने लगा है। कश्मीर के हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों का विकास दिखाई देने लगा है। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख हस्तशिल्प उत्पादों में कागज़ की लुगदी से बनी वस्तुएं, लकड़ी पर नक्काशी, कालीन, शॉल और कशीदाकारी का सामान आदि शामिल हैं। कश्मीर के प्रसिद्ध पश्मीना का उत्पादन यहीं पाली जाने वाली बकरियों से होता है। रेशम पालन भी कश्मीर में बहुत प्रचलित है। हस्तशिल्प उद्योग से काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित होती है। इसके साथ ही परिशुद्धता की जांच करने वाले उपकरण, धातु के बरतन, खेल का सामान, फर्नीचर, माचिस और राल व तारपीन जम्मू-कश्मीर के मुख्य औद्योगिक उत्पादन है।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद देश के अन्य क्षेत्रों से इन छोटे उद्योगों एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में नई पूंजी प्राप्त होने से ये उद्योग आगे बढऩे लगे हैं। इसका फायदा यहां के लोगों को सीधे तौर पर रोजगार के अवसर के रूप में मिलने लगा है। ऐसे में कश्मीर से अपने घर को छोडक़र दूसरे राज्यों में नौकरी के लिए जाने वाले युवाओं की संख्या में कमी आने लगी है। कश्मीरी लोगों की प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होने के साथ-साथ जीवनस्तर में सुधार होने लगा है। नया देशी-विदेशी निवेश आने से बुनियादी ढांचे, शिक्षा सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होने के साथ जम्मू-कश्मीर में आर्थिक-सामाजिक खुशहाली बढऩे लगी है। कश्मीर में प्रॉपर्टी के दामों में उछाल का लाभ जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलने लगा है। ऐसे में पहलगाम में आतंकी हमला न केवल कश्मीर के पर्यटन उद्योग की रीढ़ तोड़ते हुए दिखाई दे रहा है, वरन् इससे पूरे देश में पर्यटन उद्योग और बढ़ते विदेशी पर्यटकों की संख्या पर भी असर पड़ सकता है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीसी) के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था का लगभग सात प्रतिशत हिस्सा पर्यटक क्षेत्र से आता है। भारत में पर्यटन उद्योग का आकार वर्ष 2024 में लगभग 256 अरब डॉलर रहा है। पर्यटन उद्योग भारत में करीब 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। तेजी से बढ़ता भारत का पर्यटन उद्योग अगले 10 वर्षों में 523 अरब डॉलर का हो सकता है। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पहलगाम में आतंकी हमले से निर्मित चुनौती का प्रतिकार करते हुए आतंकियों व पाकिस्तान को ऐसा सबक देगी, जिससे भविष्य में वे ऐसा दुस्साहस नहीं कर पाए। सरकार के द्वारा पाकिस्तान सहित दुनिया को यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब साफ्ट स्टेट नहीं रहा, वह वैचारिक स्तर पर भी आतंक को समूल खत्म करने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह अब कश्मीर सहित पूरे देश की निगाहें सरकार के द्वारा पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के पर्यटन संबंधी दुष्परिणामों को दूर करने और पाकिस्तान और आतंकियों का दुस्साहस तोडऩे की ऐसी रणनीति पर लगी हुई है, जिससे फिर से कश्मीर सहित पूरे देश में पर्यटन की निराशायुक्त काली छाया को पर्यटन की नई आशाओं में बदला जा सके। इस बात को ध्यान में रखा जाना होगा कि कश्मीर में फिर से पर्यटकों की बहार के दम पर ही भारत में वर्ष 2030 तक विदेशी पर्यटकों से 56 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लक्ष्य के साथ वर्ष 2047 तक भारत को एक लाख करोड़ डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढाए जा सकेंगे।

दृष्टि कोण

## बेरोजगारी : सही नीति निर्धारण से समाधान संभव

**संपूर्ण** भारतवर्ष में ही बेरोजगारी एक गंभीर तथा जटिल समस्या बनी हुई है। विभिन्न विश्वव्यापी घटनाओं तथा प्राकृतिक आपदाओं जैसे कोविड, बाढ़ आदि ने इसे और भी जटिल बना दिया है। बेरोजगारी व्यक्ति के लिए निर्धनता, समाज के लिए अपमानजनक तथा राष्ट्र के लिए मानवीय संसाधन की हानि का प्रतीक है। बेरोजगार वे व्यक्ति होते हैं जो पंद्रह से साठ वर्ष की आयु वर्ग में होते हैं और वे काम करने के इच्छुक हैं, पर उनके पास काम नहीं होता। हिमाचल प्रदेश में भी बेरोजगारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। हिमाचल में संपन्न हुए चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में राज्य में युवाओं को 5 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का वादा किया था। इस गारंटी को पूरा करने के लिए एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति भी गठित की है। इस गारंटी को पूरा करना वर्तमान सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट उप-समिति, जो संसाधन जुटाने के सुझाव के लिए बनाई गई है, ने सरकार को अनुशंसित किया है कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को 58 वर्ष से 59 वर्ष किया जाए। घाटे में चले हुए कुछ उपक्रमों को बंद करने की भी सिफारिश की है। अगर सरकार इन निर्णयों को लेती है तो बेरोजगार युवा और हताश होंगे और नशाखोरी एवं नशे के कारोबार में ज्यादा संलिप्त होंगे। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 8 लाख से भी अधिक बेरोजगार हैं। आंकड़ों के मुताबिक बेरोजगारी दर हर साल एक प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी के मुख्य कारण हैं-औद्योगिकीकरण की कमी, सरकारी नौकरियों पर निर्भरता, कौशल विकास की कमी, कृषि और पर्यटन में मौसमी रोजगार तथा शिक्षा का स्तर आदि। हिमाचल प्रदेश को कुदरत ने बहुत से प्राकृतिक संसाधनों से नवाजा है। अगर सही ढंग से इनका दोहन किया जाए तो यहां कोई भी बेरोजगार नहीं रहेगा। बेरोजगारी के निवारण के लिए हिमाचल प्रदेश को ठोस नीति बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए वेतनभोगी नौकरियों के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। युवाओं को स्वरोजगार की तरफ भी अपनी रुचि को मोडऩा होगा। हिमाचल प्रदेश में वेतनभोगी रोजगार या नौकरियां भिन्न-भिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से बेरोजगारों को दी जा सकती हैं। इसके लिए बेरोजगार युवा पिछले कई वर्षों से प्रदर्शन करते रहे हैं। सरकारी विभागों में इस समय हजारों की संख्या में खाली पद पड़े हैं। विभिन्न विभागों में खाली पदों के होने से जनता के काम सुचारू रूप से नहीं होते। हिमाचल प्रदेश सरकार ने जो भर्तियां अभी तक की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में बहुत कम हैं, बाकी पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरा जा रहा है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती न ही युवाओं के लिए सही है और न ही सरकार के लिए, क्योंकि अगर आउटसोर्सिंग के कर्मियों ने किन्हीं कारणों से काम बंद कर दिया तो सरकार के सभी दफ्तरों के काम बंद हो जाएंगे। आउटसोर्सिंग से काम की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। हिमाचल प्रदेश में वेतनभोगी रोजगार के साधन सीमित हैं, परंतु कृषि एवं बागबानी, पर्यटन, हाइड्रो पावर परियोजनाओं तथा खनिज क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन तथा पनबिजली दो ऐसे क्षेत्र हैं जिनका सही नीति निर्धारण कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश सैलानियों के लिए स्वर्ग है। लोग देश और विदेशों से हिमाचल प्रदेश में पर्यटक स्थल, धार्मिक स्थल, मंदिर आदि देखने आते हैं। एक अच्छी पर्यटक नीति, अच्छी सडक़ें, हवाई हड्डे, सैलानियों के ठहरने के लिए अच्छी व्यवस्था, पर्यटकों के जान-माल और शोषण की रक्षा आदि से पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

कुछ अलग

## फटी अखबार पर मीडिया

**अचानक** उस पैसे वाले को लगा कि छवि चमकाने के लिए एक मीडिया हाउस खोलकर अखबार से लेकर डिजीटल माध्यम चला लेना चाहिए। पैसे वाले साहूकार ने इसलिए सलाहकारों का पैनल बनाकर एक दिन मीटिंग रख दी। राजनेता मित्र को बुलाया और पूछा आपको कैसा मीडिया चाहिए, तो उत्तर मिला, ‘राजनीति को अब मीडिया का बिछौना चाहिए, जिसे चिपका कर चुनाव प्रचार किया जा सके और जिसे बिछाकर सरकार चल सके। इसमें काफी किफायत और बरकत है। अगर अखबार को सियासत के जरिए बचे रहना है तो बिछना सीख ले।’ यह सुनकर अखबार बिफर गई। चुनावी रैली उसे बिछा कर खाना खा रही थी कि अखबार ने चालाकी में वहां से उडऩा मंजूर कर लिया। वह उड़ती-उड़ती चुनाव प्रचार कार्यालय लौट आई। यह देखते ही वहां पार्टी के एक कार्यकर्ता ने उसे जमीन से उठाया। ठीक से झाड़ा और प्रचार के लिए मिले नोटों की गड्डियों के इर्द गिर्द लपेट दिया। अखबार की सांस घुट रही थी। उसने नोटों से पूछा, ‘कहां से आए, कहां जा रहे हो।’ नोट कडक़ थे, अहंकार की अकड़ से भरे थे। उन्हें अखबार का इस तरह प्रश्न पूछना पसंद नहीं आया। कल इसी अखबार के पत्रकार ने चुनावी चंदा लिया था। वे नोट भी पूरे थे। सारा साल मीडिया की रोजी-रोटी में चुनावी प्रचार होता है, तो बुरा नहीं लगता, मगर इसमें पैसे को लपेटने और बांटने के लिए गोपनीयता बरती, तो अखबार के पन्ने बोल पड़े। चुनावी फंड और अखबार की लड़ाई बढ़ गई, तो एक तरफ नेता थे, दूसरी तरफ मीडिया के मुगल थे। नेताओं ने डांटने के लहजे से दो टके की अखबारी रद्दी से पूछा, ‘है तेरी इतनी औकात कि चुनाव प्रचार के सारे खर्च को ढो पाए। तेरा तो हर शब्द बिका है, तेरा तो हर मर्म बिका है।’ अखबार की छाती से लिपटे नोट उसे दर्द दे रहे थे। वह जहां तक संभव था, लड़ती रही, चुनाव, चुनाव के धंधे में प्रचार और प्रचार में मीडिया के इस्तेमाल से। अंततः वो फट गई, तो कार्यकर्ता के ‘हक’ के पैसे गिरते-गिरते बचे। उसने नोट बचाने के लिए अखबार को और नीचे गिराने के लिए धक्का दे दिया। फटी हुई अखबार का एक हिस्सा मालिक के चरणों में, दूसरा संपादक और तीसरा पत्रकारों के पास आकर गिरा। मालिक को अखबार का टुकड़ा गर्म लगा, संपादक को बेरहम लगा, जबकि पत्रकार यह तय नहीं कर पा रहा था कि अखबार ज्यादा ठंडी है या उसका किरदार। हर किसी को अपने-अपने हिस्से की सूचना मिली थी। मालिक को मिला टुकड़ा रंगीन था, लेकिन विज्ञापन की वजह से दीन था। अखबार के इस टुकड़े में भी टुकड़े-टुकड़े विज्ञापन थे। ऐसे ज्योतिषियों के, जो मनमुटाव पर शादी तुड़ाने का यंत्र भेज सकते थे, राजनेताओं को चुनाव की टिकट और विरोधियों के छक्के छुड़ाने का विज्ञापन कर रहे थे। कोई क्रीम सारी कालिख मिटा कर सुंदर बना रही थी, तो साथ लगता विज्ञापन उचित वर ढूंढ कर ला रहा था। संपादक ने अपने हिस्से के टुकड़े को समझने के लिए पहले सामने रखे ‘रुह अफजाह शरबत’ का घूंट भरा, लेकिन खबर का मजा नहीं आया। पुनः मजे के लिए बाबा रामदेव का ‘रोज’ शरबत उस रोज भी उठा लिया। पीते ही संपादक की धडक़न तेज हो गई। उसने तुरंत अलोम-विलोम किया। फिर दंडवत मुद्रा में स्वीकार किया कि संपादक को भी बाबा हो जाना चाहिए। उसे बिना शीर्षासन चक्कर आ रहा था, क्योंकि अखबार के टुकड़े में एक और बाबा भी आंख दिखा रहा था। अखबार के उसी टुकड़े में उसे एक कोने में देश के दर्शन हुए।

देश दुनीया से

## कश्मीरियों को नहीं पसंद पाकिस्तानियों का दखल

**पहलगाम** में गत सप्ताह जिस तरह मौत का तांडव मचा, जब आतंकवादियों ने पहचान के आधार पर छांट-छांट कर सैलानियों को गोलियों का शिकार बनाया, उससे किसी सख्त से सख्त दिल तक की रीढ़ में सिहरन दौड़ जाए। इन पर्यटकों में अधिकांश भारत के छोटे शहर जैसे कि शिवमोगा, पनवेल, विशाखापट्टनम, नेल्लोर, थाणे, करनाल, हैदराबाद, भावनगर, लोअर सुबानगिरी के ताजांग गांव, कोझीकोड जैसी जगहों से कश्मीर घूमने आए थे। जन्म से ही हमें बताया जाता है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है। अगर 2008 के मुंबई हमलों का उद्देश्य भारत के वित्तीय राजधानी को पंगु करना और इस तरह भारत को अपने घुटनों पर लाना था, तो बैसरन के अपराधियों का संदेश और भी स्पष्ट है कि मुस्लिम बहुल कश्मीर को सामान्य बनाने की कोशिश न की जाए, जो कि ‘द्वि-राष्ट्र सिद्धांत’ का हृदयस्थल है और यह फलसफा जितना जायज विभाजन के वक्त था, उतना ही आज भी है। हिंदू और मुसलमान अलग-अलग हैं और उन्हें पृथक ही रहना होगा। इसलिए एक पल के लिए भी यह मत सोचिएगा कि कन्नड़, मलयाली, महाराष्ट्रीयन, गुजराती और हरियाणवी कश्मीर के मैदानों में मनमाफिक विचरेंगे और झूठमूठ मान लेंगे कि वे स्विट्ज़रलैंड में सैर कर रहे हैं– हालांकि मानने की बात कि यह इलाका स्विट्ज़रलैंड से कहीं ज्यादा खूबसूरत है- सिर्फ इसलिए कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है और इसके वर्तमान को नया स्वरूप प्रदान करना चाहती है। लेकिन अगर आप इस बारे में विचार करें, तो बैसरन का संदेश वास्तव में काफी अलग है। जिस तरह से कश्मीरी लोग इस नृशंस नरसंहार की निंदा करने के लिए उठ खड़े हुए हैं, उमर अब्दुल्ला से लेकर टट्टू की सवारी करवाकर रोजी-रोटी कमाने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार तक, जिसने एक आतंकवादी के हाथ से बंदूक छीनने की कोशिश की और आतंकी ने उसे मार डाला। इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि हफ्ते का दिन कोई भी हो, कश्मीरी आवाम अलगाववाद के प्रयोजन को बढ़ावा देने वाले ढोंगियों की बजाय शांति बनाए रखने को तरजीह देना चाहता है। जब से समूची मुस्लिम बहुल घाटी में ‘आज़ादी’ के नारे गूंजने के बाद कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ था और बाद के तमाम सालों में विद्रोही गतिविधियां जारी रहीं, 35 वर्षों में यह पहली बार है जब कश्मीर के मुसलमान एक बार फिर से तथाकथित ‘द्वि-राष्ट्र सिद्धांत’ के मलबे पर थूक रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने यह 1947 में किया था, जिसने घुसपैठिए भेजने वाला नव-स्वतंत्र पाकिस्तान को नाराज़ कर डाला। फिर भारतीय सेना को कारगिल की चोटियों पर काबिज हुए घुसपैठियों की पहली सूचना देकर उन्होंने 1999 में भी यही किया। आज फिर से वही कर रहे हैं। यह सच है कि 2019 में अनुच्छेद-370 को बहुत ही असहज तरीके से हटाया गया, जिसके कारण बहुत लोगों को कर्फ्यू के कारण लंबे समय तक अपने ही घरों में कैद रहना पड़ा था। साथ ही,



संवैधानिक रूप से गारंटी के रूप में प्रदत्त उनके अधिकारों का हनन का आक्षेप है। लगा कि आम कश्मीरी के पास खुलकर सांस लेने की जगह बहुत कम बची। लेकिन, अंततः मांएं और बच्चे पार्कों में बेधड़क बैठकर दिन भर की घटनाओं पर गप-शप करने की साधारण किंतु कीमती आजादी का अनुभव कर पाए। बच्चे फिर से स्कूल जाने लगे और स्कूल की दीवारें इतनी छोटी हैं कि आप उन्हें अंदर फुटबॉल खेलते हुए देख सकते हैं। श्रीनगर में झेलम के तट पर काले हिजाब में महिलाएं पुरुष साथियों के साथ बैठकर आइसक्रीम का लुत्फ लेते दिखाई देती हैं। शेष हिंदुस्तान अमीर खुसरो की जन्नत की ओर उमड़ने लगा, पिछले साल दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। इन दिनों, आत्म-सम्मान, स्वायत्तता और श्रीनगर-जम्मू और दिल्ली के बीच अक्सर तनावपूर्ण संबंधों को लेकर चलने वाली बहस पर ध्यान कुछ हटा हुआ है। फिलहाल जिस मुद्दे पर बहसें होती रहती हैं और जिस पर चर्चा घूम फिर कर वहीं आ जाती है– उसकी वजह मुख्यतः इस तथ्य पर है कि शांतिपूर्ण चुनाव के सात महीने बाद भी जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया। अब जब राज्यवासी भी देश के बाकी हिस्सों के साथ शोक मना रहे हैं, कश्मीरी लोग पाकिस्तानियों से कह रहे हैं कि न सिर्फ़ वे अपने काम से मतलब रखें, बल्कि उनसे दूर रहें और अकेला छोड़ दें। पाकिस्तान के भीतर की प्रतिक्रिया पर भी ध्यान दें। उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार को भारत के इस आरोप का बचाव करने के लिए विदेशी मीडिया के सामने उतारा गया कि नरसंहार करने वाले आतंकवादी पाकिस्तानी हैं। आरोप नकारने को उन्होंने यह कहकर समाप्त किया कि असली मुद्दा यह है कि ‘कश्मीर प्रश्न’ एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है और इसे 1949 के संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए। शायद डार ने यह गौर नहीं किया कि इस सप्ताह की शुरुआत में पहलगाम नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और रोष मार्चों में भाग लेकर कश्मीरियों ने उनके लिए इस प्रश्न को हल कर दिया है, जो ‘मेरे नाम पर नहीं’ से शुरू हुआ और समाप्त हुआ। पाकिस्तानी मीडिया भी यही खबरें दे रहा है कि यह एक घरेलू नाकामी छिपाने का ‘छद्म अभियान’ है, अर्थात् केंद्र सरकार की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए भारतीय एजेंसियों ने खुद ऐसा किया। तब तो कोई भी हैरान हो सकता है कि अगर अजमल कसाब जिंदा पकड़ा नहीं गया होता, तो मुंबई हमले का जिम्मेवार कौन होता। वैसे भी, इस कांड के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए पाकिस्तान में कोई कदम नहीं उठाया गया है। 17 साल गुजर चुके हैं, लेकिन इसके मास्टरमाइंड आज भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं। फिर भी, इस बड़े खेल का एक नया अध्याय पहले से ही शुरू हो चुका है। जहां भारत और अमेरिका एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं, वहीं गौरतलब है कि चीन ने अभी तक पहलगाम हमले की निंदा नहीं की है, सिवाय भारत में चीनी राजदूत के एक ट्वीट के। स्पष्ट रूप से, चीन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस मुद्दे पर सघन वार्ता पर नज़र रखे हुए होगा।

आप का नजरीया

## पुलिसकर्मी की भूमिका का नूर

**पुलिस** महकमे से पुलिस कर्मी के आंगन तक सुधार की गुंजाइश का एक नजरिया, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश से निकला है। माननीय अदालत ने पुलिस पहरे की शिनाख्त में श्रम की आरजू और श्रम की सीमा को रेखांकित किया है। कठिन ड्यूटी के मुकाम पर तैनात सिपाही के मानसिक तनाव, सतर्क निगहबानी का हिसाब और हर पल जवाबदेही का खिंचाव जिस समय से गुजरता है, उसके वक्त का कानूनी मानदंड तय हुआ है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने सरकार को पुलिस कर्मियों की सेवा शर्तों में सुधार लाने का आदेश ही नहीं दिया, बल्कि यह सुनिश्चित करने को कहा कि इनकी सेवाओं के बदले पैंतालीस दिन का अतिरिक्त वेतन मिले, आवास परियोजनाओं को गति मिले तथा पूरे करियर में कम से कम तीन पदोन्नतियां हर सूरत मिलें। अदालती आदेश से मानवीय पहलू रोशन होते हैं और जो सुधारों की पैरवी में एक नया अभियान खड़ा करते हैं। अदालत भीड़ में पुलिस वाले को देख रही है, वह ट्रैफिक नियंत्रण की स्थिति में उसे निहारते हुए यह देखती है कि किस तरह प्रदूषण के बीच उसकी जिम्मेदारी के हाथ, अपने ही फेफड़ों में जहरीली गैसों का उत्सर्जन भर रहे हैं। कानून-व्यवस्था के रखवालों को कानून की शरण लेनी पड़ी, तो अदालत ने उनके हर तनाव और दबाव को बारीकी से देखा। इस तरह पुलिस प्रशासन के तहत पुलिस कर्मी के जीवन से जुड़े हर पहलू को ड्यूटी और फर्ज से संलग्न होने में मदद मिलेगी। यानी कल का पुलिस थाना, आज से भिन्न कैसे होगा और उसके भीतर सकारात्मकता के लिहाज से कौन से कदम प्रभावशाली होंगे। विधि व्यवस्था के लिए सबसे पहले हर नागरिक का बचाव और विश्वास पुलिस यूनिफार्म पर आता है। कहना न होगा के प्रदेश के किसी भी संकट के समय, राहत की तलब तब पूरी होती है जब सामने पुलिस व्यवस्था के तहत सतर्कता और बचाव की तैयारी गूंजती है। अंततः हमारी सुरक्षा के सारे हाथ उसके हैं, जो कभी ट्रैफिक को चला रहा या कभी अपराध की तफतीश में जान लड़ा रहा है। उसके कत्र्तव्य क्षेत्र के फलक पर लोगों की चिंताएं, कानून की हिफाजत और व्यवस्था की छवि घूम रही है। अदालत के फैसले ने पुलिस महकमें का आत्मबल और उसकी भूमिका का नूर बढ़ाया है। कोई सिपाही न आर्डर को मना कर सकता और न ही ड्यूटी को फाइल बना कर पटक सकता है। होते होंगे बहुत सारे ऐसे विभाग जहां फाइलें घूंघट में काम करती हैं, लेकिन सिपाही हर ड्यूटी में एक मोर्चा है- एक तत्परता है। यह दीगर है कि विभागीय तौर तरीकों में इस महकमे में भी कत्र्तव्य की कई छननियां और जवाबदेही आलोच्य हो जाती है, लेकिन जब सिपाही की इकाई में मूल्यांकन होता है, तो प्रतिकूलता के कई दौर उसके भीतर तक चोट करते हैं। कर्नाटक, इलाहाबाद और कोलकाता जैसे हाई कोर्ट समय-समय पर पुलिस सुधारों के मानकों पर सुझाव देते रहे हैं, लेकिन इस बार हिमाचल उच्च न्यायालय ने मानवीय संवेदना के कई पहलुओं पर एक पुलिस कर्मी को उसका वांछित हक दिलाया है।

## अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी थाना प्रभारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों से अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। थाना प्रभारियों द्वारा जानकारी दी गई कि सूचना प्राप्त होने के पश्चात प्राथमिकता के आधार पर अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण का कार्य किया गया है। इसके साथ ही उक्त कार्य में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए गिरफ्तारी की भी कार्रवाई की जाती है और विनष्टीकरण वाले स्थल पर दुबारा खेती ना हो इसके लिए थाना स्तर से इसकी निगरानी भी रखी जाती है। उपायुक्त ने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा अभियान मोड में डोडा, अफीम समेत अन्य निषिद्ध मादक पदार्थों की ट्रांसपोर्टीन ना हो इसके लिए संबंधित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक जांच अभियान चलाएं। उपायुक्त ने कहा अफीम की खेती के विनष्टीकरण, रोकथाम एवं आमलोगों को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सभी संबंधित आपस में समन्वय बनाते हुए भोले भाले लोगों को उक्त कार्य में संलिप्त करने वाले लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई करें। बैठक में उक्त कार्रवाई के अलावे पूर्व में भी की गई कार्रवाई की भी गहनता पूर्वक समीक्षा की गई। नशीले पदार्थों की तस्करी/ बेचना, परामर्श एवं पुनर्वास, अवैध खेती, विविध / अन्य से संबंधित यदि आपके पास किसी भी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी है या आप नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में कोई मदद चाहते हैं तो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों। सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों के साथ बीडीओ ने किया बैठक, दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ राहुल देव ने मंगलवार को मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास कॉर्डिनेटर के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी जुटाई। अबुआ आवास निर्माण में स्थल का निरीक्षण कर जिओ टैग कर राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया।इसके साथ आम बागवानी में प्रखंड के सभी पंचायत में बुधवार से गढ़ा खोदो अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, चितरंजन शर्मा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सतेंद्र कुमार शालिनी भारती वर्मा, निर्मल दांगी, पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## लोकपाल पहुंची गिद्धौर, मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बारिसाखी पंचायत भवन में मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान मंगलवार को पहुंची।यहां लोकपाल ने मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया।इस दौरान पंचायत भवन में मनरेगा योजनाओं के कई पंजी का अवलोकन किया। साथ ही बीपीओ सहित कर्मियों के साथ बैठक भी किया।बैठक में कई निर्देश भी दिए।इसके बाद लोकपाल बारिसाखी गांव में बने डोभा,कूप व आम बागवानी का निरीक्षण किया। लोकपाल ने बारिसाखी गांव से गढ़ा खोदो पौधा लगाओ अभियान की शुरुआत की। इसे लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों में गढ़ा खोदने का काम बुधवार से शुरू की जाएगी। मौके पर बीपीओ रामकुमार सिंह, रोजगार सेवक पार्वती कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु निरंतर छापेमारी, जांच अभियान चलाने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम 29 मार्च 2025 में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक कई दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक, आम्रपाली द्वारा बताया गया कि विगत बैठक में दिये गए निदेश के अनुपालन में सी0सी0एल0 आम्रपाली प्रबंधन द्वारा रोड स्वैपिंग मशीन- 1 और फॉग कैनन - 2 क्रय कर लिया गया है। शीघ्र ही परियोजनान्तर्गत इसका संचालन किया जायेगा। इस पर उपायुक्त, द्वारा निदेशित किया गया कि 15 दिनों के अन्दर उक्त मशीनों का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। विगत बैठक में दिये गए निदेश में आम्रपाली प्रबंधन द्वारा कोयला खनन परियोजना से शिवपूर साईडिंग तक कोयला परिवहन में सी0टी0ओ0 के अनुपालित सभी बिन्दुओं का निरीक्षण नहीं किये जाने पर उपायुक्त, चतरा द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा जिला खनन पदाधिकारी, चतरा, क्षेत्रिय पदाधिकारी, जेएसपीसीबी हजारीबाग एवं अंचल अधिकारी, टण्डवा के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निदेशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आम्रपाली परियोजना क्षेत्र का नियमित जाँच करना सुनिश्चित करेंगे। अवैध खनन के विरूद्ध अंचलवार / कार्यालयवार कृत कार्रवाई की समीक्षा की गई।

## विद्यालय में जल पखवाड़ा को लेकर किया गया कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के सभी विद्यालयों में एक पकवाड़े तक चलने वाले जल पखवाड़ा के तहत गिद्धौर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कई कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इसे लेकर विद्यालय की छात्राओं ने प्रभात फेरी, निबंध लेखन व जल संरक्षण, असलोगन प्रतियोगिता किया। जिसके माध्यम से जल लोगों के लिए आवश्यक है। विषय पर जागरूक किया। जिससे जल संचयन करने व इसके उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही जल बचाव, भूमिगत संरक्षण, पानी बर्बाद न करें, पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार, विनय दांगी, मंजू कुमारी, पिंकी कुमारी, किरण कुमारी, पूनम कुमारी समेत अन्य शामिल है।

## झारोटेफ का हंटरगंज में हुआ ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) प्रखंड इकाई द्वारा कर्मचारियों के 3 प्राथमिक एवं 8 विशिष्ट माँगो के लिए राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराने हेतु संघ अपने दूसरे चरण का आंदोलन मे मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय हंटरगंज में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश कुमार और जिला संयोजक अनुप कुमार ने बताया कि अन्य राज्य कर्मियों की तरह ही शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने , राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने वही विशिष्ट मांग में एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने की कदम उठायी जाय, सीमित प्रतियोगिता में सम्मलित होने की अनुमति, गैर लाभकारी संशोधनों को वापस लिया जाए, परिवहन भत्ता का लाभ,300 दिनों से अधिक अवकाश उपार्जित, लिपिक संवर्ग के लिए एक समान सेवा नियमावली लगी, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को लिपिक संवर्ग में नियमित प्रोन्नति, संविदा/ आउटसोर्सिंग बहाली की परिपाटी को खत्म किया जाय. इत्यादि न्यायोचित मांगो के संबंध में यह आंदोलन पूरे राज्य भर में चलाया जा रहा है। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार यादव, यशवंत कुमार यादव, नवरदेश्वर गुप्ता, कृष्णा कुमार, ओमप्रकाश महतो, आलोक कुमार सिंह, राकेश कुमार समेत हंटरगंज प्रखंड के दर्जनों कर्मियों ने भाग लिया।

## प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृति को लेकर एलडीएम को किया गया निर्देशित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं (डीएलआरएसी) की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2024-2025 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रम की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में दिसंबर 2024 तिमाही तक के वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं हुआ है। उपायुक्त ने बैंकों को निर्देशित किया इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, सभी बैंक लक्ष्य के अनरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में एलडीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बैंको की कुल उपलब्धि 61.21 प्रतिशत हुई है। सीडी रेसियो की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जिले का सीडी रेसियो 43.29 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल एसीपी लक्ष्य 34855 निर्धारित है। इसके विरुद्ध 14148 किसानों का केसीसी ऋण दिया गया है जो लक्ष्य का 40 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा समीक्षा क्रम में लक्ष्य के अनरूप प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृति को लेकर एलडीएम को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में लापरवाही नहीं बरतें निर्धारित लक्ष्य को समय पूरा करें। उपायुक्त ने एलडीएम के कार्यो से असंतुष्ट होकर नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दी कि कार्यो में प्रगति नहीं पाए जाने पर नियमानुसार करवाई की जाएगी। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, भारतीय रिजर्व बैंक रांची के प्रतिनिधि, एलडीएम, जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ओरसा घाटी में सड़क दुर्घटना, युवक गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओरसा घाटी में मंगलवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक भरत खरवार गंभीर रूप से घायल हो गया। भरत खरवार, पिता पंचम खरवार, ग्राम मेढ़ारी, पंचायत हामी का निवासी है, जो सामरी (छत्तीसगढ़) हिंडाल्को कंपनी में मजदूरी करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भरत सुबह करीब 6 बजे काम पर जाने के लिए निकला था। उसी दौरान ओरसा घाटी में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी गश्ती में निकले वनकर्मी मेढ़ारी निवासी ललकु खेरवार को मिली, जिन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल भरत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

## महुआडांड़ में नशे का कारोबार बेकाबू, युवा पीढ़ी पर मंडरा रहा खतरा

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा पान मसाला, गुटखा और अन्य तम्बाकू उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद महुआडांड़ में इनकी खुलेआम बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इतना ही नहीं, गांजा जैसे मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री भी लगातार बढ़ती जा रही है। इस नशे के कारोबार ने खासतौर से किशोरों और युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। स्थानीय बाजारों और दुकानों में बिना किसी डर के गुटखा, पान मसाला और गांजा बेचे जा रहे हैं। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र इनका सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। अभिभावक जहां बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, वहीं प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। **युवाओं की जिंदगी हो रही बर्बाद :** गांजा की बढ़ती खपत और उसका असर सीधे तौर पर युवाओं की मानसिक और शारीरिक सेहत पर पड़ रहा है। स्कूलों में उपस्थिति घट रही है, पढ़ाई में रुचि कम हो रही है और अनुशासनहीनता बढ़ रही है। कुछ मामलों में अपराध की ओर भी झुकाव देखा जा रहा है। साथ ही आज ऐसी कई घटनाएं घट रही है जिसका मुख्य कारण नशा है। **बाहरी राज्यों से हो रही सप्लाई :** सूत्रों के अनुसार, गांजा की आपूर्ति झारखंड से बाहर, खासकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों से हो रही है। इसमें शामिल लोग लाखों रुपये का अवैध लाभ कमा रहे हैं, जबकि इसका खामियाजा इलाके की युवा पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है।

## उदयन पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस बुधवार को मनाया जायेगा

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के तेतर मोड़ स्थित उदयन स्कूल का स्थापना दिवस 30 अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त रमेश घोलप, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम् खंडेलवाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचलाधिकारी गौरव कुमार के अलाव कई अन्य लोग होंगे शामिल। यह पांचवां स्थापना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रेमलता चंद्रा ने दी है।

## आरबी डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन बुधवार को किया जाएगा

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के औवल मुहल्ला गया रोड रामनगर चौक चतरा में आरबी डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन 30 अप्रैल बुधवार को किया जाएगा। यह उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर दिनेश कुमार सिविल सर्जन चतरा द्वारा किया जाएगा। यह डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड फोर डी, फोर एक्स कलर डॉपलर की सुविधा मौजूद है। यह जानकारी डायरेक्टर जीएस राजू और विनय कुमार ने संयुक्त रूप से दिया है।

## डीसी सिमडेगा ने की नीति आयोग द्वारा चयनित संस्थाओं का समीक्षात्मक बैठक

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा चयनित कार्यान्वयन साझेदार संस्थाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आकांक्षी जिला सिमडेगा एवं आकांक्षी प्रखंड बांसजोर के समग्र विकास हेतु साझा प्रयासों को गति देना था। इस बैठक में पाँच प्रमुख कार्यान्वयन साझेदार संस्थाओं - पिरामल फाउंडेशन, टीआरआईएफ (TRIF), माइक्रोसेव कंसल्टेंट्स, बचपन बचाओ आंदोलन (BBA) तथा एबीएफ (ABF) - के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने सभी संगठनों का स्वागत करते हुए नीति आयोग के विभिन्न सूचकांकों की संतृप्ति हेतु समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपने कार्यो की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए एक्शन प्लान के अनुरूप कार्य करने को कहा। विशेष रूप से, बांसजोर प्रखंड में माइक्रोसेव कंसल्टेंट्स एवं BBA को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए कहा गया। साथ ही, पिरामल फाउंडेशन एवं TRIF को जिला एवं प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका तथा नीति आयोग द्वारा चिन्हित अन्य क्षेत्रों में ADP एवं ABP सूचकांकों के तहत विशेष सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

### कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला संगठन सृजन मंथन बैठक का हुआ आयोजन

## कांग्रेस ही लोकतंत्र और संविधान की सच्ची रक्षक है : धीरज साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कांग्रेस पार्टी द्वारा लातेहार परिसदन भवन में जिला संगठन सृजन मंथन बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा मनिका विधानसभा के विधायक एवं सभापति रामचंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत माल्यार्पण एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। बैठक का उद्देश्य कांग्रेस संगठन की मजबूती, जनसंवाद की प्रक्रिया को तेज करना, बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाना तथा आगामी चुनावी तैयारियों की रूपरेखा तैयार करना था। धीरज प्रसाद साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं राज्य की वर्तमान सरकारें जनविरोधी नीतियों पर कार्य कर रही हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर संगठन को सशक्त बनाना होगा। कांग्रेस ही देश में लोकतंत्र और संविधान की सच्ची रक्षक है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव गरीबों, किसानों एवं आदिवासियों की आवाज को बुलंदी से उठाया है।कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। हमें अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाकर संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना है।÷बैठक का संचालन कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नसीम ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मंचासीन रहे जिनमें प्रमुख रूप सेपूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. अजय नाथ शाहदेव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुंजर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी एवं युवा जिलाध्यक्ष अमित यादव महिला जिलाध्यक्ष अनीता देवी विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, साजन कुमार, विनोद उरांव, मोती उरांव सहित सैंकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन नेशन, वन इलेक्शन देश की जरूरत : भानु प्रताप शाही

### प्रकाश राम बोले: इससे समय, संसाधन और पैसे की होगी बचत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई द्वारा निष्ठा फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को नगर भवन, लातेहार में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही और लातेहार विधायक प्रकाश राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने अपने संबोधन में कहा कि आज 'वन नेशन, वन इलेक्शन' देश की आवश्यकता बन चुकी है। बार-बार चुनाव होने से विकास की गति बाधित होती है। पिछले 30 वर्षो का इतिहास देखें तो हर साल किसी न किसी राज्य में लोकसभा, विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनाव होते रहे हैं, जिससे समय, संसाधन और धन की भारी बर्बादी होती है। वहीं विधायक प्रकाश राम ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी लगाए गए। बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू होती है, जिससे विकास कार्य ठप हो जाते हैं। अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो एक देश, एक चुनाव प्रणाली को अपनाना जरूरी है। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन देशहित में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अभियान है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना होगा। हम इसे पूरे राज्य में फैलाने का कार्य करेंगे।इस अवसर पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव ने कहा कि इससे शासन व्यवस्था अधिक स्थिर और प्रभावशाली होगी। यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम है, जिससे नीतियों के कार्यान्वयन में बाधाएं कम होंगी और सरकारें पूरे कार्यकाल में जनता के लिए निर्बाध रूप से काम कर सकेंगी। कार्यशाला में सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, विष्णु गुप्ता, बंशी यादव, पिंटू रजक, मुकेश कुमार पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, राकेश दुबे,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला देवी, अंजू गुप्ता, गौरव दास, आनंद सिंह, उत्तम कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलें सांसद मनीष जायसवाल

- एनटीपीसी पकरी-बरवाडीह कोल माइंस में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोज़गार सुरक्षा को प्राथमिकता देने का किया आग्रह
- कहा यहां परिवहन कार्य कन्वेयर बेल्ट पर शिप्ट हुआ तो एक झटके में क्षेत्र के 5 हज़ार से अधिक लोग हो जाएंगे बेरोजगार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके कार्यालय सभागार में मुलाक़ात किया और एनटीपीसी पंकरी-बरवाडीह कोल माइंस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार से संबंधित मुद्दा उठाया और ज्ञापन भी सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी द्वारा पकरी-बरवाडीह कोल माइन्स का संचालन वर्ष 2016 से किया जा रहा हैं, तथा यहां से उत्पादित कोयले को 25 किलोमीटर की दुरी पर अवस्थित बनादाग कोल साइडिंग से रेल द्वारा विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट और रैपिड लोडिंग सिस्टम अब तैयार हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोयले की सड़क मार्ग से ढुलाई 2026-27 से शून्य कर दिया जाएगा। यह निर्णय उन हजारों परिवारों के लिए बड़ा संकट लेकर आ रहा है, जिन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के भरोसे पर डम्पर खरीदकर अपनी रोजी-रोटी स्थापित की थी। आज क्षेत्र में 500 से अधिक डम्पर संचालित हैं, जिनसे जुड़े हजारों ड्राइवर, खलासी, मिस्त्री, मोबिलाइज़र और उनके परिवार पूरी तरह इस कार्य पर निर्भर हैं। यदि एक झटके में परिवहन कार्य पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट पर स्थानांतरित कर दिया गया, तो क्षेत्र में 5000 से अधिक लोग बेरोजगारी की चपेट में आ जाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने मंत्री भूपेंद्र यादव के माध्यम से सरकार और संबंधित मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। सांसद मनीष जायसवाल ने आगामी वर्षों में सड़क मार्ग से न्यूनतम 50% कोयला ढुलाई की अनुमति जारी रखी जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक संतुलन बना रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों की चेकर एप से होगी जांच, अर्हता धारी को ही मिलेगा आवास

**बीडीओ ने 18 पंचायतों में चेकर कर्मियों को किया नियुक्त, मार्गदर्शिका के अनुरूप कार्य करने का दिया निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी ।** प्रधानमंत्री आवास योजना में आए दिन मिल रही गड़बड़ी के शिकायत के बाद कटकमसांडी बीडीओ पुजा कुमारी ने एक्शन मुड़ में आ गई है । उन्होंने कार्यालय पत्रांक 356 दिनांक 28/4/25 के आलोक में एक पत्र जारी कर प्रखंड के सभी 18 पंचायतों में चेकर कर्मियों को नियुक्त किया है । नियुक्त किए गए चेकर कर्मियों को उन्होंने निर्देश दिया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना को सरकारी मार्गदर्शिका के अनुरूप मोबाइल एप के माध्यम से चेकर का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे ।जारी पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस के माध्यम से सभी पंचायतों में आवास के लाभुकों का नाम सर्वे 20 के तहत जोड़ा गया है ।जोड़े गए आवास के लाभुकों को चेकर एप के माध्यम से लाभुकों का वर्तमान निवास स्थान एवं आवास प्राप्त करने की अर्हता संबंधी जांच एप के माध्यम से किया जाना है । इसके लिए उन्होंने प्रत्येक पंचायत में चेकर कर्मी को नियुक्त किया है । नियुक्त किए गए चेकर कर्मी में आराभुसाई और साझा पंचायत में नरेश पाण्डेय को तैनात किया गया है । जबकि प्रियंका कुमारी को बरगड्डा और पेलावल दक्षिणी पंचायत , संतोष कुमार राणा को डाड और शाहपुर पंचायत , कृष्णदेव प्रसाद को डांटो और रेबर पंचायत , राजेन्द्र ठाकुर को ढौठवा और खुदरा पंचायत ,आशा कुमारी को गदोखर और लुपूंग पंचायत , प्रतिमा चौधरी को कटकमसांडी और पेलावल उतरी पंचायत ,मोना आलम को पबरा और रोमी पंचायत का दायित्व सौंपा गया है ।वही अंबिका कुमारी को कंडसार और ज्योति कुमारी को कंचनपुर की जिम्मेवारी दी गई है । बीडीओ ने सभी चेकर कर्मियों से अपील किया है कि जरूरत मंद लाभुकों को इस योजना से वंचित ना होने दें वही संपन्न लोगों को इस योजना का लाभ लेने से रोके ।

# महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल रही 1100 महिलाएं, यज्ञ का प्रारंभ आज से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गोविंदपुर में मंगलवार को नव दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातनी परंपरानुसार गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भक्तिमय वातावरण के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ महायज्ञ स्थल शिव मंदिर परिसर से हुई।गोविंदपुर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं पुरुष महायज्ञ मंडप से चलकर बागेश्वरी मंदिर, कोनार नदी से जल भरकर चरंबा होते हुए दुर्गा मंदिर चौक, महावीर चौक, बीच टोला, कपसा चौक, हरिजन मोहल्ला, साव मोहल्ला, जोड़ा तालाब होते हुए महायज्ञ मंडप पहुंची। कलश यात्रा में 1100 महिलाएं शामिल हुई। ढोल नगाड़े की आवाज और श्रद्धालुओं के जयकारा से पूरा गोविंदपुर भक्तिमय में हो गया है। कलश यात्री हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय का जयकारा लगा रही थी। पूरे गोविंदपुर को महावीरी पताका से पाट दिया गया । इस संबंध में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सोमर महतो, सचिव, तिलक साव, उपाध्यक्ष अंतू पंडित, कोषाध्यक्ष विजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महायज्ञ पूरे 9 दिन चलने वाला है। महायज्ञ में प्रतिदिन दैनिक पूजन, हवन समेत वैदिक कार्यक्रम होने हैं। महायज्ञ में प्रतिदिन संध्या में प्रवचन का आयोजन किया गया है। कथा व्यास एवं आचार्य पंडित मुरली मनोहर पांडेय, उदय धाम, अयोध्या एवं प्रवचन कर्ता शालिनी तिवारी वृंदावन से आए हैं। कलश यात्रा में मुख्य रूप से उप प्रमुख सरयू साव, मुखिया रीता देवी, पंसस महेश महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, हरेंद्र महतो, सोबरन महतो, प्रमोद सिंह, मनोज साहू, शंकर सिंह, संजय महतो, विजय साव, नीलकंठ महतो, दशरथ महतो, संतोष कुमार, भागीरथ महतो, कैलाश महतो, संजय महतो, जयप्रकाश महतो, मोहन रजक, सोनू कुमार, अजय कुमार, शंकर महतो, देवेंद्र महतो, राजू महतो समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना मे भांजे की मौत, मामा की स्थिति गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा बाजार ग्वलाटोली चौक पर एक सड़क दुर्घटना हुई। हाइवा वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सन्नी कुमार राम की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद मामा नरेश कुमार राम गंभीर रूप से घायल हो गए। सन्नी राजा बंगला इंद्रपुरी हजारीबाग का रहने वाला था। घायल नरेश कुमार राम इचाक मोड़ हजारीबाग के निवासी हैं। नरेश को गंभीर हालत में रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कियाथा गया है। दोनों एक शादी समारोह से लौट रहे थे।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों एक शादी समारोह से देर रात वापस घर लौट रहे थे। तभी पीपल चौक के पास तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सन्नी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरेश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया। लोगों ने दोषी वाहन चालक की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की मांग की। हालांकि दुर्घटना में शामिल वाहन पुलिस की पकड़ में है और उसे थाने में रखा गया है। वहीं सूचना मिलते ही बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने के बाद जाम हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव के साथ फिर से डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक को जाम कर दिया गया। प्रशासन के द्वारा समझाने बुझाने के बाद जाम हटा लिया गया।

# टाटीझरिया प्रखंड में सांसद के सौजन्य से तीन बेटियों को किया गया लहंगा भेट



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के डहरभंगा पंचायत के बौधा गांव निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री निक्की कुमारी ,धरमपुर पंचायत के खंभवा गांव निवासी गंभीर भुइंया की पुत्री काजल कुमारी, विनय सिंह खंभवा गांव निवासी की पुत्री बबली कुमारी को 29 अप्रैल दिन मंगलार को हजारीबाग लोक सभा सांसद मनीष जायसवाल के ओर से तीन बेटियों को विवाहोत्सव के अवसर पर टाटीझरिया प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ,भाजपा नेता रजनीकांत चौधरी के हाथों लहंगा भेट किया गया। बेटियों को लहंगा भेंट देते समय प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि ने उज्वल भविष्य की कामना किया । लहंगा पाते ही बेटियों की आँखें खुशी से नम हो गई वही उन्होंने इस नेक कार्य को लेकर सांसद को धन्यवाद दिया।

# सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से लहंगा वितरण



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग लोक सभा सांसद मनीष जायसवाल की ओर से केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में लहंगा वितरण किया गया । लहंगा प्रखण्ड के कराली गांव निवासी स्व0 कीनू भुइयां की पुत्री दिव्या कुमारी एवं केमो गांव के तालेश्वर महतो की पुत्री पम्मी कुमारी समेत अन्य के बीच किया गया। इस लहंगा का वितरण भाजपा मंडल महामंत्री नरेश कुमार महतो एवं आजसु प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहा ने दोनों कन्याओं को संयुक्त रूप से किया। लहंगा पाकर परिजन काफी हर्षित नजर आए और सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया। मौके पर कहा कि सांसद का यह सार्थक पहल है। इससे परिवारों को सहयोग मिलता है और मिलता रहेगा।मौके पर राजेश कुमार महतो,प्रमोद कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीआईजी ने बड़कागांव एसडीपीओ, इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न होने पर बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं थाना प्रभारी नेमधारी रजक को डीआईजी संजीव कुमार एवं हजारीबाग पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव मुख्यालय, हरली, नापोखुर्द एवं प्लान्डू में रामनवमी त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ था जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन की योगदान सराहनीय रहा था। पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किए जाने पर दोनों समुदाय हिंदू मुस्लिम के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, दिनेश सिन्हा, इलाकाई सदर हाजी तबस्सुम, पंसस रितेश ठाकुर, कृष्णा राम, मुखिया तकरीमुलाह खान, मोहम्मद खुर्शीद ,भीखन महतो, अजीत महतो, हेमंत भुईया, मोहम्मद मुकीतुल्लाह, महेंद्र महतो, चंदनपुरी सोनू इराकी, शमशेर आलम, मोहम्मद इब्राहिम, गुड्डू मलिक, विनोद यादव के अलावा दर्जनों लोग बधाई देने वालों में शामिल है।

# गौरियाकरमा ब्राह्मण समाज के द्वारा परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा ब्राह्मण समाज ने मंगलवार को परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शिव मंदिर परिसर में शुरू हुआ। विधिवत पूजन के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चारण, माल्यार्पण, पुष्पांजलि और प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश पाण्डेय ने की। संचालन सोनू पाण्डेय ने किया। महेश पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता थे। नरेश पाण्डेय ने बताया कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। हर साल अक्षय तृतीया को उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है। सोनू पाण्डेय ने कहा कि वे महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र थे। भगवान शंकर की तपस्या कर परशु प्राप्त किया। तभी से उनका नाम परशुराम पड़ा। उन्होंने राक्षसों से ऋषि-मुनियों की रक्षा की। वे विश्व कल्याण के प्रतीक बने। इस मौके पर समाज के संरक्षक महेश पाण्डेय, नरेश पाण्डेय, सचिव सोनू पाण्डेय, कोषाध्यक्ष किशोरी पाण्डेय, उप कोषाध्यक्ष आविनाश पाण्डेय, सदस्य अनिल पाण्डेय, ब्रह्मदेव पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, रामप्रकाश पाण्डेय, शिवकुमार पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अमित पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, सन्नी पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय सहित कई ग्रामवासी ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

- कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की पेयजल की व्यवस्था






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुई। कलशयात्रा पंचवाहिनी माता स्थान से निकाली गई जो महतो मोहल्ला, बनिया मोहल्ला, बस स्टैंड, डांभाडीह होते हुए सिमासी बागी नदी पहुंची। यज्ञकर्ता आचार्य मनोज पांडे ने सीमासी बागी में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए जल को कलशों में भरवाया और उसी रास्ते से श्रद्धालु ढोल नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ यज्ञ स्थल पंचवाहिनी माता स्थान प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया बासुदेव यादव सहित हजारों की संख्या में महिला और पुरुष भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। इस दौरान हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम की गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए मुस्लिम समुदाय के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। इससे पूर्व यज्ञ की शुद्धि के लिए दोनों समुदाय के लोगों ने बैठक कर निर्णय लिया था के यज्ञ के दौरान 27 अप्रैल से 7 मई तक पूरे गांव में जीव हत्या नहीं होगी। पूरे गांव में कहीं भी मांस, मछली , मुर्गी खरीद बिक्री नहीं होगा। मौके पर गौतम वर्मा ने कहा के बादम के लिए आज इतिहासिक दिन है। हमारे पूर्वजों को भी याद नहीं है के गांव में कभी यज्ञ हुआ था। सबसे बड़ी बात ये है के पूरे गांव में पूर्णरूपेण जीव हत्या बंद है। गांव में अल्पसंख्यक समुदाय की भी आबादी बहुत ज्यादा है उसके बाद भी जीव हत्या बंद है ये बहुत बड़ी बात है। कलश यात्रा में शामिल भक्तों के लिए बादम अंजुमन के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई है ये बहुत ही सराहनीय कार्य है। यही बादम गांव की सुंदरता है और ऐसा सौहार्द का माहौल के कहीं से पता नहीं चल रहा है के कौन हिन्दू है मुसलमान है, सिख है, ईसाई है सभी समुदाय के लोग विशेषकर मुस्लिम समाज के लोग यज्ञ में बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं। मैं ईश्वर से कामना करता हूं के हमेशा बादम गांव में ऐसा ही सौहार्द बना रहे। अंजुमन सदर मोकीत उल्लाह खान ने कहा के हमलोग दोनों समुदाय मिल बैठ कर तय किए के यज्ञ को मिल जुल कर सफल बनाएंगे। दोनों समुदाय भाई हैं और कलश यात्रा में शामिल भक्तों के लिए पेयजल की व्यवस्था किए। ये मिल्लत हमेशा हम लोगों का बरकरार रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य राजा खान, गौतम वर्मा, अंजुमन सदर मोकीत उल्लाह खान, संतोष महतो, संतोष कुशवाहा, मुदस्सर खान, नासिब खान, यज्ञ अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, उपसचिव प्रकाश राम, उपकोषाध्यक्ष काली चरण कुमार, संरक्षक सहेश्वर महतो, संजय मेहता, रफीक अंसारी, नय्यर इकबाल, जावेद हुसैन, तस्द्दुक हुसैन, इरफान उल्लाह, आर्यन, रफ़सन, ग्राम अध्यक्ष भूदेव महतो, ग्राम कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, ग्राम युवा अध्यक्ष भवेश कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष महतो, राजू महतो, कैलाश कुमार, करीम साव, कासिफ अंसारी, जुनेद अहमद, राजेंद्र उर्फ राजू महतो, गोविंद महतो, ज्ञानी महतो, दिलीप महतो, सोमनाथ महतो, बिरजू महतो, त्रिवेणी महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर बरही में दो अल्ट्रासाउंड सेंटर सील



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर बरही क्षेत्र में संचालित दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों को नियमों के उल्लंघन के कारण सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा गठित विशेष जांच टीम द्वारा की गई, जिसमें चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। सील किए गए अल्ट्रासाउंड केंद्रों में बरही धनबाद रोड स्थित ओम डायग्नोस्टिक सेंटर तथा हजारीबाग रोड स्थित झारखंड डायग्नोस्टिक सेंटर शामिल हैं। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड करने के लिए अधिकृत चिकित्सक उपस्थित नहीं थे, जोकि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत गंभीर उल्लंघन की श्रेणी में आता है। जांच टीम में बतौर दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, जांच पदाधिकारी डॉ. राहुल कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुभाष प्रसाद, रेडियोलॉजिस्ट डॉ जूही चावला और डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी शामिल थे। उन्होंने बताया कि केंद्रों को गर्भवती महिलाओं के लिए सीमित अल्ट्रासाउंड जांच की अनुमति दी गई थी। लेकिन निरीक्षण के समय डॉक्टर की अनुपस्थिति स्पष्ट रूप से लापरवाही और नियामक शर्तो के उल्लंघन को दर्शाती है। टीम ने बताया कि अल्ट्रासाउंड जैसे संवेदनशील कार्य के लिए डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य होती है, ताकि गर्भधारण से संबंधित जांच का सही व सुरक्षित तरीके से संचालन हो सके और भ्रूण लिंग परीक्षण जैसे गैरकानूनी कार्यो की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अगर किसी सेंटर द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया, तो उस पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त द्वारा सभी डायग्नोस्टिक केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी व्यवस्था को नियमों के अनुरूप बनाए रखें और सभी आवश्यक दस्तावेजों और चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। जांच रिपोर्ट जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएगी, ताकि आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, यह भी तय किया गया है कि अनुमंडल भर में नियमित औचक निरीक्षण कर सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की जाएगी।

# बरही विधायक मनोज यादव ने किया श्री श्री 108 बजरंगबली महायज्ञ की कलश यात्रा का शुभारंभ





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत चंद्रवंशी मोहल्ला में आयोजित श्री श्री 108 बजरंगबली महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस शुभ अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने महिलाओं को कलश सौंपकर यात्रा को विधिवत रवाना किया। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र पहनकर सिर पर कलश लिए जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों के साथ पूरे मोहल्ले में भक्ति का माहौल बना दिया। इस धार्मिक कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विधायक मनोज यादव स्वयं भगवा ध्वज लेकर कलश यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे रास्ते लोगों को धर्म और संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक मनोज यादव ने कहा कि गांव गांव में होने वाले ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि ये हमारी संस्कृति और सामूहिक एकता को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। श्री बजरंगबली जैसे लोकदेवता की उपासना से मन में शक्ति, साहस और भक्ति का संचार होता है।उन्होंने कहा कि धर्म से जुड़ना जीवन के मूल्यों को जानने और सामाजिक बंधनों को और मजबूत करने का रास्ता है। ऐसे आयोजनों में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गो की भागीदारी देखना बेहद सुखद और प्रेरणादायक है। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मोतीलाल चौधरी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, संतोष रजवार, प्रदीप कुमार, दामोदर महतो, पंकज कुमार, प्रदीप साव, महेन्दर राम, सिकंदर केशरी, मुकेश केशरी, राजकुमार केशरी, अविनाश आर्या, रंजीत चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य सुजीत कुमार चंद्रवंशी समाज अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी, जुगल चंद्रवंशी,अजीत चंद्रवंशी, अजीत राम वन बिहारी चंद्रवंशी, सुधीर कुमार, सूरज चंद्रवंशी, प्रेमचंद चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी,संजीत चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे ।

# प्रचंड गर्मी को देखते हुए खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत्ती को लेकर वीडियो को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही गर्मी प्रारंभ होते ही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. कुछ जगहों पर नलकूप या जलनीनार खराब पड़ा है। इस संबध में सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन देकर पेयजल संकट दूर करने के लिए समुचित कदम उठाने की मांग किया है। श्री यादव ने बताया है कि प्रखंड के कुछ पंचायत में 75 फीसदी नलकूप और जलमीनार फेल हैं कई पंचायत में जलमीनार प्रारंभ से ही चालू नहीं हुआ और टंकी तथा अन्य पुर्जे खराब हो गए। जलाशय सुख चुके है या सुखने के कगार पर हैं। कई स्कूल परिसर और पब्लिक क्षेत्र में लगे नलकूप दम तोड चुके हैं। हर वर्ष गर्मी आते ही इसकी चर्चा तो होती है पर इस दिशा में अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा सका है। वहीं उन्होंने मांग किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर पंचायत में खराब पड़े चापानल व जालमीनार को जल्द ठीक किया जाए ताकि ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पानी मिल सके।

## समस्त मानव के आराध्य हैं भगवान परशुराम : मनोज मिश्र

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान परशुराम का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र ने बताया कि तृतीया तिथि मंगलवार को शाम 5 ञ्31 बजे से बुधवार 30 अप्रैल को दोपहर 2ञ्12 बजे तक है। प्रदोष काल में जन्म होने के कारण भगवान परशुराम राम की जयंती मंगलवार को मनाई जा रही है। श्री मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम ने सनातन धर्म को बढ़ाने का काम किया था। परशुराम भगवान विष्णु जी के दसवें अवतार में छठे अवतार हैं। भगवान परशुराम जी ने एक युद्ध में 21 प्रजा शोषक, धर्मांध, और आताताई राजाओं का संहार कर 21 बार पृथ्वी को उन आताताई राजाओं से विहीन कर दिया था। किसी धर्म जाति वर्ण या वर्ग विशेष के आराध्य ही नहीं बल्कि वे समस्त मानव मात्र के आराध्य हैं। इस दिन विष्णु जी की अराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। वे चिरंजीवी हैं और कल्कि पुराण के अनुसार कलियुग के अंत में भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का गुरु बनकर युद्ध की शिक्षा देंगे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में स्वागत- अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन हुआ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के सेमिनार हॉल में स्वागत अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा झारखंड की संस्कृति पर आधारित गीत , नृत्य एवं पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत हुआ।इसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव बेदिया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, विश्वविद्यालय के सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,गौरव कुमार , समाजसेवी संतोष कुमार,शंकर कुमार ,बिट्टू कुमार एवं पीयूष जी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ने दिया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कुलाधिपति बी एन साह ने सभी अतिथियों को हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किए और उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच, माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद जरूरी है।समाजसेवी संजीव बेदिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कार का मंदिर है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के डॉ रंजना पांडेय और डॉ अमरेश कुमार पाण्डेय ने किया।मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विधवा महिला के साथ अवैध संबंध के आरोपी बिषु कुजुर को उरीमारी पुलिस ने भेजा सलाखों के पिछे



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत पसेरिया कि एक विधवा महिला के साथ प्रेम जाल में फंसाकर लंबे समय तक यौन संबंध रखने वाले आरोपी बिषु कुजुर उम्र 31 वर्ष पिता एतवा कुजुर को ग्राम बानपुर खुटी टोला थाना टंडवा जिला चतरा को उरीमारी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घटना के संबंध में ओपी प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि उरीमारी ओपी क्षेत्र के पोटंगा पंचायत पसेरिया के स्वर्गीय खैता तिर्की कि पत्नी ने हजारीबाग जिला न्यायालय में कोर्ट केस दर्ज कराई थी। जिसमें चतरा जिला के बिषु कुजुर के उपर प्रेम जाल में फासकर लंबे समय तक यौन संबंध बनाते का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी बिषु कुजुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी को पकड़ने में उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव सहित सहस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मोनिटरिंग कमिटी की बैठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़ बबीता कुमारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं का उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दू प्रभा खालखो ने उपायुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठके के दौरान उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का सत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षीकाओं को दिया। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबीत आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अति कुपोषित सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 1042 आंगनबाड़ी स्वीकृत है जिनमें 461 किराए के भवन में संचालित है एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जा रहे हैं। जिस पर उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि डीएमएफटी के तहत दिसंबर 2025 तक लक्ष्य को लेकर सभी आंगनबाड़ी केंद्र अपने भवन में संचालित हो जिसे लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करने हेतु कई कई दिशा निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने ने अगले माह तक आंगनबाड़ी नवनिर्माण हेतु जमीन का चयन करने का भी निर्देश दिया। बैठके के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जीनमें अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं है वहां कनेक्शन लेने का निर्देश दिया।

## सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का रामगढ़ में हुआ भव्य स्वागत सह अभिनंदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का रामगढ़ में मंगलवार को भव्य स्वागत सह अभिनंदन किया गया। रंजन चौधरी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि का दर्जा प्राप्त है। सांसद प्रतिनिधि मीडिया रंजन चौधरी का सम्मान समारोह रामगढ़ के कलश वेंकटेश सभागार में भाजपा नेताओं एवं सांसद प्रतिनिधियों की ओर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में रंजन चौधरी ने सांसद मनीष जायसवाल और आयोजकों, साथ ही समारोह में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं का तहेदिल से आभार जताया। रंजन चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बड़ा दायित्व दिया है। अब हजारीबाग सदर विधानसभा से आगे बढ़कर पूरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ के भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, ,रामगढ़ कैंट मंडल के भाजपा अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, रामगढ़ विधानसभा के सह- सांसद प्रतिनिधि बिनोद राम, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस, बजरंग सिंह, अशोक छाबड़ा, अमर बोदरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलें सांसद मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके कार्यालय सभागार में मुलाक़ात किया और एनटीपीसी पकरी- बरवाडीह कोल माइंस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार से संबंधित मुद्दा उठाया और इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी द्वारा पकरी-बरवाडीह कोल् माइन्स का संचालन वर्ष 2016 से किया जा रहा हैं, तथा यहां से उत्पादित कोयले को 25 किलोमीटर की दुरी पर अवस्तिथित बनादाग कोल साइडिंग से रेल द्वारा विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट और रैपिड लोडिंग सिस्टम अब तैयार हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोयले की सड़क मार्ग से ढुलाई 2026-27 से शून्य कर दिया जाएगा। यह निर्णय उन हजारों परिवारों के लिए बड़ा संकट लेकर आ रहा है, जिन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के भरोसे पर डम्पर खरीदकर अपनी रोजी-रोटी स्थापित की थी। आज क्षेत्र में 500 से अधिक डम्पर संचालित हैं, जिनसे जुड़े हजारों ड्राइवर, खलासी, मिस्त्री, मोबिलाइज़र और उनके परिवार पूरी तरह इस कार्य पर निर्भर हैं।यदि एक झटके में परिवहन कार्य पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट पर स्थानांतरित कर दिया गया, तो क्षेत्र में 5000 से अधिक लोग बेरोजगारी की चपेट में आ जाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने मंत्री भूपेंद्र यादव के माध्यम से सरकार और संबंधित मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। सांसद मनीष जायसवाल ने आगामी वर्षों में सड़क मार्ग से न्यूनतम 50त्न कोयला ढुलाई की अनुमति जारी रखी जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक संतुलन बना रहे।

## सीसीएल व आर ए माइनिंग कंपनी द्वारा मांगों पर सार्थक पहल नहीं होने पर 11 मई को सयाल डी कोलियरी का चक्का जाम करेंगे : जीतराम मुंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सौंदा बस्ती एससी एसटी ओबीसी खतियानी विस्थापित ग्रामीणों ने मंगलवार को सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों कि संख्या में पहुंचकर सीसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग आर ए माइनिंग कंपनी के वादाखिलाफी जमकर नारेबाजी कि। साथ ही विस्थापितो ने महाप्रबंधक के नामे महाप्रबंधक कार्यालय व सयाल डि परियोजना पदाधिकारी के नामे दोनों जगहों पर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत खुली सयाल डी परियोजना अधीन आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी को सुचारू रूप से चलाने में हमारी सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती एससी एसटी खतियानी रैयत विस्थापितो ने प्रबंधन का भरपूर सहयोग किया। समिति के माध्यम से कई बार आवेदन व निवेदन किया गया पर हर बार प्रबंधन हमारी मांगों से विफल साबित हुई है। वहीं समिति ने प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी सभी मांगों पर प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनी सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आगामी 11 मई को संपूर्ण सयाल डी कोलियरी का कार्य ठप रहेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन व आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी कि होगी। वहीं मांग पत्र सौंपने वालों में अध्यक्ष जीतराम मुंडा,अनुप बाउरी, राहुल कुमार, मनोश मुंडा, रामविलास करमाली,बंटी बाउरी, प्रदीप बाउरी,अंजित मुंडा, धर्मवीर भुइयां,पवन बाउरी,अमर बाउरी, जगमोहन करमाली,कारू करमाली, राजेश मुंडा, अरूण मुंडा,छोटू भुंइया, लालू कुमार, जमुना मुंडा,कवि मुंडा,कपील भुंइया आदि लोग मौजूद थे।

## तेज आंधी तूफान से दुलमी बाजार टांड़ निवासी कुंवर दांगी का गिरा घर, 50 हजार से अधिक का हुआ नुकसान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** आंधी तूफान से सोमवार शाम को क्षेत्र में आई जोरदार आंधी तूफान से दुलमी बाजार टांड़ निवासी कुंवर दांगी के निर्माणाधीन भवन की दीवार पूरी तरह से ढह गई। जिससे कुंवर दांगी को 50 हजार रुपए से अधिक का हुआ नुकसान । बैंक से ऋण लेकर गरीब अपना घर बना रहे थे, कुंवर दांगी ने बताया कि कल शाम लगभग साढे पांच बजे अचानक तेज रफ्तार से आई आंधी तूफान से निर्माणाधीन भवन की दीवार गिर गई और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, किचन की भी दीवार गिर गई। उन्होंने बताया कि आंधी तूफान के दौरान मेरी बहू किचन में काम कर रही थी। दीवार गिरने की आवाज से मेरी बहू लक्ष्मी कुशवाहा डर गई और किचन से निकलकर घर में आ गई और बड़ा हादसा होने से बच गई। किचन के दीवार ढह गया, किचन रूम के एस्बेस्टस सीट उड़कर गिर गई। जिससे मेरी जान बाल बाल बच गई। अगर मैं वहां थोड़ी देर और होती तो वहां कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। कुंवर दांगी ने अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर घटना की जानकारी देते हुए उचित मुआवजा देने की मांग की है। इधर अंचल अधिकारी ने बताया है कि मुक्त भोगी द्वारा घटना के संबंध में आवेदन दिया गया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन बच्चों ने रंग बिरंगे ओरिगामी पेपर से विभिन्न प्रकार की आकृतियां जैसे जहाज, हवाई जहाज, मछली ,तोता, बत्तख आदि खूबसूरत आकृतियों को बनाकर सादे कागज पर चिपका कर उन में रंग भरे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो में निम्नलिखित बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रथम,द्वितीय एवं तृत्य स्थान हासिल किया।कक्षा प्रथम %अ% से प्रथम पुरस्कार इकरा नौशाद को द्वितीय पुरस्कार आस्था को, तृतीय पुरस्कार सागर कुमार को, कक्षा प्रथम %ब% से प्रथम पुरस्कार रियांश गुप्ता को, द्वितीय पुरस्कार मनफतेह सिंह को, तृतीय पुरस्कार दिशानी चटर्जी को, कक्षा प्रथम %स% से प्रथम पुरस्कार आदविक तिवारी को द्वितीय पुरस्कार आस्था कुमारी को तृतीय पुरस्कार समर कुमार को एवं पीयूष पटेल को संयुक्त रूप से दिया गया। कक्षा द्वितीय %अ% में नैंसी एवं अरनव चंद्र को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार , द्वितीय पुरस्कार ईशान जयसवाल एंड ऋतिक कुमार को, तृतीय पुरस्कार शरमन बेनीपाल को, द्वितीय %ब %से प्रथम पुरस्कार ज्योति कुमारी को, द्वितीय पुरस्कार पुष्प लता को, तृतीय पुरस्कार संस्कार कुमार को, द्वितीय %स %से प्रथम पुरस्कार अनुज पांडे को, द्वितीय पुरस्कार सिमरन कुमारी को, तृतीय पुरस्कार काव्य कुमारी को प्रदान किया गया।विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी बच्चों के प्रयास की सराहना की।मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा , सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा , सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली,सरदार गुरप्रीत सिंह चाना ,सरदार रमन बेदी, सरदार करामजीत सिंह जग्गी उपस्थित रहे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
**नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301**
**Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**वर्ष 2025–26 में कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय खाद्यय सामग्री, पोषाक, स्टेशनरी उपस्कर उपकरण, दैनिक उपयोग की वस्तुऐं एवं अन्य सामग्री के लिए अल्पकालिन निविदा आमांत्रित किया जाता है।**

निविदा संख्या :– JEP/HZB ज्ञपांक–423 दिनांक–28.04.2025

01 झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रॉची के पत्रांक 2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में जिले के 10 कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय, 06 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के लिए वितीय वर्ष 2025–26 में अलग–अलग सभी प्रखण्डों में स्थित विद्यालयों के लिए अलग–अलग कुल 04 पैकेज में यथा पैकेज संख्या 01– खाद्य पदाथ एवं दैनिक उपयोग की सामाग्री, पैकेज संख्या 02 – हरी सब्जी ,मछली, चिकेन, दुध, पनीर इत्यादी, पैकेज संख्या– 03 पोशाक एवं अन्य वस्त्र एवं पैकेज संख्या– 04 स्टेशनरी इत्यादी के लिए निविदादाताओ से अलग – अलग आवासीय विद्यालयों के लिए सील बन्द निविदा आमांत्रित किया जाता है।

02 प्रकाशित किये जाने वाले निविदा जिले में संचालित सभी कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभास चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के लिए अलग–अलग होंगे तथा उपरोक्त चार पैकेज में विभक्त होंगे।

03 जिस प्रखण्ड में संबंधित विद्यालय संचालित है उस प्रखण्ड के संस्थानों/आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा संबंधित विद्यालय के लिए निविदा समर्पित किया जाऐगा। इस हेतु सक्षम प्राधिकार से वैध दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे।

04 सभी विद्यालयों के लिए तथा सभी पैकेज के लिए अलग–अलग स्थानीय निविदादाता का चयन किया जाना है।

05 निविदा अलग–अलग आवासीय विद्यालयों के लिए अलग–अलग पैकेज में आमंत्रित की जा रही है। किसी भी परिस्थिति में एक ही निविदादाता को सभी आवासीय विद्यालयों तथा सभी पैकेजो के लिए कार्यादेश निर्गत नही किया जाऐगा।

06 वर्ष 2025–26 में यदि किसी प्रखण्ड में निर्धारित मानक प्रक्रिया के अन्तर्गत निविदादाता प्राप्त नही होते है तो वैसी परिस्थिति में नजदीकी प्रखण्ड के निदिदाता को कार्य आबंटित किया जा सकता है। परन्तु ऐसा करने के पूर्व समिति को यह आशवस्त हो लेना होगा कि संबंधित प्रखण्ड में निर्धारित मापदण्ड के आलोक में कोई भी संस्थान उपलब्ध नहीं है।

07 इच्छुक संभावित निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग, के कार्यालय से निविदा के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

08 पूर्ण निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए रूपये **1000/-** (एक हजार) रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट प्रति पैकेज, समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग, के नाम से जमा करना होगा जो हजारीबाग में भुगतेय होगा। निविदा प्रपत्र के लिए जमा बैंक ड्राफ्ट अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। निविदा प्रपत्र झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग, से **दिनांक 29.04.2025 से दिनांक 15.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है एवं दिनांक 16.05.2025 तक के संध्या 05:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में जमा कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2025 के अपराह्न 12:30 बजे कय समिति के समक्ष अलग–अलग प्रखण्डों का प्रखण्डवार तकनीकी निविदा खोली जाएगी।** तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त, तकनीकी निविदा पूर्ण करने वाले निविदादाता का वितीय निविदा खोला जाऐगा। निविदा के साथ किसी भी बैंक का बैंक ड्रापट पैकेज के अनुरूप अग्रधन की राशि जमा करना अनिवार्य होगा जो **समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग** (Samagra Shiksha Abhiyan Hazaribagh) के नाम से देय होगा जो Payable at Hazaribagh होगा।

09 यदि निविदा खोलने की बैठक की तिथि में किसी अपरिहार्य कारण से परिवर्तन करना हो तो उसकी सूचना जिला कार्यालय द्वारा सूचना पट्ट पर अंकित कर दी जायेगी। निविदादाता भी निविदा खुलने के एक दिन पूर्व स्वयं भी झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, हजारीबाग से जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस हेतु कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

10 निविदादाता या प्राधिकृत प्रतिनिधि लिखित रूप से निविदा खुलने के समय बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेगें। निविदादाता की अनुपस्थिति में भी उपस्थिति मानते हुए जिला क्रय समिति द्वारा निविदा प्रपत्र खोला जा सकता है।

11 निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद से संबंधति निर्णय संबंधित जिला हजारीबाग के व्यवहार न्यायालय के अधीन होगा।

12 जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यकम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग को किसी भी समय प्रकाशित निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।

13 निविदादाताओं के लिए आवश्यक निदेश का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यकम पदाधिकारी,
झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग

**PR 351369 School Education and Literacy(25-26).D**

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## प्रिंस खान के गुर्गे अमीर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मोटरसाईकिल और एन्ड्रोएड मोबाईल बरामद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देशानुसार धनबाद जिला के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान उर्फ छोटे सरकार व उनके गुर्गे के सदस्यों जो रंगदारी वसूली, हत्या, डकैती जैसे सघन्य अपराध करनेवाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापामारी कि जा रही है। दिनांक - 29.04.25 को पुलिस उपाधीक्षक (वि0-व्य0) धनबाद के नेतृत्व में सरायढेला थाना कांड संख्या - 101/24 के अप्राथमिकी अभियुक्त 1) अमीर सेख उर्फ सेख अमीर उर्फ गुन्जा उर्फ मोटा भाई उम्र 20 वर्ष, पिता शेख रउफ, सा0-खरखरी, थाना मधुबन, जिला धनबाद को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सरायढेला एवं सरायढेला थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सदस्यों कर्मी की गठित टीम द्वारा छापामारी कर एक अपाची मोटरसाईकिल रजि0 नं. - छ्ठ्ठ 10 ष्ट 5661 एवं ओपो कंपनी का एक एन्ड्रोएड मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस कांड में कई अभियुक्त फिरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई कि जा रही है। छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक (वि0-व्य0) धनबाद, पु0नि0 सह थाना प्रभारी सरायाढेला थाना समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## बीसीसीएल मेन्स नेशनल टेनिस टूर्नामेंट 2 से 9 मई तक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित आगामी 2 से 9 मई तक धनबाद में मेन्स नेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी धनबाद टेनिस संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी। बताया कि राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का प्रायोजक बी सी सी एल है। झारखण्ड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 8 दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी धनबाद टेनिस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है जिसमें विभिन्न राज्यों से लगभग सौ पुरुष टेनिस खिलाडी भाग लेंगे। कोल इंडिया की इकाई बीसीसीएल द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन धनबाद क्लब परिसर में होगा जिसकी तैयारी जोरों पे चल रही है। इसी क्रम में आज बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में डायरेक्टर पर्सनेल मुरली कृष्णा रमैया ने प्रतियोगिया का टी-शर्ट का अनावरण किया गया। मौके पर झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## पिंटू ने मुख्यमंत्री नीतीश को बिहार से चुनाव लड़ने का दिया आवेदन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जदयू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष सह बिहार के नवादा जिला निवासी पिंटु कुमार सिंह ने बिहार से विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को आवेदन दिया। पिंटु कुमार सिंह ने हिसुआ, नवादा तथा बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में किसी एक विधानसभा से चुनाव लड़ने का इच्छा जताया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उक्त आवेदन पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया है।

## समाज का विकास अच्छे विचारों से किया जा सकता है : सदानंद महतो

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन रंगरीटाड के तोपचांची में किया गया है। आज यज्ञ का तीसरा दिन है। यह यज्ञ स्थल का परिक्रमा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में तोपचांची,गोमो रोड,रंगरीटांड बुचाकुली,ठाकुर टोला, महतो टोला,बांवरी टोला, केवटटोला,नरकोपी,दुमदुमी,करमाटांड,दादुभगाठं, आदि गांव के लोग भारी संख्या में महिला व पुरुष पहुंच रहे हैं।इस दौरान यज्ञ समिति के द्वारा श्री कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद का वितरणी भी किया जा रहा है। यह यज्ञ 7 दिनों तक चलेगा। बच्चों,महिलाओं में काफी उत्साह है।उनके लिए झूले खाने पीने के स्टॉल तथा प्रसाद के दुकान भी यज्ञ समिति के सहयोग से लगाई गई है। वहीं संध्या 7 बजे से भागवतकथा स्वामी हंसानंद गिरी महाराज के द्वारा प्रवचन सुनाई जा रही है। इस मौके पर समाजसेवी सदानंद महतो ने कहा कि ग्रामीण महिला, पुरुष को अध्यात्म सेबबौब जुड़ने की जरूरत है। समाज का विकास अच्छे विचारों से किया जा सकता है। इस कार्यक्रम को सफल करने में पूर्व मुखिया कृष्णा मेहता,वैजयंती देवी,जितेंद्र महतो,राहुल महतो,जमुना प्रसाद महतो,सरोज महतो दिनेश महतो,विनोद प्रमाणिक,सुदीप कुमार आदि कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## एसओएफ ओलंपियाड में राजकमल के विद्यार्थियों ने 98 गोल्ड बटोरे

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन,गुड़गांव एसओएफ गणित अंग्रेजी,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान व अन्य विषयों पर ओलंपियाड का आयोजन करता है। इसी आलोक में ओलंपियाड में भाग लेने वाले राजकमल के 110 बच्चों में से 98 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इतना ही नहीं इनमें से कुछ को अंतरराष्ट्रीय रैंक भी प्राप्त हुआ है।विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के लिए यह हर्ष एवं गौरव का विषय है। ऐसे विद्यार्थियों पर विद्यालय को गर्व है। मेरा मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिनकी बुनियाद ठीक है वह सफलता के वृक्ष बनते हैं,फलते हैं और फूलते हैं। प्राचार्य मिश्रा ने इसका श्रेय विद्यालय के उन शिक्षकों को भी दिया है ।जिन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी एवं उन्हें तैयार करवाया।

## जरूरतमंद लोगों के बीच हुआ छाता वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181 ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया। क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंदों, कामकाजी महिलाओं को धूप से राहत देने के लिए छाता वितरण का निर्णय लिया गया है जो बारिश तक जारी रहेगा। क्लब का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद महिलाओं की मदद करना है बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। छाता वितरण में क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल थी।

## अक्षय तृतीया पर सेंटर पॉइंट मॉल में कायरासंस ज्वेल्स का होगा भव्य उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कायरासंस ज्वेल्स ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बैंक मोड़ स्थित सेंटर प्वाइंट मॉल, ग्राउंड फ्लोर में ज्वेलरी शॉप का उद्घाटन अक्षय तृतीया, 30 अप्रैल, बुधवार को किया जाएगा। प्रेस वार्ता में राहुल व्यास ने बताया की अक्षय तृतीया के अवसर पर कायरासंस ज्वेल्स ने राज्य में सबसे कम मेकिंग चार्ज रखा है। प्लेन गोल्ड पर 499/, डिजाइनर जड़े हुए आभूषणों पर 999/ रुपए है। वहीं हीरे और चांदी पर कोई मेकिंग चार्ज नहीं है। उन्होंने बताया कि बाजार में ग्राहकों की बदलती जरूरतों और इच्छाओं को देखते हुए बेहतर और खूबसूरत ज्वेलरी कलेक्शन शॉप में है।

## झारखंड राज्य को कॉरपोरेटीकरण करने के खिलाफ भाकपा (माले) ने निकाला प्रतिवाद मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाकपा (माले) का पूर्व घोषित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत, धनबाद जिला कमिटी की ओर से झारखंड राज्य को कॉरपोरेटीकरण (अडाणीखंड) करने के खिलाफ जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक से हीरापुर हटिया होते हुए पुनः रणधीर वर्मा चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें = झारखंड को छत्तीसगढ़ बनाना बंद करो। नक्सल के नाम पर आदिवासियों का खून बहाना बंद करो। अडाणी का यह खजाना नहीं,झारखंड का खनिज हमारा है। यहाँ की जमीन हमारी है, यहां का रोजगार हमारा है। नौकरियों पर नहीं, निजीकरण पर रोक लगाओ। लेबर कोड को रद्द करो, मोदी सरकार होश में आओ। आदि नारें लगा रहे थे।प्रतिवाद मार्च पुनःरणधीर वर्मा चौक पर पहुंचकर एक सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए पोलित ब्यूरो सदस्य कॉ. हलधर महतो ने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्शेकदम पर झारखंड को अडानीकरण करना चाहती है। यहां के जल जंगल जमीन आदिवासियों तथा झारखंडियों से छीन लेना चाहती है। इसका मुख्य उदाहरण है गोड्डा का अडानी पावर प्लांट जिसमें हजारों लोग विस्थापित हुए लेकिन नौकरी और मुआवजा नही मिला। हाल में बोकारो में विस्थापितों पर केंद्र सरकार के इशारे पर लाठियां एवं गोलियां चली। एक नौजवान विस्थापित की जान चली गई। नौकरियां नहीं मिल रही हैं और सभी सरकारी संस्थानों को निजीकरण किया जा रहा है। नक्सल के नाम पर आदिवासियों का खून बहाया जा रहा है। 44 श्रम कानूनों को हटा कर चार श्रम कोड लाया गया है। मजदूरों का हक अधिकार पर हमला किया गया है। चार श्रम कोड रद्द करने सहित 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी आम हड़ताल ऐतिहासिक होगी। केंद्र सरकार की जनविरोधी, मजदूर, किसान विरोधी नीतियों को जबाव दिया जाएगा।सभा की अध्यक्षता जिला सचिव बिंदा पासवान ने किया। कार्यक्रम में राज्य कमिटी सदस्य आनंदमयी पाल, जिला सहसचिव कार्तिक प्रसाद,सुभाष सिंह, सुभाष चटर्जी,नकुलदेव सिंह,विजय पासवान,रमेश सोरेन,जयदीप बनर्जी, विश्वजीत राय, कल्याण घोष, बी आर सिंह,वेद प्रकाश सिंह,अजय महतो,राजेश बिरुआ, शेख रहीम, जे के झा, मुन्ना खान, जुगेश ठाकुर, विश्वनाथ मंडल, मागन महतो, मनीष यादव,महेश चौहान, राजेश चौहान,आकाश चौहान, राजेश बेलदार, चंदन चौहान, अनवर मियां, शुभम पासवान,पप्पू महतो, शिवनाथ निषाद, प्रमोद कुमार, राजेश पासवान,वर्मा प्रसाद, हरेंद्र निषाद, चनेश्वर पासवान,शिवबालक पासवान, करण पासवान, बोस बाउरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बेलगड़िया में रह रहे विस्थापितों के कौशल विकास एवं आजीविका को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** दिनांक 29 अप्रैल 2025 को समाहरणालय स्थित सभागार में भारत सरकार से आई चार सदस्यीय केंद्रीय टीम ने उपायुक्त माधवी मिश्रा के साथ झरिया मास्टर पालन की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया। इस बैठक में भारत सरकार से डायरेक्टर एमओआरडी श्रीमती राजेश्वरी एसएम, डायरेक्टर एमएसएमई मिलिंद रामटेके, डायरेक्टर एमएसडीई वी.एस. अरविंद, डायरेक्टर टेक्निकल एमओसी बी. के. ठाकुर उपस्थित रहें।बैठक के दौरान जेआरडीए की ओर से पीपीटी के माध्यम से झरिया मास्टर प्लान की अद्यतन स्थिति, एलटीएच एवं नॉन एलटीएच के अलॉटमेंट एवं शिफ्टिंग की स्थिति, फेजवार शिफ्टिंग की प्रगति, निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, 2004 एवं 2019 की सर्वे की जानकारी, रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान की जानकारी दी गई। साथ ही बेलगड़िया टाउनशिप अंतर्गत बिजली, पानी, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, स्कूल, कॉलेज, कार्यरत एसएचजी महिला ग्रुप, आंगनबाड़ी सेंटर, लाइवलीहुड, स्किल डेवलपमेंट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, परिवहन सुविधा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हो रहे कार्यो से संबंधित जानकारी टीम को उपलब्ध कराई गई।भारत सरकार से आई टीम में बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे विस्थापितों के कौशल विकास एवं आजीविका को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार हेतु कौशल विकास की चल रही योजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता है। कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर टाउनशिप में रह रहे ज्यादा से ज्यादा लोग को आच्छादित करें। खास करके महिला वर्ग को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करें। आवश्यकता पड़ने पर और भी कौशल विकास केंद्र को खोले एवं अलग-अलग दो-तीन शिफ्ट में ट्रेनिंग देकर ज्यादा से ज्यादा लोग को लाभान्वित करें।उन्होंने कहा कि टाउनशिप में रह रहे विस्थापित को मूलभूत सुविधाओं समेत सड़क, परिवहन, सीवरेज ट्रीटमेंट, बेहतर बिजली व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, जलापूर्ति योजना, समाज कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित कर विस्थापित हो के हित में कार्य करें। सभी विस्थापित महिलाओं को जेएसएलपीएस के समूह से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में उन्हें प्रेरित करें। साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कर स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मुहैया करने हेतु कार्य करें।बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसन्न कौशिक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह आदि थे ।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्रीमति अनिता देवी ग्राम+पो0– बालुमाथ, थाना नं0–71, जिला–लातेहार, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज संख्या– ***JH14AEC036*** के तहत लातेहार जिला के प्रखण्ड बालूमाथ में राजगुरू से भाटचतरा पथ निर्माण(L- 3.82 KM) एवं पैकेज संख्या– ***JH14AEC039*** के तहत लातेहार जिला के प्रखण्ड बालूमाथ में झाबर से हाथडीह तक पथ निर्माण(L- 01.55 KM ) जिसका एकरारनामा संख्या– PMGSY/SBD-12/2018-19 एवं PMGSY/SBD-11B/2018-19 है। आपको निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु बार–बार पूर्व में स्मार पत्र दिया गया है। परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के पत्रांक 2307 दिनांक 09.12.2024 के द्वारा अभियंता प्रमुख आपको कारण पृच्छा नोटीस जारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 1449 दिनांक 12.12.2024, पत्रांक 1451 दिनांक 12.12.2024 एवं प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 1502 दिनांक 23.12.2024 के द्वारा निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम स्मार दिया गया था। परन्तु आपके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने में कोई रूची नहीं ली जा रही है।

अतः आपको इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार निर्देश दिया जाता है कि निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा अभियंता प्रमुख JSRRDA, रांची के निर्देश के आलोक में आपके एकरारनामा को रद्द करते हुए आपके फर्म को काली सूची में डालने की अनुशंसा विभाग को कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
लातेहार

PR 351403 Rural Development (25-26)_D

### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।
### (मनरेगा कोषांग)

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) तथा ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। ग्राम रोजगार सेवक पद के प्रारंभिक मेधा सूची के अभ्यर्थियों एवं तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पद के लिए दिनांक 28.04.2025 को आयोजित दक्षता परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन निम्नवत् तिथि एवं समय के अनुसार किया जाएगा :–

| क्र० | पद का नाम | कार्यक्रम | तिथि/समय/स्थान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | प्रमाण पत्रों का सत्यापन | **तिथि** – 02.05.2025 (Monday) **समय** – 12:00 PM – 01:00 PM **स्थान** – जिला ग्रामीण विकास शाखा, सभागार (विकास भवन) समाहरणालय, खूँटी | सभी अभ्यर्थी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड आदि) के साथ प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु उपस्थित होंगे। |
| 2 | ग्राम रोजगार सेवक **(दिनांक 28.04.2025 को प्रमाण पत्रों के सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के लिए)** | | | |

उपरोक्त के आलोक में तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) एवं ग्राम रोजगार सेवक मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन किया जाएगा जिसकी सूची खूँटी जिला के वेबसाईट **"www.khunti.nic.in"** पर अपलोड किया गया है। सभी संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
उप विकास आयुकत
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी।

PR 351335 (District) 25-26 (D)

### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**–: अति अप्लकालिन निविदा सूचना :–(2nd Call)**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक–3296/वि0 दिनांक 15.09.2014 तथा सरकार के उप सचिव, परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना सं0–परि0वि0–234/08–390 दिनांक 07.03.2024 में अन्तर्निहित व उल्लेखित प्रवधानों के अन्तर्गत जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा द्वारा क्रियांवित योजनाओं के अनुश्रवण/निरीक्षण/क्षेत्रीय कार्यो के सम्पादन हेतू वाह्य स्त्रोत से दैनिक दर पर **टाटा सूमो/बोलेरो/स्कार्पियो एवं इनोवा (वातानुकूलित)** वाहन रखने की आवश्यकता है।

इच्छुक वाहन मालिक से बंद लिफाफा में निम्न नियम एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्त :–**

1. कार्यालय के आवश्यकतानुसार वाहन को दैनिक दर पर रखा जाएगा (अधिकतम 20 दिन प्रति माह)।
2. वाहन का रख–रखाव वाहन मालिक द्वारा किया जाएगा।
3. सरकार द्वारा निर्धारित कर, शुल्क आदि का वहन वाहन मालिक द्वारा किया जाएगा।
4. वाहन मालिक को आपूतिकर्त्ता के रूप में GST निबंधन आवश्यक है।
5. वाहन का पंजीयन व्यवसायिक रूप निबंधित होना अनिवार्य है।
6. वाहन में फास्ट टैग का लगा होना आवश्यक है।
7. कार्यालय में आवश्यकता अनुरूप आपूर्त्ति की गई वाहन को रखने एवं हटाने का सर्वाअधिकार उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।
8. निम्नांकित कागजात (वित्तीय एवं तकनीकि) बंद लिफाफें में अलग–अलग होना आवश्यक है:–

**"तकनीकि बीड"**

**क). वाहन पंजीयन की प्रति।**
**ख). वाहन बीमा की प्रति।**
**ग). वाहन मालिक का पहचान पत्र (निर्वाचान पहचान पत्र/आधार/पेनकार्ड इत्यादि)।**
**घ). वाहन पर न्यायालय में किसी प्रकार का वाद अथवा थाने में FIR दर्ज नहीं होने से संबंधित 100 रू0 के स्टाँप पेपर पर शपथ पत्र मूल में।**

**"वित्तीय बीड"**

**क) वाहन का प्रतिदिन दैनिक दर।**

इच्छुक वाहन मालिक उपरांक्त नियम एवं शर्तो के साथ **दिनांक 06/05/2025 को अपराह्न 4:00 बजे** तक बंद लिफाफा में कागजात उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम से जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में **निबंधित डाक/स्पीड पोश्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।** मुहरबंद निविदा **अंतिम तिथि दिनांक 06/05/2025 को अपराह्न 4:00** बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। उपरोक्त निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा के **सूचना पट्ट** पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
कोडरमा

PR 351308 (Rural Development)25-26*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

**अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

**PR 334344 REO (24-25)#D**

पत्रांकः– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्याः–**09/RE/2024-25/RWD /EE/RANCHI**

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/RANCHI / 26/2024-25 | राजाडेरा पंचायत में महुआडीपा बी0टी0 पथ महुवा पेड़ के समीप से भावरढ़ीपा जतराटांड़ लुथर मिंज के घर के समीप भाया ठड़घटिया तक पथ निर्माण। (ल0– 4.700 कि0मी0) | 47723900.00 | चार करोड़ सतहत्तर लाख तेईस हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 18 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–**30.04.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–**08.05.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**10.05.2025** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
   विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 351373 REO(25-26).D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building of Class One Veterinary Hospital at Pithoria, Dist.-Ranchi | 1696100.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Months |
| 2 | Renovation of Main Building of Class One Veterinary Hospital at Urugutu, Dist.-Ranchi | 1506700.00 | 5000.00 | 30500.00 | 3 Months |

**नोट :– निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.351391 Building(25-26):D

### कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग।

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत बागवानी के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक (N) 77 (अनु0) दिनांक–22.01.2025 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश एवं समय–सारणी निर्धारित की गई है। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2025–26) के कार्यान्वयन हेतु हजारीबाग जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में बागवानी से संबंधित खाद् सामग्रियों का क्रय किये जाने संबंधित इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से सामग्रियों का मुहरबंद निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा का ज्ञापांक–512, दिनांक–03.03.2025 द्वारा 18.03.2025 तक एवं ज्ञापांक–687, दिनांक–24.03.2025 तक निविदा आंमत्रित की गई थी, परंतु किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नहीं किये जाने के कारण पुनः अति अल्पकालीन निविदा आंमत्रित हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

| | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | केंचुआ खाद या समतुल्य (In Kg) |
| | | गोबर खाद या FYM |
| | | नीम/करंज खली (In Kg) |
| | | बोनमील (BoneMeal) या SSP (In Kg) |
| | | Dolomite (In Kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Pesticides) | Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^ 6 -10^8 CFU/ gm) (In Kg) |
| | | Chlorothalonil 75%WP (In Kg) |
| | | Copper oxychloride (Blue Copper or equivalent) (In Kg) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (In Kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (In Liter) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (In Liter) |
| | | दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC, Biflex TC or equivalent ) (In Liter) |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | सूक्ष्म–पोषक तत्त्व (Totocare/ Agromin or Equivalent) |
| | | यूरिया (Urea) (In Kg) |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) (In Kg) |
| | | SSP (In Kg) |
| | | MoP (पोटाश) (In Kg) |
| 5 | एंटी बैक्टीरियल (जीवाणु रोधक) | Streptomycin Sulphate 90% W/W (In Kg) |
| 6 | पॉलिथीन (Polythene) | जलकुंड हेतु पॉलीथीन 250u (micron) का UV resistant Polythene |

नोटः–

1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 09–05–2025 के पूर्वाहन्/अपराहन्......01:00...बजे तक जिला ग्रामीण विकास शाखा, हजारीबाग में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
3. प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को दिनांक 09–05–2025 के पूर्वाहन्/अपराहन्....03:00...बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रुप से उपस्थित होंगे।

उप विकास आयुक्त–सह–,
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक हजारीबाग।

PR 351320 Rural Development(25-26)D

# सांसद सुखदेव भगत ने दिशा की बैठक में दिये कड़े निर्देश, कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

## योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें, कड़ाक में बनने वाले टॉल प्लाजा को स्थगित रखें : सांसद सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में आज मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करते हुए कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में सभी विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। सांसद ने कहा कि योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक के क्रम में माननीय सांसद द्वारा एन एच आई विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले के कड़ाक में बनने वाले टोल प्लाजा के कार्य को स्थगित कर नियमा अनुसार कार्रवाई करें साथ ही एन एच आई द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि की मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए। सांसद द्वारा कुडू से घाघरा तक बनने वाले रोड को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मामला आया की शाही घाट से मान्हेपाठ तक का सड़क निर्माणाधीन कार्य विगत दो वर्षों से बंद है सांसद महोदय ने इसे अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। केरार से गोताग में बन रहे रोड में अनियमितता पर सांसद महोदय ने जिला प्रशासन को टीम बनाकर अविलंब जांच कर उचित कारवाई करने का निर्देश दिया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह बाल्मीकि नगर को विकसित करने व उनकी भूमि बंदोबस्ती के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। सांसद महोदय द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश दिया गया की अरेया में बंद हर घर नल जल योजना को जल्द से जल्द चालू करें साथ ही सेन्हा प्रखंड के बदला में भी जलापूर्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही सांसद श्री भगत द्वारा हिंडाल्को के रोपवे में प्रभावित भूमि के कुछ मामलों को भी जल्द से जल्द निबटाने का निर्देश दिया। खेल विभाग को निर्देश दिया गया कि जिले के जलाशयों में बोट चलाने के लिए उचित एवं अग्रेतर कार्रवाई करें साथ ही खरता नदी में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेलाटांड़ को विकसित करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जाए। खेल विभाग को ग्राम रोचो में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग को रख रखाव के अभाव में बंद लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द चालू करने का निर्देश दिया गया। हुसरू से हतवन, हतवन से पिपरावन मुरकी तक निर्माणाधीन पथ को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए वह बैंकों में आवश्यक पेयजल की व्यवस्था करायें। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद के निजी सचिव आलोक साहु, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, समेत दिशा के सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## अक्षय तृतीया को लेकर आभूषणों की दुकानें सज धज कर तैयार, आज के दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अक्षय तृतीया को लेकर गहनों की खरीदारी को लेकर तथा बढ़ते भाव के बावजूद भी खरीदारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। साथ ही साथ शादी विवाह आदि मांगलिक अवसरों को देखते हुए भी आभूषणों की खरीदारी हेतु अक्षय तृतीया से पूर्व प्री बुकिंग भी लोग करा रहे हैं। सर्राफा व्यवसायी संजय बर्मन कहते हैं कि दोनों धातुओं के मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि के बावजूद भी आभूषण खरीदने के लिए लोग उत्साहित है जो लोहरदगा के समृद्धि को दर्शाता है तथा यह जिले के लिए शुभ संकेत है साथ ही साथ अब लोगों का रुझान हीरे की तरफ भी अच्छी खासी है। उन्होंने कहा कि आज 30 अप्रैल दिन बुधवार अक्षय तृतीया का दिन है, अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। यह दिन संकल्प, दान, जप, तप और शुभ कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किए गए कार्यों का फल चिरस्थायी होता है। यही कारण है कि लोग इस दिन स्वर्ण, भूमि, वाहन, और अन्य स्थायी वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, पांडवों को श्रीकृष्ण द्वारा अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी और यही तिथि त्रेता युग के प्रारंभ की मानी जाती है। अक्षय तृतीया जिसे आखा तीज भी कहा जाता है इसे अबूझ मुहूर्त कहा गया है जहाँ किसी भी शुभ कार्य के लिए विशेष समय की आवश्यकता नहीं होती। यह दिन विशेष रूप से सोने की खरीदारी, दान, यज्ञ और अन्य धार्मिक कार्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है इस दिन किए गए कार्यों का पुण्य अक्षय रहता है। एक पूर्व अनुमान के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 15/20 परसेंट खरीदारी ज्यादा हो सकती है।

## शिक्षकों का पांच दिवसीय आकलन परीक्षा हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** टीचर्स नीड असेसमेंट के तहत आयोजित शिक्षक शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय आकलन परीक्षा मंगलवार को सम्पन्न हुआ। झारखण्ड राज्य शिक्षा परियोजना के अंतर्गत के 24 अप्रैल से टीचर्स नीड असेसमेंट की शुरुआत हुई थी। जिस निमित सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में टीचर्स नीड असेसमेंट के तहत शिक्षक शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं का आकलन परीक्षा ऑनलाइन लिया गया। आयोजित आकलन परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 238 शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिये वही शिक्षक शिक्षिकाओं का कहना है कि टीएनए से न केवल उनकी व्यक्तिगत दक्षताओं में वृद्धि होगी बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि होगा। जिसे छात्र छात्रओं को सीखाने के अनुभव में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेगा साथ ही कहा कि यह आकलन शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकताओं को समझने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगा। वही सेंटा एप के माध्यम द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से ऑनलाइन 100 प्रश्न का असेसमेंट आकलन परीक्षा लिया गया। जिसमें असेसमेंट आकलन परीक्षा के लिए तीन घंटे का समय दिया गया था। असेसमेंट आकलन परीक्षा मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के नेतृत्व में किया गया था। तथा वहीं सेंटा एप्लीकेशन में शिक्षकों की समस्याओं को समाधान करने में बीआरपी अंबिका शरण पाण्डेय,एम आई एस पंकज कुमार सिंह सिनी टाटा ट्रस्ट के उदित कुमार द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। आकलन परीक्षक में मनीष कुमार अग्रवाल, अभिषेक गौरव, बैजन्ती मिंज, महमूद आलम कृपा कुजूर समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नृत्य एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली कला है जो सदियों से मानव संस्कृति का हिस्सा रही है। यह सिर्फ़ संगीत पर थिरकने के बारे में नहीं है; यह भावनाओं को व्यक्त करने, कहानियाँ सुनाने और दूसरों से जुड़ने का एक तरीका है। विद्यार्थी इस प्राचीन कला से भली-भांति परिचित हो सके इस हेतु कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के मध्य एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आरती कुमारी ने मंच संचालन किया। इस प्रतियोगिता में



आरोही तमेरा, अंजली कुमारी, आर्या सिंह, हर्षिता कुमारी, मरियम परवीन, शिवांगी साक्षी, रोजलीना कुजूर, निर्भया सिंह, सृष्टि भगत, विद्या कुमारी व साक्षी कुमारी प्रतिभागी बने जिसमें आर्या सिंह व विद्या कुमारी ने प्रथम, सृष्टि भगत ने द्वितीय तथा साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में रोजर बिनी सिन्हा व श्रवण कुमार पाठक निर्णायक बने। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों की कला व मेहनत की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इनके अतिरिक्त प्रमित कुमार, रुचिर मृगेंद्र, सी एल महतो व पूनम सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## वेदी पूजन के पश्चात भक्तों ने कराया हनुमानजी का नगर भ्रमण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकागुड़ी ग्राम में कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार को धार्मिक उल्लास के साथ सनातनी श्रद्धालुओ के सहयोग से प्रारम्भ हुआ। नव निर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडु पंचायत अन्तर्गत हनुमान नगर एकागुड़ी में आयोजित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले दिन 101 कन्या और 100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन मंगलवार को वेदी पूजन के पश्चात भक्तों द्वारा हनुमानजी का नगर भ्रमण कराया गया। वही नगर भ्रमण कार्यक्रम में आचार्य अरविन्द पाठक,पंकज पाठक और संजीत पाठक के नेतृत्व में जय श्री राम, जय बजरंगबली का उद्घोष करते हुए गाजे बाजे के साथ नाचते थिरकते हुए सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे तथा नौजवान भक्त गण शामिल हुए। वही हनुमानजी का नगर भ्रमण कराने से पूर्व आचार्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि विधान के साथ विधिपूर्वक पंचांग पूजन कराकर भगवान महावीर जी का अधिवास कराने के उपरान्त वेदी पूजन करा कर हनुमानजी को स्थापित करने के लिये नगर भ्रमण कराया गया। समिति के सचिव जयचंद्र ठाकुर व सतीश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों का सहयोग और भक्तों का समर्पण से मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिसका प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार से प्रारम्भ हो गया है। जिस निमित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को वेदी पूजन के साथ भगवान बजरंगबली का नगर भ्रमण होगा और बुधवार को प्राणप्रतिष्ठा के उपरान्त हवन आरती एवं भव्य भंडरा के साथ तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न होगा। नगर भ्रमण के मौके पर अध्यक्ष श्यामकिशोर साहु, सह सचिव अखिलेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष ईश्वर साहु, कार्यकारणी सदस्य शिवशंकर साहु, निरातम सिंह, नारायण ठाकुर, सरोज उरांव, राजू केशरी, ठकरू उराँव, राजू उराँव, विजय साहू, सुरेश साहू, राजा साहू, सोनू साहू, रोहित यादव समेत अन्य सैकडों महिला पुरुष बच्चे बच्चियां और नवजवान भक्तजन शामिल थे।

## विद्या मंदिर स्कूल की शिक्षिका सुनीता देवी ने 1 यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखण्ड के गढ़गांव चंदवा निवासी रविन्द्र उरांव की पत्नी सरस्वती देवी मिशन हॉस्पिटल में इलाजरत डॉ0 ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से सम्पर्क किया समिति के तत्काल पहल पर विद्या मंदिर स्कूल की शिक्षिका सुनीता देवी ने 1 यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ रात हो या दिन जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों की सेवा में लगी रहती है जय श्रीराम के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा ही है जो 19 वर्षों से निस्वार्थ भाव से लोहरदगा जिला समेत झारखंड एवं अन्य राज्यों के लोगों को सेवा दे रही है डोनर सुनीता देवी ने कहा मैं एक महिला हूं और महिला होकर किसी की जान बचाने का सौभाग्य प्राप्त हुई द्य ऐसी खुशी कहां मिलेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदीप साहू, रविंद्र उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने शुरु की जनता से सीधे संवाद की नई पहल

# शहर के सांयपुर से शुरु से हुआ आपका विधायक आपके साथ कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को शहर के सांयपुर से जनता से सीधे संवाद की नई पहल आपका विधायक आपके साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से विधायक अब सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जनता ही जनप्रतिनिधि की असली ताकत होती है। हमारा कर्तव्य है कि हम जनता के बीच जाकर उनकी बातें सुनें। उनकी जरूरतों को समझें और जिम्मेदारी से उसका समाधान करें। आपका विधायक आपके साथ सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की एक सोंच है। उन्होंने कहा कि यह पहल हर गांव और हर पंचायत तक पहुंचेगी। विधायक ने कहा कि हम सिर्फ चुनाव के समय ही जनता से मिलने नहीं आएंगे,



बल्कि हर समय उनके साथ खड़े रहेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसे हर मुद्दे पर जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुँचाना और उस पर कार्रवाई कराना मेरी प्राथमिकता है। भूषण बाड़ा ने कहा कि वे अलग-अलग पंचायतों में इस कार्यक्रम को चलाएंगे और जनता से सीधे संवाद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है। मौके पर ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, राशन वितरण, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा। विधायक ने समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। **जनसेवा की मिसाल है विधायक भूषण बाड़ा की पहल : जोसिमा खाखा :** मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा का यह पहल ग्रामीणों के लिए बहुत लाभकारी साबित होगी। अब उन्हें अपनी समस्याएं लेकर दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विधायक स्वयं उनके बीच आकर समस्या सुनेंगे और मदद करेंगे। ये जनसेवा की असली मिसाल है। जोसिमा खाखा ने कहा कि विकास की असली शुरुआत तभी होगी जब संवाद होगा। एक-एक पंचायत में जाकर जनता से सीधा संवाद करने का विधायक ने जो संकल्प लिया है वह सराहनीय है। इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा और सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा लोगों तक पहुँचेगा। कार्यक्रम में तेली समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, नगर विधायक प्रतिनिधि सलमान खान, तनवीर अहमद, संजय तिर्की, संगीता देवी, राजकुमार कोइराला, मंजू देवी, लीला नाग, विवेक कुमार साहू, तिलक साहू, धनजन्य साहू, सुनील कुमार, बजरंग कुमार साहू, भीम कुमार, सुखदेश्वर साहू, अभय मिश्रा, अनिल कुमार, अनुज कुमार, ज्योति सोरेंग, जेम्स सोरेंग, जेवियर बरवा, संदीप सोरेंग, संदीप तिर्की, सितम तिर्की, प्रफुल सोरेंग, सुधीर बरवा, दुलारी सोरेंग, तागरेन कुल्लू, नीरव तिर्की, अनीता सोरेंग आदि भारी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।

## रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के भक्सो अरकोसा रेलवे पटरी के बीच एक युवक का शव पाया गया है। वही जानकारी अनुसार लोगो ने बताया की यह शव सोमवार को सुबह ही रेलवे लाइन में देखा गया घटना कैसे हुई इसकी जानकारी ग्रामीण नही दे पा रहे है। युवक के सिर पर चोट के निशान पाए गए इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी। हालांकि इसके बाद मामले की छानबीन करते हुए पुलिस मृतक व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हुई हैं।

## राजस्व संग्रहण को लेकर उपायुक्त सिमडेगा ने की समीक्षात्मक बैठक दिये आवश्यक निर्देश



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान उत्पाद, जिला परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, निलाम पत्र, मत्स्य विभाग, राज्य कर आयुक्त गुमला -सह- सिमडेगा, नगर परिषद्, खनन विभाग, जिला खनन विभाग सहित भू-लगान, दाखिल-खारिज, सुमो मोटेशन, परिशोधन पोर्टल, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने परिशोधन पोर्टल के तहत प्राप्त ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन सुनिश्चित करें। बिना कारण किसी भी मामले का रिजेक्शन नहीं करेंगे। अंचलवार लगान सेंस की मांग एवं वसूली शत् प्रतिशत पूर्ण करने हेतु जलडेगा एवं ठेठईटांगर अंचलाधिकारी को निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी सहित विभिन्न अंचलाधिकारी के न्यायालयों में लंबित मामले का भी समय से निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जन शिकायत केन्द्र/ अंचल/ जनता दरबार/ सरकार एवं अपर सचिव के यहां से प्राप्त जमीन विवाद, अवैध कब्जा एवं अन्य संबंधी मामले से संबंधित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निराकरण कर सूचित करेंगे। भूमि सीमांकन से संबंधित मामले को प्रायोरिटी से निष्पादन करें क्योंकि भूमि सीमांकन से ही जमीन विवाद का मामला ज्यादा उत्पन्न होते हैं। राजस्व संग्रहण की समीक्षा करें क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को इंडिविजुअल होल्डिंग टैक्स एवं दुकान किराए का रि एसेसमेंट कर लंबित मामले में नोटिस करते हुए राजस्व की वसूली करने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने सभी पदाधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए वृद्धि दर एवं लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, मत्स्य पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी, सभी सीआई, हल्का कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

**वक्फ कानून 2025 के जरिए मुसलमानों की जमीन छीनने और दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की साजिश : अब्दुल रउफ अंसारी**

# आज रात्रि 9 बजे से 9:15 बजे तक अपने अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों में बत्ती गुल कर वक्फ कानून का विरोध प्रदर्शन को मजबूती प्रदान करें




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस में वक्फ कानून 2025 के विरोध में आगामी 30 अप्रैल के ब्लैक आउट कार्यक्रम किया जाना है। जिसके मद्देनजर 30 अप्रैल को रात्रि 9:00 बजे रात्रि 9:15 बजे तक अपने अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों में बत्ती गुल कर वक्फ कानून के विरोध प्रदर्शन को मजबूती प्रदान करें। अंजुमन इस्लामिया के नेताओं ने मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ सभी समुदायों से भी अनुरोध किया है कि 30 अप्रैल को रात्रि 9:00 बजे रात्रि 9:15 बजे तक अपने अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों में बत्ती बुझा कर हमारे शांति पूर्ण प्रोटेस्ट में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि वक्फ कानून 2025 के जरिए न सिर्फ मुसलमानों की जमीन छीनने, बल्कि मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या के खिलाफ विगत 25 अप्रैल को बाद नमाज जुमा मानव श्रृंखला बनाने के कार्यक्रम को रद्द किया गया था। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया ने पहलगाम आतंकी हमले को कायराना हरकत बताते हुए इसके विरोध में 27 अप्रैल की शाम विरोध मार्च निकाल कर आतंकवाद का पुतला दहन भी किया गया,जो काफी कामयाब रहा। उक्त कार्यक्रम को भी सफल करने में सहयोग करने वाले अंजुमन इस्लामिया के सभी मेम्बरान और आवाम का भी आभार व्यक्त करते हैं।

## पहलगाम हमला के खिलाफ कैरो पूर्ण रूप से बंद, पाक पीएम और आर्मी चीफ का फूका पुतला, राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो पहलगाम हमला के खिलाप ग्रामीणों द्वारा आहूत की गई बंद सफल रहा। कैरो, उतका, नयाटोली के सभी ग्रामीण, व्यवसायी, सोमवार को सुबह से ही अपना प्रतिष्ठान बंद रखा। सर्वधर्म एकता का परिचय देते हुए सभी लोग आक्रोश रैली में शामिल हुए। कैरो लव कुश पेट्रोल पंप के पास से सभी समुदाय के सैकड़ो लोग रैली में शामिल होकर हाथों में तख्ती लेकर पाकिस्तन मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद,पीड़ितों को न्याय दो, भारत माता की जय, पाकिस्तान सरकार हाय हाय, आतंकवादियों को फांसी दो, आदि नारे लगाते हुए, प्रखंड कार्यालय पंहुचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। इसके उपरांत कैरो मेन रोड में सामूहिक रूप पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवम पाक आर्मी चीफ द्वका पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा



अब समय आ गया है पाकिस्तान को सबक सिखाने का, हम भारत के सभी धर्म के लोग एकजुटता के साथ भारत सरकार के साथ हैं, निर्दोष टूरिस्टों की हत्या का बदला अवश्य लेनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं, भारत सरकार पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर न छोड़े, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो। इस मौके पर शरत कुमार विद्यार्थी, सूरज मोहन साहू, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेंद्र महतो, लखन उरांव, विवेक प्रजापति, गंगा प्रसाद, बुधवा उरांव, विपिन सिंह, समीद अंसारी, आनन्द प्रसाद, नईम अंसारी, अकबर खान, राम पवित्र सोनी, राजेश सोनी, विनोद राम, मुस्लिम अंसारी, बाबुलाल उरांव, बजरंग प्रसाद, अंकित सोनी, अंकित कुमार, शैलेश कुमार, अंतोष कुमार, दिनेश साहू आदि लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के निमित प्रखंड प्रशासन ने किशोर उरांव, पंचायत सचिव पवन कुमार दंडाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्त थे वही कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल बंद के दौरान ड्यूटी में मुस्तैद थे।

## चलते चलते एक नजर

### गद्दी समुदाय की समस्याओं का निकाला जाएगा हल : मनोज कुमार

**धर्मशाला :** वूल फेडरेशन के नव नियुक्ति अध्यक्ष मनोज कुमार ने उन्हें प्रदेश के भेड़ पालकों के संरक्षण का जिम्मा देने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू सहित पूरे कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। मनोज कुमार ने कहा कि गद्दी समुदाय के लोग पूर्व में हजारों, लाखों की तादाद में भेड़ बकरियां पालते थे लेकिन अब कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनका अब सरकार के सहयोग से हल निकाला जाएगा।मंगलवार को धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय का भेड़ पालन व्यवसाय उनकी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिला कांगड़ा में कांग्रेस के इतिहास में पहली बार गद्दी समुदाय के किसी व्यक्ति को अधिमान दिया गया है जिसके लिए मुख्यमंत्री के आभारी हैं।उन्होंने कहा कि वह जल्द ही भेड़ पालकों की समस्याओं को जान कर उनका समाधान करेंगे। इसके लिए पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने आह्वान किया है कि भेड़ पालक व्यवसाय को न छोड़ें। उनके कारोबार को बढ़ाया जाएगा। उनका समर्थन मूल्य भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। आने वाले समय में इसे बढ़ाने सहित ऊन के कच्चे उत्पादों को बेचने के बजाए ऊन से उत्पाद तैयार कर बाजार में लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भेड़ पालकों की चरागाह खत्म होने के कगार पर हैं। भेड़ बकरियों की चोरों द्वारा बड़े स्तर पर चोरियां की जा रही हैं। लेकिन ऐसे मामलों में पशुपालकों को सुरक्षा प्रदान की जाए इसके लिए उपायुक्त कांगड़ा से भी बात की गई है।मनोज कुमार ने कहा कि गद्दी समुदाय की उन उपजातियों जिनके साथ अभी तक गद्दी नाम नहीं जुड़ पाया है उसके लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। ऊन का समर्थन मूल्य को बढ़ाया जाएगा। ऊन के प्रोडक्ट तैयार किए जाएंगे। पशु औषधालयों में ही नहीं बल्कि दवाइयां भेड़ पालकों को उनके डेरों में मुहैया करवाई जाएंगी।

### संसद सुरक्षा चूक मामले में 7 मई को सुनवाई करेगा दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट संसद सुरक्षा चूक की आरोपित नीलम आजाद की जमानत याचिका पर 7 मई को सुनवाई करेगा।नीलम आजाद ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी है।जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच के समक्ष आज दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस मामले में एएसजी दलीलें रखने वाले हैं, लेकिन वे आज उपलब्ध नहीं है, जिसके बाद कोर्ट ने 7 मई को जमानत याचिका पर सुनवाई करने का आदेश दिया। पटियाला हाउस कोर्ट ने 13 सितंबर, 2024 को नीलम आजाद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने 24 दिसंबर, 2024 और 28 अप्रैल को इस मामले के एक और आरोपित मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने 22 नवंबर, 2024 को सह आरोपित महेश कुमावत की जमानत याचिका खारिज की थी।दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि आरोपित, संसद भवन को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करना चाहते थे।

# सांसद वीडी राम ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कसवाखांड के ग्राम तीसीबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पीएम जनमन योजना के तहत तीसीबार पुल से चेतमा पुलिस पिकेट तक लगभग 8 किलोमीटर सड़क (7 करोड़ करोड़ 68 लाख रूपये) की लागत से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।उक्त सड़क के निर्माण से यहां की जनता को आवागमन सुगम होगी। पलामू जिला अंतर्गत आदिम जनजाति बाहुल्य गांव में पीएम जनमन योजना के तहत 39 सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही आदिम जनजाति बाहुल्य गांव बुका में बच्चों के बीच पठन पाठन की सामग्री एवं बिस्कुट काफी बच्चों को दिया।इस अवसर पर युवा



नेता श्री प्रशांत किशोर, पाटन प्रखंड प्रमुख श्रीमती शोभा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री अमित कुमार झा, अंचलाधिकारी श्री राकेश श्रीवास्तव, सांसद के निजी सचिव श्री अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि एवं किशुनपुर मुखिया श्रीमती सुमन गुप्ता, वरिष्ठ नेता श्री ईश्वरी पाण्डेय, मुखिया श्री अखिलेश पासवान, श्री हरेंद्र सिंह, श्री राजकमल तिवारी सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## डिप्टी सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

एजेंसी

**जयपुर :** उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,(स्वास्थ्य) जयपुर द्वितीय डॉ. डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने उप जिला अस्पताल दूदू समेत जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने हीटवेव संबंधित तैयारियों का जायजा लेकर चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संस्थान में आने वाले रोगियों को उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों संबंधी पुख्ता व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए।

उन्होंने हीट वेव से सम्बंधित समस्त आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया जाकर कूलर, पंखे,



शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट, ओआरएस एवं साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने वार्डों के निरीक्षण के दौरान वहां भर्ती मरीजों से बात कर मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में बात की।

उन्होंने डीडीसी स्टोर का निरीक्षण किया और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता संबंधी निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में एनसीडी और एनटीसीपी कार्यक्रमों की समीक्षा की।

## बडगाम में सीआरपीएफ वाहन के खाई में गिरने से दस सुरक्षाकर्मी घायल

एजेंसी

**बडगाम :** मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के दूधपथरी इलाके में तंगनार के पास सीआरपीएफ का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया जिससे कम से कम दस सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।सीआरपीएफ की 181 बटालियन का यह वाहन बीरवाह के हरदु पंजू में विशेष अभियान समूह (एसओजी) शिविर में तैनात कर्मियों को ले जा रहा था।यह दुर्घटना उस समय हुई जब वाहन तंगनार के पहाड़ी इलाके से गुजर रहा था। कथित तौर पर यह ढलान से नीचे लुढ़कने से पहले पलट गया, जिससे कई लोग घायल हो गए।स्थानीय लोगों और आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों



को निकाला और उन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए खानसाहिब के उप-जिला अस्पताल (एसडीएच) में भर्ती कराया।चोटों की प्रकृति के कारण, सभी दस कर्मियों को बाद में आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल होने वालों में सीआरपीएफ कांस्टेबल श्याम बालाजी, विजय शंकर, अक्षय भागवत, जयकेंद्र, प्रकाश जमातिया, विकास बर्मन और राजीव शामिल हैं जो 35वीं, 43वीं, 25वीं और 181वीं सहित विभिन्न बटालियनों का प्रतिनिधित्व करते हैं।75वीं बटालियन के ड्राइवर राम गोपाल के साथ-साथ एसपीओ फिरोज अहमद और जाविद अहमद भी घायल हुए हैं।पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

## भगवान परशुराम जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

एजेंसी

**शिमला :** भगवान विष्णु के छठवें अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर मंगलवार को हिमाचल ब्राह्मण सभा द्वारा शिमला के मिडल बाजार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिमला शहरी क्षेत्र के विधायक हरीश जनार्था मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि महापौर सुरेंद्र चौहान ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।विधायक जनार्था ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हिमाचल ब्राह्मण सभा को बधाई दी।कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक हरीश जनार्था ने कहा कि



शिमला पर्यटन सीजन के लिए पूरी तरह तैयार है। शहर में आने वाले पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। जनार्था ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल व विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है तो टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि शिमला आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है और पर्यटकों के स्वागत हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं।कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, ब्राह्मण समाज के सदस्यों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। धार्मिक भजन, मंत्रोच्चारण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आरपीआई ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**लखनऊ :** पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांधी प्रतिमा, हजरतगंज में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरपीआई पदाधिकारियों ने भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन की मांग की एवं इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।आरपीआई प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के निर्देश पर आरपीआई लखनऊ महानगर एवं महिला मोर्चा ने कसमंडा स्थित प्रदेश कार्यालय से लेकर गांधी प्रतिमा तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।प्रदेश उपाध्यक्ष एलबी यादव ने कहा कि ये हमला पूरे भारत की शांति एवं एकता



को चुनौती देने वाला कृत्य है। ऐसे आतंकी हमलों के पीछे छिपे आतंकी संगठनों और उनका समर्थन करने वालों को कठोर संदेश देना समय की मांग है। हम भारत सरकार से माँग करते हैं कि इस बार आतंकियों और उनको संरक्षण देने वालों के ख़िलाफ़ ऐसी कार्यवाही हो कि आतंकवाद हमेशा के लिए कभी अपना फन न उठा सके।महिला मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शानू मल्ल कौशल ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला हमारे देश की संप्रभुता और शांति के ख़िलाफ़ किया गया निंदनीय कृत्य है। इस हमले के ख़िलाफ़ आज पूरा देश एकजुट है। सरकार आतंकवादियों और इनको संरक्षण देने वालों के ख़िलाफ़ कभी न भूलने वाली कार्यवाही करे।विरोध प्रदर्शन के दौरान लखनऊ मंडल प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ सरोज पांडे, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आरके गौतम, महिला प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष नसीमा कुरैशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लखनऊ महानगर हिमांशु जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चांदनी कपूर, प्रदेश महामंत्री सुमन जायसवाल, प्रदेश मंत्री राजेश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जागरूकता से ही बाल विवाह पर रोकथाम संभव : ज्योति सिन्हा

**नवादा :** जिले के नरहट बाल विकास परियोजना के सौजन्य से मंगलवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर बाल विवाह जैसे सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लिया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा ने आयोजित कई कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता से ही बाल विवाह का खात्मा संभव है। उन्होंने ग्रामीण गोष्ठियों में उपस्थित महिलाओं को कहा कि बेटियों को बेहतर तरीके से पढ़ाया जय।अब उसके हाथ में कलम दें। ताकि उसे हर कीमत पर उसे आत्मनिर्भरता का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि बाल विवाह समाज की सबसे बड़ी बुराई है। जिस पर निजात पाने से ही समाज का चौमुखी विकास होगा ।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को भी मन से पढ़ाई कर बेहतर इंसान बनने के की नसीहत दी।

## बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराएं निजी स्कूल : डीएम


एजेंसी

**मुरादाबाद :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निजी स्कूल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत अपने विद्यालयों में आवंटित हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को दाखिला देने में आनाकानी कर रहे हैं। जिसकी शिकायतें जिलाधिकारी के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक पहुंच रहीं हैं। जिलाधिकारी ने जिले के सभी निजी स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि आरटीई के तहत चारों लॉटरी में आवंटित सभी 5712 बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए। आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश न देने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। नए शैक्षिक सत्र में मुरादाबाद में लगभग 1,100 स्कूलों में 12,000 सीटों पर आवेदन मांगे गए थे। चार चरणों के बाद करीब पांच हजार विद्यार्थियों को सीट आवंटित की



गई थी। अप्रैल की शुरुआत से ही स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया की जा रही है। इसके बावजूद स्कूल विद्यार्थियों को दाखिला देने में आनाकानी कर रहे हैं। छात्र का नाम प्रवेश सूची में न होने, छात्र का प्रवेश न लेने, छात्र के प्रवेश के लिए विभाग से कोई पत्र प्राप्त न होने और छात्र का वार्ड और विद्यालय का वार्ड एक न होने और आय का बहाना बनाकर दाखिला टाल रहे हैं। इसको लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 25 स्कूलों को नोटिस जारी किए थे। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारियों को भी दाखिला सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी स्कूलों की मनमानी नहीं रुक रही है। अब डीएम ने ऐसे सभी स्कूलों को पत्र जारी किया है।जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंगलवार को बताया कि मेरे पास शिकायतें आई हैं कि कुछ विद्यालयों द्वारा अप्रासंगिक कारणों को आधार बनाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को आरटीई के तहत दाखिला देने से वंचित किया जा रहा है। मैंने निजी स्कूलों को पत्र जारी करके चारों लॉटरी में आवंटित सभी 5712 बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाने के लिए कहा है।

# युवती को ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा दे ठगे साढे आठ लाख




एजेंसी

**गुरुग्राम :** यहां एक युवती को ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 8.83 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने युवती को वाट्सऐप ग्रुप व वेबसाइट के माध्यम से बड़ा मुनाफा होने का प्रलोभन दिया। ठगों ने युवती के माता-पिता के बैंक खाते भी खाली कर डाले। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि ठगी की शिकायत पर जांच की जा रही है।जानकारी के अनुसार सेक्टर-31 की रहने वाली आशिमा गर्ग एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। इसी साल फरवरी में उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर उसने क्लिक किया तो उसे एक वाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। उस ग्रुप में 145 सदस्य पहले से जुड़े थे।

ग्रुप में रोजाना स्टॉक ट्रेडिंग और ब्लॉक ट्रेडिंग के माध्यम से भारी मुनाफा कमाने की बातें कही जा रही थी। युवती ने शिकायत देकर कहा कि ठगों ने एक लिंक से उसे एडवांस ब्रोकर अकाउंट खोलने को कहा। आशिमा ने इस लिंक के माध्यम से अकाउंट बनाया और ट्रेडिंग शुरू की। उसे इस काम पर विश्वास तब हुआ, जब अन्य सदस्य मुनाफा होने के मैसेज वाले स्क्रीन शॉट डालते थे। 24 मार्च 2025 को उन्होंने आईडीएफसी बैंक के खाते में 50 हजार रुपए ट्रांसफर किए। ठगों ने कहा कि यह खाता भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मान्यता प्राप्त है और जमा राशि तुरंत उनके ब्रोकर अकाउंट में दिखेगी। आशिमा के खाते में राशि जमा दिख रही थी। पोर्टल पर प्रॉफिट भी नजर आ रहा था। 24 मार्च से 4 अप्रैल 2025 के बीच ठगों ने आशिमा के बैंक खाते से 8.83 लाख रुपये बारी-बारी ट्रांसफर किए।आशिमा ने कहा कि जब उसके पास पैसे खत्म हो गए तो ठगों ने उनसे उनके माता-पिता और उसके पति के खातों से भी पैसे ट्रांसफर करवाए। जब आशिमा ने पोर्टल से पैसे निकालने की कोशिश की तो ठगों ने और पैसे जमा करने की बात कही। इस दौरान उसे पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई है। आशिमा ने साइबर थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश होगा मजबूत धर्मेंद्र राय

**वाराणसी :** भाजपा नेता और विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था न केवल संसाधनों की बचत करेगी, बल्कि देश को सशक्त और विकसित बनाने में भी सहायक होगी।एमएलसी मंगलवार को राजातालाब के भैरव तालाब स्थित. राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज के लोकबंधु सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। एक राष्ट्र-एक चुनाव विषयक गोष्ठी में धर्मेंद्र राय ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सरकार पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है। उन्होंने कहा कि यदि देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं, तो इससे समय, धन और मानव संसाधनों की व्यापक बचत होगी।छात्रों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्होंने अपील की कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर छोटी-छोटी सभाएं आयोजित कर इस विचार को जन-जन तक पहुंचाएं।

# मुख्यमंत्री ने यूपीएससी में उत्तीर्ण हरियाणा के अभ्यार्थियों को किया सम्मानित

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हरियाणा के 64 अभ्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे।मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने निवास संत कबीर कुटीर में आयोजित सिविल सेवा परीक्ष 2024 के नवचयनित हरियाणा के होनहार अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में



पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव को मजबूत करने के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा के युवा नौकरी पाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, परंतु वर्ष 2014 के बाद प्रदेश सरकार ने मिशन मेरिट व बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने के सिस्टम को लागू किया है। उसके बाद युवा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग लेकर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1 लाख 75 हजार युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के छोटे से छोटे गांवों में भी 5-6 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बड़े गांवों में तो यह संख्या 350-400 हैं। मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले हमने 26 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर देकर चुनाव के दौरान नौकरी देने का युवाओं से किया अपना वादा पूरा किया। उन्होंने कहा कि आप भी दृढ़निश्चय, कड़ी मेहनत और सच्ची लगन की बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इसके लिए मैं आप सभी को और आपके अभिभावकों को शुभकामनाएं देता हूं।इस मौके पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अभ्यर्थियों से महाभारत ग्रंथ के हर अध्याय से सीख लेने का आह्वान किया।